


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले भारत के ...

जेलेंस्की का आरोप, चीन और रूस पैदा कर रहे वैश्विक शांति ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 54 | नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### पुलवामा में आतंकवादियों और पुलिस के बीच गोलीबारी

श्रीनगर।जम्मूएवं कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ निहामा इलाके में उस समय शुरू हुई जब संयुक्त बल आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रहे थे। पुलिस ने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्लजिला पुलवामा के निहामा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा के सिकंदरा क्षेत्र में सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के नागलोई में लक्ष्मी पार्क के रहने वाले नीलेश कुमार पाल पत्नी सुधा और चार बच्चों के साथ आटो रिक्शा से अपनी ससुराल मैनपुरी जा रहे थे। तड़के करीब साढ़े चार बजे सिकंदरा क्षेत्र के अरसैना के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने आटो को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने ऑटो रिक्शा से घायलों को बाहर निकाला मगर तब तक नीलेश, उनके पुत्र हर्ष और पुत्री गुरप्रीत की मृत्यु हो चुकी थी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद ऑटो रिक्शा सवार पिता और बेटी-बेटा छिटक कर सड़क पर गिरे। उनका सिर फट गया था।

### पलटी तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश के सतना जिले में नेशनल हाईवे पर रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि हादसा रीवा-सतना के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। यहां मनकहरी ओवर ब्रिज पर रविवार की रात करीब नौ बजे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

**मतगणना से पहले चुनाव आयोग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, मतदाताओं का किया अभिनंदन**

# संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत : आयोग

## लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियां पूरी

● सबसे पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती, इसके बाद ईवीएम की

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून यानी कल मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि हमने 642 मिलियन मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

यह सभी जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किए गए काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए।

**मतगणना प्रक्रिया संहिताबद्ध है :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित करने के लिए अपनाई जाने वाली मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। यह घड़ी की सटीकता के समान काम करती है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद ही हम इवीएम की गिनती शुरू कर देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि अब मैं कल होने वाली मतगणना प्रक्रिया पर विस्तार से आता हूं। मैं पूरी जिम्मेदारी और दृढ़ता के साथ कुछ बातें कहना चाहता हूं। मतगणना और अन्य चुनाव प्रक्रिया के लिए एक बहुत मजबूत प्रणाली है। हर भाग तय है। मतगणना प्रक्रिया संहिताबद्ध है। सिस्टम में कोई समस्या नहीं हो सकती। मानवीय त्रुटि किसी से भी हो सकती है। हम उससे निपटेंगे। पूरी मतगणना प्रक्रिया मजबूत है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अगर पोस्ट पोल हिंसा कहीं भी होती है तो इसके लिए हमने पहली बार निर्णय लिया है कि एमसीसी के बाद भी कुछ राज्यों में पैरामिलिट्री फोर्स रहेगी। राजीव कुमार ने कहा कि हम बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

**मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए :** मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीचच काफी लंबा अंतर हो जाता है। चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है। चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए। मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए। हमने विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया था, लेकिन यह इतनी बड़ी प्रक्रिया है कि हम इस बार इसे नहीं कर पाए। चुनाव आयुक्त ने इसके लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों, परीक्षाएं और सुरक्षा बलों के मूवमेंट को जिम्मेदार ठहराया।

**जयराम रमेश के आरोप का दिया जवाब :** कांग्रेस नेता जयराम रमेश के इस आरोप पर कि केंद्रीय गृह मंत्री ने डीएम, आरओ को फोन किया, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है?...क्या कोई उनको प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया, हम उसको सजा देंगे...यह ठीक नहीं है कि आप अफवाह फैलाएं और सभी को शक के दायरे में ले आएं।

चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस चुनाव से हमें दो सीख मिलीं। पहली- चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह है कि मतदान प्रक्रिया गर्मियों से पहले पूरी हो जानी चाहिए। और दूसरी- चुनाव आयोग गलत मतदाता सूची और मतदान के आंकड़ों के बारे में झूठी कहानियों को समझने में विफल रहा। इससे लड़ने के लिए और तैयारी करनी होगी।

**चुनाव में 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल :** भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया। सीईसी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयुक्तों को लापता सज्जन कहे जाने वाले मीम्स पर कहा कि हम हमेशा से यहां थे, कभी गायब नहीं हुए। दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे। 2024 के लोकसभा चुनाव कराने में करीब चार लाख वाहन, 135 विशेष ट्रेनें और 1,692 हवाई उड़ानों का इस्तेमाल किया गया।

2024 के आम चुनावों में केवल 39 पुनर्मतदान हुए, जबकि 2019 में 540 पुनर्मतदान हुए थे। जम्मू-कश्मीर में चार दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ, कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। 2024 के चुनावों के दौरान नकदी, मुफ्त उपहार, ड्रग्स और शराब सहित 10,000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई। 2019 में यह आंकड़ा 3,500 करोड़ रुपये था। आम चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया।चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए चुनाव आयोग ने शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किए, कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और शीर्ष अधिकारियों का तबादला किया गया। आचार संहिता के दौरान सभी विकास कार्य रुक जाते थे, चुनाव आयोग ने 95-98 प्रतिशत परियोजनाओं में आवेदन के 48 घंटे के भीतर अनुमति दी।

**प्रधानमंत्री ने कन्याकुमारी में अपनी 45 घंटे की साधना के अनुभव को साझा किया**

# देश को पुरानी सोच, मान्यताओं व नकारात्मकता से निकालना है : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कन्याकुमारी में अपनी 45 घंटे की साधना के अनुभव साझा करते हुए देशवासियों का आह्वान किया है कि एक राष्ट्र के रूप में पुरानी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन करके हमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सोचते हुए अपने समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से बाहर निकालकर और नकारात्मकता से मुक्ति दिला करदेश को सफलता की सिद्धि तक पहुंचाना है। मोदी ने आज नमो ऐप पर एक ब्लॉग लिख कर कन्याकुमारी के अनुभवों को लिपिबद्ध रूप में पेश किया। इन शब्दों को उन्होंने एक जून को कन्याकुमारी से दिल्ली लौटते समय विमान में शाम सवा चार बजे से सात बजे के बीच लिखा था जिसमें उन्होंने अगले 25 वर्षो को केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि 45 घंटों की साधना के दौरान उनके मन में भारत माता के चरणों में बैठ कर विरक्ति के भावों के बीच भारत के उज्जवल भविष्य के लक्ष्यों के लिए विचार उमड़ रहे थे जिन्हें उगते हुए सूर्य ने नई ऊंचाई और सागर की विशालता ने विस्तार दिया तथा क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता का निरंतर एहसास कराया। इस दौरान दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो गये। प्रधानमंत्री ने अपने लेख की शुरूआत करते हुए कहा, लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई ह्व उन्होंने कहा, ह्लसंत रविदास की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। मोदी ने कहा, कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा!

# बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 13 की मौत

## सभी लोग राजस्थान के झालावाड़ जिले के रहने वाले थे

प्रात : किरण



भोपाल/एजेंसी। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में रविवार रात बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई। राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने इसकी पुष्टि की है। हादसे में 40 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली में सवार सभी लोग राजस्थान के झालावाड़ जिले के रहने वाले थे और बारात लेकर राजगढ़ जिले के कुलामपुरा गांव आ रहे थे।

हादसा रविवार रात को करीब साढ़े नौ बजे राजगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिपलोदी के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार, राजस्थान के झालावाड़ जिले के जावर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपुरा से तातूड़िया परिवार की एक बारात बारात ट्रैक्टर-ट्रॉली से राजगढ़ जिले के देहरीनाथ ग्राम पंचायत के गांव कुलामपुरा आ रही थी।

इसी दौरान खामखेड़ा से कुछ दूर पिपलौदी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से उतरकर खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे के वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 70 लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को निकाला। साथ ही प्रशासन को भी सूचना दी। इसके बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे।

घायलों को घटनास्थल से अस्पताल लाने के लिए सात से अधिक एबुलेंस को मौके पर भेजा गाय। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, एसडीएम गुलाबसिंह बघेल सहित आला अधिकारी जिला अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों से हादसे को लेकर जानकारी ली। देर रात राज्य मंत्री नारायण सिंह भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना और उनके इलाज के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी और सीएम नीतीश की हुई मुलाकात

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेसी। अठाहरवीं लोकसभा के चुनाव संपन्न होने के बाद और मतगणना से एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक दल जनता दल (यू) के प्रमुख तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री कुमार दो दिन की यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे हैं और प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद शाम को उनका गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का कार्यक्रम है।

लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल के अनुमान आने के बाद प्रधानमंत्री के निवास पर हुई श्री कुमार की मुलाकात के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है लेकिन जानकार इस मुलाकात को बेहद महत्वपूर्ण मानते हुए इसके कई मायने निकाल रहे हैं। समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने चुनाव और उनके अनुमानों के बारे में बात की है। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र में राजग सरकार बनने की स्थिति में आगे की रणनीति पर भी बातचीत की है। एग्जिट पोल में बिहार में राजग की स्थिति को इतना मजबूत नहीं दिखाया गया है जितनी चुनाव शुरू होने से पहले संभावना व्यक्त की जा रही थी। इस मुलाकात के दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच क्या बात हुई, इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल,बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से बीजेपी 17 तो वहीं नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी है। ऐसे में इन सीटों के रिजल्ट को लेकर उनके बीच बातचीत हो सकती है। वहीं, एग्जिट पोल आने के अगले ही दिन मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा के संबंध में जदयू नेताओं ने कहा कि यह पूर्व से तय कार्यक्रम के तहत है। संभावना है कि इस दिल्ली दौरे पर नीतीश कुमार जदयू कोटे के मंत्री पद पर भी भाजपा के साथ वार्ता कर सकते हैं। इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से यह सवाल किया कि एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार बन रही है। इस पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है? मुख्यमंत्री ने सिर्फ इतना कहा कि- बनेगी जरूर बनेगी। आपको बताते चलें कि एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 30-35 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। सर्वे में जदयू को कुछ सीटों के नुकसान का भी अनुमान है, लेकिन उसके बावजूद उसका प्रदर्शन शानदार रहने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को एक बार फिर बड़ी हार झेलनी पड़ सकती है। महागठबंधन को इस बार 10-5 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की बैठक

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को यहां एक बैठक की। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की यह बैठक एग्जिट पोल में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बड़ी जीत की भविष्यवाणी और विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंन्स (इंडिया) की कई दौर की बैठकों की पृष्ठभूमि में हुई है। समझा जाता है कि इसके मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस बैठक में मौजूदा राजनीतिक स्थिति का जायजा लिया और भावी रणनीति को लेकर चर्चा की। विपक्षी गठबंधन ने एग्जिट पोल के अनुमानों को सिरे से खारिज कर दिया है और दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता से बाहर होने वाली है।

# उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के बिल्कुल उलट होंगे: सोनिया

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने एक समाचार एजेंसी से कहा, हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए। उन्होंने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर एग्जिट पोल में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगाता तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे।

**कारोबार**

**बाजार में उछाल से सुबह के कारोबार में निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

# एग्जिट पोल के नतीजों के कारण शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। एग्जिट पोल में एनडीए सरकार के दोबारा बनने की संभावना के कारण घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली के झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद शेयर बाजार जोरदार मजबूती के साथ कारोबार करता रहा।

पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 2.87 प्रतिशत और निफ्टी 2.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइज, एनटीपीसी और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 10.48 प्रतिशत से लेकर 6.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, आयशर मोटर्स और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.11 प्रतिशत से लेकर 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती नजर आ रही है, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स फिलहाल 3.19 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स 2.03 प्रतिशत उछल कर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,257 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,868 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 389 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सभी 30 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 48 शेयर हरे निशान में और 2 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 2,621.98 अंक की जोरदार छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 76,583.29 अंक के स्तर पर खुला। सेंसेक्स आज पहली बार 76 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। कारोबार की शुरूआत होने के बाद ये सूचकांक उछल कर अभी तक के सबसे उंचे स्तर 76,738.89 अंक तक पहुंच गया।

हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में ओपनिंग लेवल से करीब 1 हजार अंक की गिरावट भी आई। लेकिन खरीदारों ने थोड़ी देर में ही दोबारा लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 2,119.04 अंक की मजबूती के साथ 76,080.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 807.20 अंक की जोरदार मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23,337.90 के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,338.70 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में भी ओपनिंग लेवल से करीब 300 अंक की गिरावट आ गई। लेकिन खरीदारों ने थोड़ी देर में ही लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा तेजी पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 661.95 अंक की बढ़त के साथ 23,192.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

**निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ी :** घरेलू बाजारों सेंसेक्स के सोमवार को शुरूआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने से निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत उछलकर 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयरों में भारी तेजी के बाद बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार के दौरान 12,48,952.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,24,61,833.82 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# मदर डेयरी ने दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर का किया इजाफा

प्रात : किरण




नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले अमूल डेयरी के बाद अब मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। मदर डेयरी ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। अमूल डेयरी के दाम बढ़ाने के 12 घंटे बाद ही मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों का दाम बढ़ा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। मदर डेयरी ने तीन जून से दिल्ली-एनसीआर में अपने ताजा पाउच दूध सहित सभी प्रकार की दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 68 रुपये प्रति लीटर, टोन्ड दूध 56 रुपये प्रति लीटर और डबल टोंड दूध 50 रुपये प्रति लीटर का हो गया है। इसी तरह भैंस और गाय के दूध की कीमत अब क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि टोकन दूध (थोक में बेचा जाने वाला दूध) 54 रुपये प्रति लीटर बेचा जाएगा।कंपनी के बयान के अनुसार इस निर्णय का उद्देश्य बढ़ती उत्पादन लागत की भरपाई करना है, जो एक साल से अधिक समय से उद्योग को प्रभावित कर रही है। गौरतलब है कि मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35 लाख लीटर ताजा दूध बेचती है। कंपनी ने आखिरी बार फरवरी 2023 में अपनी कीमतों में इजाफा किया था।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### यात्रा के फर्जी पंजीकरणों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के दौरान मिलने वाले फर्जी पंजीकरणों के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित हो गई है। एसएसपी ने एसपी देहात लोकजीत सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन कर दिया है। टीम में सीओ ऋषिकेश सहित पांच पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। कोतवाली पुलिस एसआईटी को आवश्यक सहयोग करेगी। चारधाम यात्रा के दौरान पुलिस चेकिंग में कई तीर्थयात्रियों के ऑनलाइन पंजीकरण फर्जी पाए जा रहे हैं। कई तीर्थयात्रियों ने पुलिस को बताया है कि उनका पंजीकरण उनके ट्रैवल एजेंट ने किए हैं। सभी मामलों पर पुलिस ने ट्रैवल एजेंटों और एजेंसियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए। पुलिस ने इस साल अब तक कुल 36 मुकदमे दर्ज कर चुकी है और पांच ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार किए हैं। इन सभी मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। एसआईटी में एसपी देहात के नेतृत्व में सीओ ऋषिकेश संदीप नेगी, साइबर सेल के एसआई रविंद्र नेगी, एसआई एसओजी आदित्य सैनी, महिला एसआई शालू धारीवाल, शिल्पा सैनी व ड्रोन कंट्रोल रूम की एसआई हिमानी चौधरी को शामिल किया गया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट को एसआईटी को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### गंगा में दिल्ली और गुजरात के एक-एक पर्यटक बहे

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गंगा स्नान के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो पर्यटक बह गए। गंगा में बहे दिल्ली व गुजरात के दोनों पर्यटकों को ढूंढने के लिए एसडीआरएफ ने अभियान चलाया। देरशाम तक दोनों में से किसी का पता नहीं चला। सुबह 8-15 बजे अपने चार दोस्तों के साथ अर्चित कपूर (27) पुत्र अविनाश कपूर निवासी डब्ल्यू-11, शाहदरा उत्तर पूर्वी दिल्ली यहां आया था। वह लक्ष्मणझूला शिव चौक के पास बंबई घाट पर नहाने के दौरान बह गया। युवक के बहने के साथ ही उसके दोस्त चिल्लाने लगे। हल्ला सुन स्थानीय लोगों ने युवक के गंगा में बहने की सूचना एसडीआरएफ ढालवाला को दी। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर गंगा में सर्च अभियान चलाया लेकिन युवक का पता नहीं चला। दूसरी ओर मुनि की रेती थाना क्षेत्र के स्वामी नारायण घाट पर स्नान करते समय प्रकाश भाई (33) पुत्र प्रभुदास भाई गोविंद भाई गोविल निवासी देवराजिया अमरेली गुजरात गंगा में डूब गया। आश्रम के जनसंपर्क अधिकारी सौरभ रणाकोटी ने इसकी सूचना जल पुलिस को दी। उसके बाद एसडीआरएफ और जल पुलिस ने गंगा में सर्च अभियान चलाया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। एसडीआरएफ निरीक्षक कवींद्र सजवाण ने बताया कि बंबई घाट पर बहे दिल्ली निवासी अर्चित के परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों लोगों को ढूंढने के लिए रविवार को भी गंगा में सर्च अभियान चलाया जाएगा।

### खूनी संघर्ष में दो पक्षों के 11 लोगों पर केस दर्ज

रूड़की, एजेंसी। एक सप्ताह पहले दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुए संघर्ष में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। क्सर कोतवाली क्षेत्र स्थित महाराजपुर खुर्द गांव निवासी अरुण, सचिन और गांव केवल पुरी निवासी महावीर पक्ष के बीच काफी समय से जमीन विवाद चल रहा है। 26 मई को दोनों पक्षों के लोग भूमि पर पहुंच गए थे। इस दौरान अरुण पक्ष ने जमीन पर ट्रैक्टर चलाकर कब्जा करने का प्रयास किया था। इसे लेकर दोनों के बीच संघर्ष हो गया था। इसमें आठ लोग घायल हो गए थे। दो लोग गंभीर घायल हो गए थे। संघर्ष में तीन बाइक भी आग के हवाले कर दी थी। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एक पक्ष के महावीर सिंह की तहरीर पर अरुण, सचिन, रामयश, शिवकुमार, विश्वनाथ उर्फ मंत्री निवासी ने महाराजपुर खुर्द, गौरव निवासी धारीवाला, पथरी और दूसरे पक्ष के अरुण की तहरीर पर सुखबीर, महावीर, मोहन, अंकित व कृष्णपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# टिहरी और कोटेश्वर बांध से बिजली उत्पादन बंद, इस कारण लिया गया बड़ा फैसला



**नई टिहरी, एजेंसी।** पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) के अंतिम चरण के काम के लिए टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन (टीएचडीसी) ने टिहरी बांध और कोटेश्वर बांध से बिजली उत्पादन 30 जून तक बंद कर दिया है। रविवार सुबह छह बजे टिहरी बांध और आठ बजे कोटेश्वर बांध की टरबाइन बंद की गई।

टीएचडीसी एक हजार मेगावाट की क्षमता वाले टिहरी बांध और चार सौ मेगावाट क्षमता वाले कोटेश्वर बांध से बिजली का उत्पादन करता है। अब एक हजार मेगावाट क्षमता वाला पंप स्टोरेज प्लांट भी बनकर तैयार हो गया है। इसके अंतिम चरण का काम चल रहा है। इस प्लांट से भी दिसंबर से बिजली का उत्पादन शुरू होना है। इसके बाद टिहरी बांध की बिजली उत्पादन की कुल क्षमता 2400 मेगावाट हो जाएगी।

टिहरी बांध बनने के बाद पहली बार टीएचडीसी ने एक महीने का क्लोजर लिया गया है। अब 30 जून को दोबारा टिहरी बांध से बिजली उत्पादन शुरू किया जाएगा। आखिरी चरण में पीएसपी तक जाने वाली सुरंग के पास एक सुरक्षा दीवार हटाने और अन्य सिविल वर्क होने हैं।

यह काम पूरा होने के बाद एक हजार मेगावाट क्षमता वाले पीएसपी से भी बिजली उत्पादन शुरू होगा। इससे टिहरी बांध से बिजली उत्पादन बढ़ जाएगा। साथ ही नार्दन ग्रिड को ज्यादा बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। बता दें कि आमतौर पर जून में टिहरी बांध से 200 मिलियन यूनिट और कोटेश्वर बांध से 84 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। लेकिन अब एक महीने उत्पादन बंद होने से 284 मिलियन यूनिट बिजली का नुकसान होगा। टिहरी बांध से नार्दन ग्रिड को बिजली जाती है। यह बिजली देश के नौ राज्यों तक पहुंचती है। गर्मियों में पूरे देश में बिजली की ज्यादा मांग है। ऐसे में एक महीने तक टिहरी बांध से बिजली उत्पादन न होने के कारण बिजली आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। जबकि टिहरी बांध से उत्तर प्रदेश को सिंचाई के लिए और दिल्ली को पेयजल के लिए पानी मिलता है। बांध से पानी नहीं छोड़े जाने के कारण पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।

इधर, नई टिहरी में भी पेयजल संकट से बचने के लिए टीएचडीसी ने जल संस्थान को बजट जारी किया है, जिससे जल संस्थान नए पंप लगाकर पर्याप्त जलस्तर वाले स्थान से पंपिंग कर सके। हालांकि टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने बताया कि अलकनंदा नदी में इस समय पानी का बेहतर फ्लो है।

## पुलिस कर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश, एक हेड कांस्टेबल चोटिल

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पंतनगर में तीन दिन पहले हुई बाइक लूट के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर दी लेकिन बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की और उनकी कार को टक्कर मार दी। आरोपियों को पकड़ने की कोशिश में एक हेड कांस्टेबल जख्मी हो गया। आरोपी करीब एक किलोमीटर दूर कार छोड़कर पैदल भाग निकले। पुलिस एक नामजद सहित तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार 31 मई की रात एसआई सुरेन्द्र रिंगवाल की अगुवाई में कोतवाली पुलिस, एसओजी टीम सरकारी व निजी वाहन से काशीपुर रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 30 मई को पंतनगर थाना क्षेत्र में हुई बाइक लूट में शामिल अभियुक्त बिना नंबर की ईको स्पोर्ट्स कार से डिबडिबा बिलासपुर से रुद्रपुर की ओर आ रहे हैं। कार को जसकरन निवासी ईसानगर थाना बिलासपुर यूपी चला रहा है और उसमें दो अन्य लोग भी हैं।

इसी बीच टीम को कार हाईवे पर आती दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक कार को तेजी से भगाकर रुद्रपुर की ओर ले गया। पुलिस कर्मियों ने दोनों वाहनों से कार का पीछा कर उसे गाबा चौक से आगे फ्लाई ओवर पर घेर लिया।

हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय और कांस्टेबल विनोद खत्री ने निजी वाहन से उतरकर कार में बैठे आरोपियों से उतरने के लिए कहा लेकिन कार चालक ने उनके निजी वाहन के बोनट को टक्कर मारी और जान से मारने की नियत से पुलिस कर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की। हादसे में हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय के बाएं हाथ में चोट लग गई।

आरोपी गाबा चौक से गल्ला मंडी गए और वहां कार छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। कार का पीछा कर रही पुलिस टीम ने आरोपियों की विभिन्न जगहों पर तलाश की मगर उनका पता नहीं चल सका।

## झमाझम बारिश का असर, दो सप्ताह बाद 40 से नीचे आया तापमान



**देहरादून, एजेंसी।** बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश और झोंकेदार हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

बीते रोज हुई झमाझम बारिश का असर तापमान पर ऐसा पड़ा कि दो सप्ताह बाद दून का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया। इसके साथ रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 38.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान एक डिग्री कमी के साथ 21 डिग्री रहा।

तापमान में गिरावट होने से दिन की गर्म हवाओं से भी थोड़ी राहत मिली। हालांकि चटक धूप होने की वजह से गर्मी ने परेशान किया। उधर मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश और झोंकेदार हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। दून में सोमवार को अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है।

## गंभीर आरोपों में आईएचएम टिहरी के निदेशक की सेवा समाप्त, गलत तरीके से नियुक्ति पाने समेत हैं कई आरोप



**देहरादून, एजेंसी।** आरोपों की जांच के लिए पर्यटन निदेशालय की ओर से जांच समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर निदेशक पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे ने पद पर नियम विरुद्ध नियुक्ति पाने का दोषी पाते हुए डॉ. यशपाल सिंह नेगी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

गलत तथ्यों के आधार पर नियुक्ति पाने, वित्तीय अनियमिताओं और अधीनस्थ कर्मचारियों का उत्पीड़न करने के आरोप में शासन ने स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन संस्थान (आईएचएम), नई टिहरी के निदेशक/प्राचार्य (संविदा) डॉ. यशपाल सिंह नेगी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। नेगी से वेतन की वसूली भी की जाएगी। आरोपों की जांच के लिए पर्यटन निदेशालय की ओर से जांच समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर निदेशक पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे ने पद पर नियम विरुद्ध नियुक्ति पाने का दोषी पाते हुए डॉ. यशपाल सिंह नेगी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। निदेशक पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर से मामले में डीएम टिहरी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि निदेशक/प्राचार्य यशपाल सिंह को गलत तथ्यों/बयानों के आधार पर नियुक्ति मिली है। नियुक्ति की तिथि से वर्तमान तक उन्हें मिले वेतन की राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। नेगी को संस्थान में 7 सितंबर 2015 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तैनाती मिली थी। 2016 में उन्हें निदेशक/प्राचार्य (संविदा) पर नियुक्त किया गया था। उन पर कर्मचारियों का उत्पीड़न करने, एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पीएचडी की डिग्री होने का गलत दावा करने, निदेशक/प्राचार्य पद के लिए पर्यवेक्षक/सह पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम दो सफल पीएचडी अभ्यर्थियों का मार्ग दर्शन करने संबंधी गलत सूचना देने, कार्यालय में दैनिक आधार पर बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज न कराने और अनुपस्थित होने की दशा में मैन्युअल उपस्थिति पंजीका में एक साथ कई दिनों के हस्ताक्षर करने, सहायक प्रो. हितेश रमोला के बैंक खाते में नियम विरुद्ध 49,800 रुपये की धनराशि हस्तांतरित करने, कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान न करने के आरोप हैं।

## पाइप लाइन के लिए सड़क खोदी, सीडीओ का चढ़ा पारा



**रुद्रपुर/गदरपुर, एजेंसी।** सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गदरपुर के आनंद खेड़ा व कूल्हा में जलजीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए बीचोबीच सड़क खोदकर छोड़ने पर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने पेयजल निगम को निर्देश दिए कि जिन गांवों में सड़क खोदी जा रही है, उनको आवागमन के योग्य बनाएं। यदि एक पखवाड़े में सड़क दुरुस्त नहीं हुई तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

रविवार दोपहर सीडीओ मनीष कुमार गदरपुर पहुंचे। उन्होंने आनंदपुर व कूल्हा गांव में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, जन-मन आवास, जलजीवन मिशन आदि के कार्यों को देखा। गांवों में सड़क पर पाइप बिछाने के बाद गड्ढे देख उन्होंने कहा कि इसके लिए कार्यदायी संस्था और विभाग जिम्मेदार हैं। उन्होंने पेयजल निगम के जेई से कहा कि सभी गांवों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराएं। वहां पर बीडीओ कुंदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

रुद्रपुर। ग्रामीण विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने देखा कि खेतों में बड़े पैमाने पर धान की फसल लगी है। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकारी महकमा किसानों को जागरूक नहीं कर पा रहा है। उन्होंने किसानों को बताया कि एक किलो धान को पैदा करने में तीन हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है तो सोचिए कि हम अगली पीढ़ी को पानी का कैसा दर्द दे रहे हैं। किसानों से कहा कि आप धान के बदले मक्का की खेती करें जो बहुत लाभकारी है।

रुद्रपुर। गरीबों के लिए केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास का भी सीडीओ ने निरीक्षण किया। पाया कि एक आवास का मानक एक कमरा, किचन व शौचालय के बदले कई कमरे बनाए जा रहे हैं। जो धन के अभाव में अर्द्धनिर्मित पड़े हैं। सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानक अनुरूप ही आवास का निर्माण हो। ताकि समय पर बने सके।

## पिता से हो गई थी नफरत, मरने तक गोदते रहा चाकू...हत्यारे भाजपा नेता को भेजा जेल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप में पिता की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी भाजयुमो नेता को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप में पिता की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी भाजयुमो नेता को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। हत्यारोपी ने आए दिन होने वाले झगड़े से तंग आकर हत्या करने की बात स्वीकारी है। वह तब तक पिता पर चाकू से वार करता रहा, जब तक की उनकी मौत नहीं हो गई थी। एक जून की तड़के आजादनगर निवासी तोताराम की उसके बड़े बेटे और भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष दीपक राठौर ने चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। इसके बाद दीपक ने अपने छोटे भाई सुमित के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। एसएचओ भारत सिंह की अगुवाई में टीम ने दीपक को उसके घर ले जाकर पिता का शव बरामद कराया था। मृतक तोताराम के पेट पर चाकू के कई वार किए गए थे। मृतक के भांजे गौरी शंकर निवासी जेपीनगर जनपथ रोड फुलसुंगा की तहरीर पर पुलिस ने दीपक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। पुलिस ने दीपक की निशानदेही पर घर के एक कमरे में छिपाकर रखा गया हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया था।

# दोहरी खुशी : राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क में एक और बाघिन ने दिया शावक जन्मा



**देहरादून, एजेंसी।** बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए पार्क प्रशासन ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से मोतीचूर रेंज में तीन बाघिनों व एक बाघ को शिफ्ट किया था। बाघों की शिफ्टिंग की यह कार्रवाई करीब तीन वर्षों से चल रही है।

राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क में एक और बाघिन ने शावक को जन्म दिया है। पार्क प्रशासन ने ट्रैप कैमरे में इस बाघिन को शावक के साथ देखा है। इससे पूर्व मई के अंतिम सप्ताह में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया था। अब यहां शावकों की संख्या बढ़ कर पांच हो गई है। पार्क प्रशासन का कहना है कि बाघिनों व शावकों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

राजाजी टाइगर रिजर्व में बाघों के कुनबा बढ़ने की संभावनाएं प्रबल होती जा रही हैं। यहां बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए पार्क प्रशासन ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से मोतीचूर रेंज में तीन बाघिनों व एक बाघ को शिफ्ट किया था। बाघों की शिफ्टिंग की यह कार्रवाई करीब तीन वर्षों से चल रही है।

गत मई के अंतिम सप्ताह में पार्क प्रशासन ने धौलखंड चीला रेंज में एक बाघिन को चार शावकों के साथ देखा था। इन शावकों ने कुछ दिन पहले ही जन्म लिया था। अब एक-दो दिन पूर्व पार्क प्रशासन के ट्रैप कैमरे में एक और बाघिन एक शावक के साथ देखी गई। इससे पार्क प्रशासन की खुशी दोहरी हो गई है।

पार्क प्रशासन का कहना है कि एक और बाघिन ने एक शावक को जन्म दिया है। अब यहां कुल पांच शावक हो गए हैं। सभी शावकों और बाघिनों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पार्क प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही राजाजी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी क्षेत्र भी बाघों के कुनबे से गुलजार होगा। यहां बाघों की दहाड़ सुनाई देंगी।

## भाजपा को किला बचाने, कांग्रेस को सेंधमारी की आस ; इस सीट पर मुस्लिम आबादी तय करेंगी रिजल्ट



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** टिहरी राज परिवार की परंपरागत सीटों में शामिल टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट पर भाजपा सुकून की स्थिति में अवश्य दिख रही है, लेकिन यहां उसके विधायकों की साख भी दांव पर है। इस सीट के अंतर्गत आने वाले 14 विधानसभा क्षेत्रों में से 11 पर भाजपा काबिज है, जबकि एक निर्दलीय विधायक ने भी इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दिया। कांग्रेस के पास के पास केवल दो विधानसभा सीटें ही हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को हुए मतदान में यहां पिछली बार की तुलना में 4.54 प्रतिशत मतदान कम हुआ, लेकिन भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। यद्यपि, कांग्रेस भी अपने दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ ही तीन अन्य विस क्षेत्रों में हुए ठीकठाक मतदान से उम्मीद लगाए बैठी है। इन तीन विस क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी खासी तादाद है। ऐसे में इन्हें लेकर भाजपा में बेचैनी भी है। टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट पर वर्ष 2019 में 58.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था, जबकि इस बार मतदान में गिरावट आई और यह 53.76 प्रतिशत रहा। कम मतदान होने को लेकर भाजपा, कांग्रेस के अपने-अपने दावे और तर्क हैं। दोनों ही अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों को ही देखें तो भाजपा के 11 व एक निर्दल के प्रतिनिधित्व वाली सीटों पर 41.50 से लेकर 64.70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इनमें से सहसपुर, रायपुर व विकासनगर विधानसभा क्षेत्रों में 51.53 से 64.70 प्रतिशत तक मतदान होने से भाजपा खेमे में बेचैनी भी महसूस की जा रही है। कारण यह कि इनमें मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। यहां कांग्रेस स्वयं को सुकून में मानकर चल रही है।

# देश में एग्जिट पोल अब पूरी तरह से बंद होना चाहिए : आप सांसद संजंय सिंह

**जानकारी**

● एग्जिट पोल्स के द्वारा भाजपा जनता को भ्रमित और मतगणना को प्रभावित करने की नाजायज कोशिश कर रही है।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने एग्जिट पोल्स को लेकर प्रेस वार्ता कर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया चैनलों के एग्जिट पोल्स को फर्जी करार देते हुए देश भर में इन्हें बंद करने की मांग की है। संजय सिंह ने एग्जिट पोल आंकड़ों पर भी सवाल उठाते हुए भाजपा पर भी कटाक्ष किया है। संजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल्स के द्वारा भाजपा जनता को भ्रमित और मतगणना को प्रभावित करने की नाजायज कोशिश कर रही है। एग्जिट पोल खुद ही खुद को गलत साबित कर रहा है। एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों ने खुद को एक्सपोज कर दिया है। संजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल एक नहीं बल्कि कई बार गलत हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भी यही हाल हुआ था। सभी एग्जिट पोल ने वहां इखढ को ज्यादा सीटें दी थीं, जबकि वहाँ हुआ इसके बिल्कुल विपरीत। वहां कांग्रेस को 40 सीट मिली थीं और इखढ को केवल 25 सीट ही मिली थीं। संजय सिंह ने आगे कहा कि 2004 में एग्जिट पोल के नतीजों में भाजपा को सभी ने 260 से ज्यादा सीटें दी थीं। वहीं जब नतीजे आये तो बीजेपी ध्वस्त हो गई थी। वहीं 2021 के दौरान पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी और नरेंद्र मोदी ने 200 पार का नारा दिया था। एग्जिट पोल में भी कई चैनलों ने बीजेपी को 150 से भी ज्यादा सीटें दे दी थीं। वहीं जब नतीजे आए तब बीजेपी के हिस्से में केवल 77 सीटें ही आईं। यह तो एग्जिट पोल का इतिहास है।

आप नेता ने कहा कि एग्जिट पोल अब बंद होने चाहिए। ये जनता, प्रशासनिक तंत्र और चुनाव आयोग को प्रभावित करने का तरीका है। इनकी कोई जवाबदेही नहीं है। अगर एग्जिट पोल के आँकड़े नतीजों से मेल नहीं खाते हैं तो क्या ये देश से माफी माँगेंगे, क्या इन पर कोई एक्शन होगा?

वहीं, संजय सिंह ने अपने ट्वीट में चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा है। आप सांसद ने लिखा, अगर सब कुछ ठीक है तो चुनाव आयोग हर रोज नई गाईडलाइन जारी क्यों कर रहा है? हमें इनके पास जाना पड़ रहा है। ईसी सफाई देने तो आ जाता है लेकिन काम करने को राजी नहीं है। चुनाव आयोग जनता के लिए काम करने के लिए बना है। वह जवाबदेह है और उसे सवालों का जवाब देना होगा। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह की भाषा इस्तेमाल की, उसके खिलाफ ईसी ने कोई नोटिस जारी नहीं किया।

## क्राइम ब्रांच ने वांछित आरोपित को दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल की पुलिस टीम ने एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में फरार था। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार का इनाम भी रखा हुआ था। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमित उर्फ काले के रूप में हुई है। यह जहांगीरपुरी का रहने वाला है। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बदमाश भी है। पहले से ही इसके ऊपर सात मामले चल रहे हैं। जिसमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। जहांगीरपुरी में 2015 में हुई हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी। हेड कांस्टेबल रामकेश की टीम को सूचना मिली और इस सूचना के आधार पर एसीपी रमेश चंद्र लंबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सत्येंद्र मोहन, कमल, सब इंस्पेक्टर आशीष, गुलाब और समय सिंह की टीम ने पता लगाकर इसे गिरफ्तार किया।

## द्वारका जिला में लूटते थे सड़क पर लोगों से महंगे मोबाइल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने तीन शातिर स्नेचर को गिरफ्तार किया है। जो मोटरसाइकिल से द्वारका और आसपास के इलाके में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते थे। इनमें से गिरफ्तार किया गया मुख्य आरोपी सचिन उर्फ मोटा पहले से एक दर्जन मामलों में शामिल रहा है। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। इनकी गिरफ्तारी से कई मामलों का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है।

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशन उर्फ मोटा, सचिन उर्फ मोटा और दीपू कुमार के रूप में हुई है। यह तीनों मोहन गार्डन, सीतापुरी के रहने वाले हैं। उनकी गिरफ्तारी से द्वारका नॉर्थ, डाबड़ी और तिलक नगर थाना के तीन मामलों का खुलासा किया गया है।

एएटीएस के इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में सहायक सब इंस्पेक्टर विजय सिंह की पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इनके बारे में पता लगाया और फिर एक एक करके इनको गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। पुलिस को पूछताछ में इन्होंने बताया कि वह अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए महंगे मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम देते थे।

## संतूर के शहंशाह पद्मश्री पंडित भजन सोपोरी को पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रमोशन कमेटी आफ इंडिया ने आज बरवाला में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारत के महानतम शास्त्रीय संगीतज्ञ और संतूर के शहंशाह पद्मश्री स्वर्गीय पंडित भजन सोपोरी को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर उनके लाखों चाहने वालों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि स्वभाव से बेहद विनम्र भजन सोपोरी जी के चेहरे पर हर समय मुस्कुराहट रहती थी, चेहरे से हरदम नूर टपकता था। उन्होंने संतूर को विश्व में फैलाने का काम किया। उनके सैंकड़ों शिष्य और उनके सुपुत्र पंडित अभय सोपोरी अब उनकी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत सरकार ने उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ ने भी संगीत शिक्षण और संतूर वादन के क्षेत्र उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया था।

## नजाकत चौधरी एडवोकेट सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनोनीत

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता नजाकत चौधरी एडवोकेट पुत्र रिफाकत चौधरी निवासी शाफियाबाद, स्योहारा, बिजनौर को उनकी पार्टी के प्रति लगन व निष्ठा,कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस उत्तर प्रदेश के महासचिव पद पर मनोनीत किया है। और उनसे आशा व्यक्त की है कि वह इसी तरह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए निरंतर संघर्षशील होकर टीम भावना के साथ कार्य करते रहेंगे। और पार्टी की जनहितकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचने की हर संभव प्रयास करेंगे।नवनियुक्त प्रदेश महासचिव सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के महासचिव नजाकत चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने सौंपी है मैं हर हाल में अपनी जिम्मेदारी को बाखूबी निभाऊंगा मुझ पर पार्टी ने जो विश्वास जताया है मैं उस पर पूरा पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश करूंगा।

## सनसनीखेज मर्डर में वांटेड पर था 20 हजार का ईनाम

● क्राइम ब्रांच की टीम ने आखिरकार फरार को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल की पुलिस टीम ने एक वांटेड क्रिमिनल को गिरफ्तार किया है। जो मर्डर और अटेम्प्ट टू मर्डर के मामले में फरार था। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार का इनाम भी रखा हुआ था। डीसीपी अमित गोयल ने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित उर्फ काले के रूप में हुई है। यह जहांगीरपुरी का रहने वाला है। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बेड करेक्टर भी है। पहले से ही इसके ऊपर सात मामले चल रहे हैं। जिसमें मर्डर और हत्या के प्रयास के शामिल हैं।

जहांगीरपुरी में 2015 में हुई हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी। हेड कांस्टेबल रामकेश की टीम को सूचना मिली और इस सूचना के आधार पर एसीपी रमेश चंद्र लंबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सत्येंद्र मोहन, कमल, सब इंस्पेक्टर आशीष, गुलाब और समय सिंह की टीम ने पता लगाकर इसे गिरफ्तार किया। इसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## दिल्ली सरकार में मंत्री रहे राजकुमार आनंद का इस्तीफा स्वीकार

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री रहे राजकुमार आनंद का इस्तीफा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार कर लिया है। सीएम केजरीवाल ने 31 मई को आनंद के इस्तीफे पर हस्ताक्षर किया। बता दें, राजुकमार आनंद ने 10 अप्रैल को अपना इस्तीफा दिया था। चूंकि सीएम केजरीवाल जेल में थे, ऐसे में उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ था। केजरीवाल ने जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद इस पर हस्ताक्षर कर दिया। बता दें, दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने अपने पद से इस्तीफा देते समय आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया था। उन्होंने कहा था कि पार्टी भ्रष्टाचार में डूब गई है अब मैं इस पार्टी में नहीं रह सकता। बता दें कि वह दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। राजकुमार आनंद के घर ईडी ने छापेमारी की थी।

## दिल्ली वालों को महंगाई का झटका :मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



मदर डेयरी अपने तरल दूध की कीमतों में दो रुपये की बढ़ोतरी कर रही है। यह बढ़ोतरी दिल्ली एनसीआर के साथ देश के सभी बाजारों में 3 जून से लागू होगा। इसके एक दिन पहले अमूल ने भी अपने हर प्रकार के तरल दूध में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मदर डेयरी ने जारी बाजार में बताया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से उत्पादकों को बढ़ी हुई उत्पादन लागत की भरपाई करने के लिए है, जो एक वर्ष से अधिक समय से बढ़ रही है। मदर डेयरी ने आखिरी बार फरवरी 2023 में अपने तरल दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी।

**दुग्ध कंपनी ने बताई यह वजह**

दुग्ध कंपनी के अनुसार पिछले कुछ महीनों में दूध की खरीद के लिए उच्च कीमतों का भुगतान करने के बावजूद, उपभोक्ता कीमतों को बरकरार रखा गया था। मदर डेयरी द्वारा जारी बयान के अनुसार देशभर में गर्मी चरम पर है।

इससे दूध उत्पादन पर और असर पड़ने की संभावना है। वैसे, मदर डेयरी दूध से होने वाली बिक्री का औसतन लगभग 75-80 प्रतिशत हिस्सा अपनी खरीद में खर्च करती है, जिससे डेयरी फार्मिंग का पोषण और गुणवत्तापूर्ण दूध की उपलब्धता सुनिश्चित होती है।

## दिल्ली में ताज एक्सप्रेस ट्रेन में लगी भीषण आग, यात्री कूदकर भागे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के सरिता विहार इलाके में एक पैसेंजर ट्रेन के कोच में भीषण आग लग गई। यह घटना चार बजकर 24 मिनट पर हुई। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। जले हुए कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया। ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से झांसी रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुई थी। तीन कोच में लगी आग

डीसीपी रेलवे ने बताया कि ट्रेन में आग लगने की सूचना पीसीआर को शाम 4.41 बजे मिली। ट्रेन दिल्ली-आगरा के बीच चलती है। ट्रेन में आग ओखला रेलवे स्टेशन से पहले लगी थी। आग लगने के बाद ट्रेन को रोक दिया गया। घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है, क्योंकि कोच में बैठे यात्री दूसरे डिब्बों में चले गए थे या फिर उतर गए। रेलवे की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डी3 कोच में सबसे पहले लगी आग ट्रेन जब जब वह हरकेश नगर के पास पहुंची तो ट्रेन के डी3 कोच में अचानक आग लग गई। इस दौरान कोच के अंदर 15 से 20 यात्री बैठे हुए थे। जैसे यात्रियों को ट्रेन के अंदर आग दिखाई दी तो उन्होंने चैन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। इसके बाद एक के बाद एक सभी यात्री नीचे उतर गए।

कुछ ही देर में आग डी4 और डी2 में पहुंच गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की एकदम से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अभी तक डी3 कोच में बाथरूम के पास हुए शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। ट्रेन ओखला मंडी रेलवे स्टेशन भेजी जाएगी, जहां से ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया जाएगा।

## भारद्वाज ने दोपहर में किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री के उप अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली स्थित कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। यह औचक निरीक्षण बढ़ती गर्मी और हीट वेव के चलते किया गया। लगभग दोपहर 3:00 बजे के आसपास शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के जरिए मंत्री सौरभ भारद्वाज रैन बसेरों में गर्मी और हीट वेव से बचने के पुख्ता इंतजामों की जांच करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि रैन बसेरे में गर्मी से बचने के पर्याप्त साधन है या नहीं, लोगों के पीने के लिए पर्याप्त पानी है या नहीं तथा गर्मी से राहत देने वाले अन्य साधनों की पर्याप्त उपलब्धता है या नहीं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण बिना किसी को बताए अकेले अचानक किया, ताकि परिस्थितियों की सत्यता का पता लगाया जा सके। एक बयान जारी करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जिन रैन बसेरों में उन्होंने औचक निरीक्षण किया, वहां पर जांच के दौरान उन्होंने पर्याप्त मात्रा में लोगों के लिए पीने का ठंडा पानी देने वाले वाटर डिस्पेंसर और ठंडी हवा के लिए वाटर एयर कूलर के पर्याप्त इंतजाम दिखे।

## एसओएल के स्नातक व स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिले की दौड़ शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिले की दौड़ सोमवार को शुरू हो गई। दाखिले के इच्छुक आवेदक एसओएल की से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यहां दाखिला जुलाई के अंत तक लिया जा सकेगा उसके बाद दूरस्थ शिक्षा बोर्ड की मंजूरी से तिथि को बढ़ाया जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी ने एसओएल में दाखिला ले लिया होगा और बाद में उसे नियमित कॉलेज की सीट आवंटित हो जाती है तो उसे कुल फीस में से पांच सौ रुपये फीस काट कर बाकी फीस वापस कर दी जाएगी।

कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो पायल मागो ने बताया कि सुबह शुरू हुई दाखिले की दौड़ के तहत शाम तक देशभर से कुल 909 पंजीकरण आवेदकों ने किए। इनमें से छात्रों के बीच सबसे पंसदीदा कोर्स बीकॉम ऑनर्स बना है। इसमें सबसे अधिक 200 पंजीकरण किए गए हैं। इसके बाद बीकॉम, बीए इंग्लिश ऑनर्स, बीए प्रोग्राम विद राजनीति विज्ञान, बीए प्रोग्राम विद इतिहास, और उसके बाद बीए ऑनर्स साइकोलॉजी में पंजीकरण किए गए हैं। प्रो. मागो ने बताया कि पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के बाद अगले तीन दिनों में फॉर्म और योग्यता का सत्यापन किया जाएगा उसके बाद उन्हें कोर्स की फीस भुगतान के लिए ऑनलाइन लिंक दिया जाएगा। जिस पर वह फीस का भुगतान कर सकेंगे। तभी उनका दाखिला पक्का माना जाएगा।

मालूम हो कि पहली बार सशस्त्र बलों, पुलिस बल व अर्धसैनिक बलों को व उनके बच्चों को फीस में रियायत भी मिलेगी जो कि 25 फीसदी से लेकर 75 फीसदी तक होगी। एसओएल में दाखिले बारहवीं के अंकों के आधार पर होते हैं, हर प्रोग्राम की शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग है। वहीं सीटों की सख्या असीमित होने के कारण यहां नियमित कॉलेजों से दुगुने करीब डेढ़ लाख विद्यार्थी दाखिला लेते हैं।

## दिल्ली सरकार डोरस्टेप डिलीवरी के जरिये आंगनवाड़ी लाभार्थियों के घरों में पूरक पोषण भोजन कराएगी उपलब्ध

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



● पूरक पोषण भोजन की डोरस्टेप डिलीवरी के द्वारा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि लाभार्थियों को अत्यधिक गर्मी में परेशान नहीं होना पड़े और उन्हें आवश्यक पोषण सहायता मिलती रहे- कैलाश गहलोत

● मैंने सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और दैनिक आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं-कैलाश गहलोत

दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए, दिल्ली सरकार ने 1 जून, 2024 से 30 जून, 2024 तक सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने की घोषणा की है। इस दौरान पूरक पोषण खाद्य सामग्री के लिए लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। टेक होम राशन (ळऌफ) के माध्यम से पोषण खाद्य सामग्री सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुँचाए जाएँगे।दिल्ली सरकार के इस कदम का लाभ बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ, 3-6 वर्ष की आयु के उन सभी बच्चों को भी होगा, जिन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों पर आमतौर पर गर्म पका हुआ भोजन मिलता है।

दिल्ली सरकार के इस कदम पर दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, ॎहमारे लिए महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरक पोषण भोजन की डोरस्टेप डिलीवरी के द्वारा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि लाभार्थियों को अत्यधिक गर्मी में परेशान नहीं होना पड़े और उन्हें आवश्यक पोषण सहायता मिलती रहे। मैंने सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और दैनिक आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।ॎ

दिल्ली में कुल 10,897 आंगनवाड़ी केंद्र हैं, जो पूरक पोषण, प्री-स्कूलिंग, गैर-औपचारिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, रेफरल सेवाएं और पोषण शिक्षा सहित कई सेवाएं प्रदान करते हैं। वर्तमान में, इन केंद्रों के माध्यम से 643,760 लाभार्थियों को पूरक पोषण आहार प्राप्त होता है। इसमें 56,051 स्तनपान कराने वाली माताएं, 65,726 गर्भवती महिलाएं, 6 महीने से 3 साल की उम्र के 361,712 बच्चे और 3 से 6 साल की उम्र के 160,271 बच्चे शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार पहले से ही स्तनपान कराने वाली माताओं, गर्भवती महिलाओं और 6 महीने से 3 साल की उम्र के बच्चों को पूरक पोषण (ळऌफ) उनके घरों में प्रदान कर रही है, लेकिन गर्मी को देखते हुए अब इस अवकाश की अवधि के दौरान 3-6 साल की उम्र के बच्चों को भी उनके घर पर ही भोजन प्रदान किया जाएगा।

## नौकर ने महिला से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

नई दिल्ली। सब्जी मंडी इलाके में नौकर ने पहले महिला से दुष्कर्म किया और फिर ब्लैकमेल कर देह व्यापार में धकेल दिया। पीड़िता ने गुरुवार को थाने में आरोपी एवं उसके दोस्त के खिलाफ शिकायत दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति का डेयरी का कारोबार है। उसका पति किसी अपराध में तिहाड़ जेल में बंद है। वह कारोबार संभाल रही है। पीड़िता ने बताया कि उसने छह मई को बच्चों को अपनी दुकान से छाछ लाने के लिए कहा, लेकिन दुकान पर कार्यरत नौकर पवन खुद ही छाछ पहुंचाने को कहकर बच्चों को ट्यूशन जाने के लिए कह दिया। पीड़िता ने बताया कि पवन की लाई हुई छाछ पीकर वह बेहोश हो गई। जब होश आया तो मालूम हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। पीड़िता ने जब पुलिस को घटना के बारे में बताने की धमकी दी तो आरोपी पवन ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पवन अपने दोस्त विनोद को लेकर आया और ब्लैकमेल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार विनोद ने पवन को रुपये भी दिये। जब एक हफ्ते बाद दोबारा पवन ने दुष्कर्म की कोशिश की तो उसने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ महिला आयोग की काउंसलर के सामने बयान दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## 11 जून को ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेगा डीयू सेंट्रल प्लेसमेंट सेल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री पूरा करने से पहले नौकरी का ऑफर मिलेगा। डीयू का सेंट्रल प्लेसमेंट सेल अंतिम वर्ष के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों व पीएचडी कर चुके व कर रहे विद्यार्थियों के लिए अगले सप्ताह ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। इस ड्राइव के लिए वार्षिक सैलरी पैकेज की घोषणा कर दी गई है। डाटा इंजीनियरिंग कंपनी इनोडाटा विद्यार्थियों को 6.2 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक की सैलरी पैकेज की पेशकश करेगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय का सेंट्रल प्लेसमेंट सेल आगामी 11 जून को ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर रहा है। इस ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए 08 जून तक पंजीकरण कराया जा सकता है। इसमें स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। प्लेसमेंट सेशन में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण कराया जाना जरूरी है। सेल से जुड़े अधिकारी के अनुसार इस ऑनलाइन ड्राइव में इंजीनियरिंग डाटा कंपनी इनोडाटा करीब 200 पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन करेगी। ऑनलाइन प्लेसमेंट सत्र होने के कारण विद्यार्थियों को कैंपस आने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इससे पहले अप्रैल में प्लेसमेंट जॉब मेला आयोजित किया गया था। अधिकारी के अनुसार कंपनी के समक्ष उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों के पास यह सुनहरा अवसर है। कंपनी स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को 6.25 लाख सलाना, स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को 7.75 लाख वार्षिक और पीएचडी स्तर के विद्यार्थियों को 10 लाख रुपये तक के सैलरी पैकेज की पेशकश करेगी।

## दिल्ली में दो दिन बाद फिर लू के थपेड़ों से बुरा हाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी में दो दिन बाद सोमवार को फिर लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल रहा। कई मौसम केन्द्रों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही रहेगी। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट भी जारी किया है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह से ही तेज सूरज निकला। दिन चढ़ने के साथ ही धूप और भी तीखी हो गई। दिन के दस बजे के बाद से ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शाम के पांच बजे भी हवा में यह गर्मी काफी हद तक बनी रही। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 55 से 19 फीसदी तक रही। पीतमपुरा और पू में न्यूनतम पारा सामान्य से छह डिग्री ज्यादा रहा।

मंगलवार शाम हल्की बूंदाबांदी के आसार मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। शाम या रात के समय धूल भरी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी भी होने की संभावना है। इसके चलते तापमान में हल्की गिरावट होगी। बुधवार को लोगों को लू की स्थिति से राहत मिल सकती है और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। दिल्ली की हवा मध्यम श्रेणी में

मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 155 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है।

## दिल्ली से झांसी जा रही चलती ट्रेन में लगी आग, धूं-धूंकर जलते कोच का वीडियो आया सामने

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली से चलकर झांसी जा रही ताज एक्सप्रेस में दिल्ली से चलने के बाद भीषण आग लग गई, जिससे चंद मिनट में ट्रेन के तीन कोच आग का गोला बन गए। गनीमत रही कि समय रहते यात्री ट्रेन से उतर गए। ताज एक्सप्रेस सोमवार को अपने निर्धारित समय सुबह 6.55 बजे के स्थान पर 8.30 घंटे की देरी से दोपहर 3.28 बजे रवाना हुई थी। ट्रेन जब 4.09 बजे ओखला स्टेशन पास कर रही थी तो इसी बीच ट्रेन के डी-3 कोच में आग लग गई। जिससे यात्रियों में भगदड़ मच गई। यात्रियों ने ट्रेन को चेन पुलिंग कर रोका और लगेज छोड़कर ट्रेन से उतर गए। आग इतनी विकराल थी कि 10 मिनट के भीतर ट्रेन के डी-2, डी-3 और डी-4 कोच धूं-धूंकर चलने लगे। ट्रेन में मौजूद टिकिट चेकिंग स्टाफ डिप्टी सीटीआई झांसी पीयूष हयारण ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन, भड़की आग के सामने उनका प्रयास बोना साबित हुआ। जिसके बाद उन्होंने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देकर घटना से अवगत कराया। अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। वहीं इस घटना के बाद इस रूट पर करीब चार ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। अन्य ट्रेन के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ताज एक्सप्रेस के यात्री और उनके परिजनों की सहायता के लिए झांसी रेलमंडल ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जून, 2024

## खाद्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एफएसएसएआई और डीयू ने किया खाद्य सुरक्षा संवाद का आयोजन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से खाद्य सुरक्षा संवाद सेमिनार का आयोजन किया। खाद्य सुरक्षा पर एक आयोजित इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के कॉलेजों के प्रिंसिपल, डीन, संकाय और खाद्य सुरक्षा के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एफएसएसएआई के अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रथाओं और पहलों के बारे में जानकारी साझा की गई।

एफएसएसएआई के कार्यकारी निदेशक उमा शंकर ध्यानी ने सेमिनार के दौरान मुख्य भाषण दिया और डीयू दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने दोनों संस्थाओं के सहयोग के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। इससे पूर्व दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इसके बाद एफएसएसएआई के तकनीकी अधिकारी गणेश विश्वेश्वर भट द्वारा उपभोक्ता के दृष्टिकोण से एफएसएसएआई अधिनियम पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विनियामक अनुपालन, लाइसेंसिंग, पंजीकरण, लेबलिंग और शिकायत निवारण प्रणाली जैसे विषयों पर जानकारी प्रस्तुत की गई। एफएसएसएआई के वरिष्ठ प्रबंधक शुभाशीष मलिक ने एफएसएसएआई की प्रमुख पहल ईट राइट इंडिया, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलना है, पर एक सत्र आयोजित किया। यह सेमिनार एफएसएसएआई और दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास का पहला कदम है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय और उससे परे सुरक्षित खाद्य प्रथाओं की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहलों को लागू करना है। इसके लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में नोडल अधिकारियों की पहचान की गई है, जो संबंधित कॉलेजों में एफएसएसएआई से संबंधित सभी संचार के लिए एकल-बिंदु संपर्क के रूप में काम करेंगे और अपने कार्यक्रमों में खाद्य सुरक्षा पर चर्चाओं का नेतृत्व भी करेंगे। 6 मई, 2024 को एफएसएसएआई और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक के बाद, कई प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा की गई थी और इस पर आगे बढ़ने के लिए सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।

इसके लिए की गई प्रमुख पहलों में से एक पहल यह थी कि दिल्ली विश्वविद्यालय और उसके घटक कॉलेज स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने और अपने परिसर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए ईट राइट कैंपस के रूप में प्रमाणन की दिशा में प्रयास करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण विषय पर औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न विषयों में प्रासंगिक पाठ्यक्रमों में खाद्य सुरक्षा मॉड्यूल को एकीकृत किया जाएगा। यह साझेदारी खाद्य सुरक्षा जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एफएसएसएआई और दिल्ली विश्वविद्यालय की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो अंततः जनता की भलाई और स्वास्थ्य में योगदान देती है।

## दिल्ली सरकार की अतिरिक्त पानी के लिए याचिका : अपर यमुना रीवर बोर्ड की पांच जून को आपात बैठक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अपर यमुना रीवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक पांच जून को बुलायी जाए ताकि दिल्ली में पानी की कमी की समस्या से उचित तरीके से निपटा जा सके।

उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उसने जल संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला अतिरिक्त पानी छोड़े जाने का हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जतायी कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलायी जाए। पीठ ने कहा, सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों। उसने कहा कि वकील सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रीवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके। पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी द्वारा दायर याचिका में केंद्र, हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को पक्षकार बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जीवित रहने के लिए पानी तक पहुंच आवश्यक और बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है।

याचिका में हरियाणा सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह वजीराबाद बैराज से तत्काल और निरंतर पानी छोड़े, जिसमें हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए उपलब्ध कराए गए पूर्ण अधिशेष पानी को शामिल किया जाए ताकि राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट से निपटा जा सके।

## आबकारी मामला: दिल्ली की अदालत ने बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाई



- कविता कथित घोटाले में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज दो मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सोमवार को तीन जुलाई तक बढ़ा दी।

कविता के खिलाफ पहले जारी एक पेशी वारंट की तामील करते हुए उन्हें अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। अदालत ने 29 मई को मामले में बीआरएस नेता के खिलाफ आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए वारंट जारी किया था। अदालत ने इस मामले में तीन सह-आरोपियों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दौरान तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था। हालांकि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। कविता कथित घोटाले में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज दो मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

## सीईएस-2024-25 के लिए प्रवेश हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय ने आमंत्रित किए आवेदन

- वैंकटेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हुआ विकसित: डा. राजीव त्यागी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली विश्वविद्यालय ने योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) के लिए शैक्षणिक सत्र जुलाई-दिसंबर 2024 के सेमेस्टर 1, 3 और 5 में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार इस योजना के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले पेपरों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के निदेशक प्रो. संजय रॉय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एनईपी 2020 के अनुसार सीईएस में किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों के शैक्षिक सपनों को पूरा करना है जिन्हें किन्हीं कारणों से पहले ये अवसर नहीं मिल पाया। इसके तहत वे लोग नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। प्रो. रॉय ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो किसी विभाग या कॉलेज के निर्दिष्ट मौजूदा पेपर के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएँ, यदि कोई हों, को पूरा करता है, वह इसके लिए पंजीकरण कर सकता है। किसी भी पेपर के लिए प्रवेश हेतु चयन संबंधित विभागों और कॉलेजों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। विभागों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक विश्वविद्यालय के पोर्टल के साथ-साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग पर सीईएस ई-ब्रोशर देख सकते हैं। प्रो. संजय रॉय ने बताया कि सीईएस 2024-25 के तहत विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों में अध्ययन करने के लिए, संभावित उम्मीदवार लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अन्य प्रश्नों और स्पष्टीकरणों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग को पर ईमेल कर सकते हैं।

## मोटरसाइकिल समेत तीन कुख्यात लुटेरे गिरफ्तार

नई दिल्ली। पांडव नगर पुलिस ने रविवार को तीन कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पटपड़गंज के निखिल गुप्ता, शशि गार्डन निवासी यूनुस व उस्मान के रूप में हुई है। इनके खिलाफ पहले से आठ मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि पांडव नगर थाने में शनिवार को गर्दन पर ब्लेड लगाकर रुपये लूटने की सूचना मिली थी। कॉलर ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर आए तीन लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और एक आरोपी अनमोल की पहचान की। जांच में पता चला कि उसके खिलाफ लूट व आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने अनमोल को चांद सिनेमा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोटरसाइकिल और 400 रुपये बरामद कर लिए गए।

## पिछले 35 सालों के तमाम रिकार्ड तोड़ डाले महंगाई नें : नीलम चौधरी

### महिलाओं पर पड़ रही है जबर्दस्त मार

एक्जिट पोल भले ही फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनने की बात कर रहे हैं लेकिन जनता का भला तो उससे होने वाला नहीं। पिछले दो कार्यकाल में ही मोदी जी नें क्या कुछ कर दिया जो तीसरे कार्यकाल का गुणगान अभी से होने लगा। यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। नीलम चौधरी कहती हैं पहले टर्म में पीएम मोदी नें नारा दिया था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार। लेकिन महंगाई उनके कार्यकाल में कहाँ से कहाँ पहुंच गई। आलम यह है कि महंगाई नें 35 साल के तमाम रिकार्ड तोड़ डाले। और आज आलम यह है कि गरीब और गरीब होता जा रहा है और चंद लोग अमीर होते जा रहे हैं। नीलम चौधरी कहती है देश में 35 सालों में सबसे ज्यादा महंगाई है। 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। 75 सालों में रुपए में सबसे ज्यादा गिरावट है। कांग्रेस के कार्यकाल में जिन स्मृति ईरानी को 400 का सिलेंडर महंगा लगता था, 70रुपए लीटर पेट्रोल महंगा लगता था वो आज दिल्ली में मिलने वाले 1100रुपए के सिलेंडर और पेट्रोल पर मुँह में दही जमा कर बैठी हैं। साल भर में मोदी जी के मित्र उद्योगपतियों की आमदनी 30 लाख करोड़ तक बढ़ी है जबकि दूसरी तरफ देश के हर 10 में से 8 परिवारों की आय में कमी आई है। लोकनीति ने दिल्ली में एक सर्वे करवाया तो पता चला कि दिल्ली के 84 फीसदी गरीबों की आय उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। 75 फीसदी गरीबों ने माना कि जरूरी खाद्य पदार्थों के, गैस के और बिजली के दाम बढ़े हैं। 10 में से 9 व्यक्तियों ने माना की पिछले 2 वर्षों में महंगाई बहुत बढ़ी है। 10 में से 6 लोगों ने माना कि स्वास्थ्य तथा घर के किराए का खर्च बढ़ा है। दिल्ली में गैस की कीमत मई 2014 में 414 रुपए प्रति सिलेंडर (14.2 किलो ग्राम) थी जो जुलाई 2023 में 1103 रुपए हो गयी थी। कमर्सियल सिलेंडर तो 2000 रुपए तक पहुंच गया था। कांग्रेस के लगातार दबाव और 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मामूली कमी की गयी और आज भी करीब 850-900 रुपए का घरेलू सिलेंडर मिल रहा है। मई 2014 में जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत करीब 107 डॉलर प्रति बैरल थी तब यूपीए सरकार के जाते-जाते दिल्ली में पेट्रोल करीब 72 रुपए लीटर था जो अब 95 रुपए लीटर है और बीच में कई बार सैकड़ा लगा चुका है। वही हाल डीजल का भी रहा। मई 2014 में करीब 55 रुपए लीटर और अभी करीब 88 रुपए लीटर। सी.एनजी की दर भी दिल्ली में मई 2014 में करीब 38 रुपए प्रति किलो थी मई 2024 में 74 रुपए प्रति किलो तक पहुँच गयी।

## इंडिया गेट, लाल किला जो आते घूमने उनको करते टारगेट

- भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर जेब से निकालते मोबाइल
- कर्तव्य पथ पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता



कर्तव्य पथ पुलिस की टीम ने दो शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का तीन मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कालू उर्फ इमरान और उसके दोस्त आमिर के रूप में हुई है। दोनो आपस में रिलेटिव भी बताए जा रहे हैं। कालू पर स्नैचिंग और चोरी के 9 मामले चल रहे हैं। जबकि इसका आमिर पर पुराने किसी मामले के बारे में जानकारी पुलिस को नहीं मिली है।

डीसीपी नई दिल्ली देवेश मेहला ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी से एसीपी वीरेंद्र जैन की देखरेख में एसएचओ जतिंदर कुमार, हेड कांस्टेबल मासूम और विक्रम की टीम ने कर्तव्य पथ, कोतवाली और दरियागंज थाना के तीन मामलों का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आधी रात जब पुलिस की टीम नाइट पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान इन दोनों को पकड़ा, जब यह दोनों बड़ोदा हाउस के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे थे।

उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से दो मोबाइल बरामद किए गए। उसकी जब जांच की गई तो एक मोबाइल कोतवाली थाना इलाके से चोरी की निकली। जबकि दूसरे मोबाइल के बारे में आरोपियों ने बताया कि वह दरियागंज बस स्टैंड के पास से किसी शख्स के पॉकेट से चुराया था। इन्होंने बताया कि यह लोग खासकर लाल किला और इंडिया गेट पर जब भीड़ होती है, तो उसी का फायदा उठाकर लोगों के पॉकेट से मोबाइल गायब कर देते हैं। दिसंबर में इंडिया गेट से इन्होंने मोबाइल चोरी किया था। इसके बाद कालू की निशानदेही पर एक और मोबाइल बरामद किया गया, जो कर्तव्यपथ इलाके से चुराई गई थी।

इन्होंने बताया कि यह दोनों मिलकर मोबाइल चोरी की वारदात करते थे। जब इंडिया गेट, लाल किला, दरियागंज जैसे भीड़भाड़ वाले जगह पर मौका नहीं मिलता तो किसी बस में सवार हो जाते थे। जिसमें भीड़ ज्यादा होती थी और उस भीड़ का फायदा उठाकर इनमें से एक टारगेट की तलाश करके उसके साथ चिपक जाता था। दूसरा मौका देखकर उसके पॉकेट से मोबाइल निकाल लेता था। फिर दोनों वहां से फरार हो जाते थे।

## आईपी यूनिवर्सिटी ने की मनेजमेंट) प्रोग्राम में दाखिले के लिए काउन्सलिंग की घोषणा



प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने एमएससी(मडिसिनल केमिस्ट्री एंड ड्रग डिजाइन, एमएससी(बायोइन्फर्मैटिक्स) और एमबीए(डिजैस्टर मनेजमेंट) प्रोग्राम ने दाखिले के लिए आयोजित होने वाली काउन्सलिंग की घोषणा कर दी है। इन तीनों प्रोग्राम के लिए काउन्सलिंग ऑफलाइन मोड में द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। एमएससी(बायोइन्फर्मैटिक्स) की काउन्सलिंग 7 जून को और एमएससी(मडिसिनल केमिस्ट्री एवं ड्रग डिजाइन) और एमबीए (डिजैस्टर मनेजमेंट) की काउन्सलिंग 12 जून को आयोजित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के उपरांत सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। एमएससी के दोनों प्रोग्राम की काउन्सलिंग में इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सफल उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। एमबीए (डिजैस्टर मनेजमेंट) प्रोग्राम की काउन्सलिंग में वैसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस प्रोग्राम के लिए आवेदन किया है। यह प्रोग्राम वीकेंड में उपलब्ध है। एमएससी के दोनों प्रोग्राम द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर औफ एक्सलेन्स इन फार्मसूटिकल साइयन्स और एमबीए(डिजैस्टर मनेजमेंट) द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर औफ एक्सलेन्स इन डिजैस्टर मनेजमेंट में उपलब्ध है।

## घोषित अपराधी को पकड़ने पहुंचे पुलिसकर्मियों को पीटा



नई दिल्ली। अंबेडकर नगर इलाके में दो जून को थाने के घोषित अपराधी को पकड़ने पहुंचे दो पुलिसकर्मियों पर आरोपी के परिजनों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने कांस्टेबल गजेन्द्र और राहुल को जमकर पीटा और वर्दी, फाइल फाड़ दी। दोनों घायल पुलिसकर्मियों ने आरोपी को काबू किया और थाने में हमले की सूचना दी। अंबेडकर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हेमन्त नेगी और अन्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल कांस्टेबल गजेन्द्र और राहुल अंबेडकर नगर थाने में तैनात हैं। दोनों की ड्यूटी बीट नंबर दो पर लगाई गई है। दो जून को कांस्टेबल गजेन्द्र बीट नंबर दो पर पुलिस बूथ में बैठा था। इसी दौरान वहां कांस्टेबल राहुल भी आ गया। थाने से एएसआई अशोक कुमार ने फोन कर बताया कि मदनगीर का रहने वाला हेमन्त नेगी इलाके में घूम रहा है। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश है। कांस्टेबल राहुल और गजेन्द्र दोनों इलाके में पहुंचे तो उन्होंने हेमंत को देखा और उसे दबोच लिया। इसी दौरान हेमन्त के परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों को घेर लिया। आरोपी के पिता नंदन नेगी, मां संतोष नेगी और बहन ने उसे बचाने के लिए पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

## बच्चों के चेहरे से खुशी चुराने वाला गैंग पकड़ा



- 16 साइकिल बरामद, गैंग के 3 गिरफ्तार
- 60 दिन में 40 से ज्यादा साइकिल बरामद कर चुकी पुलिस

संवाददाता

बच्चों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला महंगे साइकिल को चुराकर उनके चेहरे की खुशियां चुराने वाले एक गैंग में शामिल तीन आरोपियों को विकासपुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 16 साइकिल बरामद हुई है। जिनमें से चार साइकिल के बारे में पुलिस को पता चल गया है। बाकी अभी 12 साइकिल कहां से चोरी की गई थी इसकी भी छानबीन की जा रही है। पिछले लगभग 60 दिनों के अंदर वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस 40 से ज्यादा चोरी की साइकिल बरामद कर चुकी है। इससे पहले विकासपुरी पुलिस ने ही एक चोर को गिरफ्तार करके एक दर्जन साइकिल और बरामद की थी।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कमल उर्फ नाग, अब्दुल रहीम और भीड खान उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। यह तीनों नांगलोई और सुल्तानपुरी के रहने वाले हैं। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी और आसपास के इलाके में दो चोर पहुंचकर साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। रिसीवर इनसे औने पौने दाम में चोरी की साइकिल खरीदता।

पुलिस के अनुसार 28 मई को विकासपुरी इलाके से दो साइकिल एक साथ चोरी हो गई थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू की। एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह, एएसआई संदीप पुनिया की टीम ने पता लगाना शुरू किया। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम सबसे पहले कमल उर्फ नाग के बारे में पता लगाने में कामयाब हुई। फिर इसको इसके साथी अब्दुल रहीम के साथ छापा मारकर पकड़ा गया। पहले पुलिस ने इनसे पांच चोरी की साइकिल बरामद किया। अब्दुल रहीम की निशानदेही पर उसके बाद फिर इसके रिसीवर साथी पप्पू को पकड़ा गया और उससे 11 चोरी की साइकिल और बरामद की गई। यह सभी साइकिल आमतौर पर बच्चे और किशोर यूज करते हैं। एक साइकिल की कीमत कई हजारों में होती है।

## जेल में केजरीवाल जी को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही भाजपा; तपती गर्मी में भी नहीं दिया कूलर-आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



जेल में अरविंद केजरीवाल जी को प्रताड़ित करने में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तपती गर्मी में भी उन्हें कूलर नहीं दिया गया है। अरविंद केजरीवाल जी को सरेंडर करने के बाद एक ऐसी कोठरी में रखा गया है, जहां कूलर तक नहीं है। सोमवार को वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा के इस षड्यंत्र को सबके सामने रखा।

आतिशी ने कहा कि, तेज गर्मी में कुख्यात अपराधियों के लिए भी कूलर उपलब्ध करवाने वाली भाजपा की तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को तपती कोठरी में डाला है उन्होंने आगे कहा कि, मेडिकल एग्जामिनेशन के दौरान अरविंद केजरीवाल का गलत वजन रिकॉर्ड करने के लिए भाजपा की तिहाड़ प्रशासन ने 3-3 मशीनें बदल दी। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी का वर्तमान में वजन 63 किलो लेकिन तिहाड़ की मशीनों में ये 61, 64 और 66.5 किलो रिकॉर्ड हुआ। आतिशी ने कहा कि, जिस तरह से अरविंद केजरीवाल जी के वजन को गलत रिकॉर्ड किया जा रहा है, वो बहुत बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। लेकिन भाजपा याद रखें- यदि वो दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को इतना प्रताड़ित करेंगे तो दिल्लीवालों के साथ-साथ भगवान भी उन्हें माफ नहीं करेंगे। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भाजपा ने एक फजी मुकदमे में गिरफ़्तार कर लिया है। कल अरविंद केजरीवाल जी की सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई 21 दिन की जमानत खत्म हुई और अरविंद केजरीवाल जी सरेंडर कर तिहाड़ जेल गए। लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार को शांति नहीं मिली है। भाजपा, अरविंद केजरीवाल जी को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अरविंद केजरीवाल जी को सरेंडर करने के बाद एक ऐसी कोठरी में रखा गया है, जहां कूलर तक नहीं है। उन्होंने कहा कि, ऐसे समय में जब दिल्ली का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस, 50 डिग्री सेल्सियस पहुँच रहा है, ऐसे समय में तिहाड़ जेल में कुख्यात अपराधियों के लिए भी कूलर की व्यवस्था की जाती है। वहाँ पर दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को इस तपती गर्मी में कूलर नहीं दिया गया है।

आतिशी ने कहा कि, मैं भाजपा से, उनके एलजी साहब से ये पूछना चाहती हूँ कि, वो कितना नीचे गिरेंगे, क्या उनकी क्रूरता की कोई सीमा नहीं है? एक डायबटीज के मरीज जिन्हें 30 साल से डायबटीज है, जिनका वजन पिछले कुछ महीनों में लगातार गिरता रहा है; सबसे पहले चेकअप और टेस्ट करवाने के लिए उनकी अंतरिम जमानत का विरोध किया जाता है। जब अरविंद केजरीवाल जी कानून का पालन करते हुए सरेंडर कर देते है तो उन्हें एक तपती हुई कोठरी में रखा जाता है जहां कूलर तक नहीं होता है। आतिशी ने कहा कि, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ये जान ले कि, दिल्ली के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे और अगर वो अरविंद केजरीवाल जी को ऐसे ही प्रताड़ित करते रहे तो उन्हें भगवान भी माफ नहीं करेंगे। आतिशी ने आगे कहा कि, कल जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी तिहाड़ जेल गये तो उनका मेडिकल एग्जामिनेशन हुआ। जेल में जब पहली मशीन पर केजरीवाल जी में अपना वजन तौला तो उनका वजन मात्र 61 किलो निकला। ऐसे में भाजपा प्रशासित तिहाड़ जेल को डर लग गया और समझ आ गया कि अगर ये बात देश-दुनिया के सामने, कोर्ट के सामने आ गई कि अरविंद केजरीवाल जी का वजन 61 किलो तक गिर गया तो स्वाभाविक बात है

## पब्लिक स्कूलों के नजदीक गांवों गरीबों के बच्चों का सो फीसद दाखिला हो

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की दिल्ली सरकार के पब्लिक स्कूलों में छात्रों के दाखिले की प्रकिया की जांच हो। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की इसके तहत हो रहे दाखिले में बढी खामियाँ है। जिसमें स्कूलों के गेट के पास रह रहे बच्चों का नंबर नहीं आता। दूसरा उनका दूसरे स्कूलों में नंबर आता है। जो 4से5 किलोमीटर होता है। वहीं दिल्ली देहात व गांवों के बच्चों को उनकी जमीन पर बनें स्कूलों मे प्राथमिकता नहीं मिलती। गांवों मे जो गरीब व कृषिभूमि विहीन थे। उनके बच्चों को भी स्कूलों मे दर दर भटकना पड़ता है। पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा की गांवो की छोटी बेटियों को भी इस प्रक्रिया के तहत नजदीक स्कूलों में दाखिला नहीं हो पाता। जिसके कारण बढ़ते ट्रेफिक जाम, प्रदुषण और गर्मी सर्दी के मौसम का सामना करना पड़ता है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने उपराज्यपाल से मांग की कि ऑनलाइन प्रकिया को बंद कराकर स्कूलों में ही दाखिले की प्रकिया शुरू हो। उसमें पब्लिक स्कूलों के नजदीक गांवों व इस कैटेगरी के बच्चों का सो फीसद दाखिला हो।

## दो युवकों ने शख्स पर चाकू से किया हमला, गिरफ्तार

नई दिल्ली। सागरपुर इलाके में युवक को अपमानित करने वाले दो दोस्तों ने विरोध करने पर उसे चाकू से गोद दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना के बाद पहुंची सागरपुर थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास की धारा में केस दर्ज कर दो जून को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों मुकुल और विमल मिश्रा के पास से चाकू बरामद कर लिए हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 29 मई को सागरपुर इलाके में एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की सूचना मिली। सागरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल शोभित चौधरी को परिजन डीडीयू अस्पताल लेकर गए हैं। डीडीयू अस्पताल से शोभित को एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोपियों विमल और मुकुल ने पूछताछ में बताया कि घायल शोभित उनके साथ काम करता है। दोनों आरोपी शादी व अन्य आयोजनों में वेटर का काम करते हैं, जबकि शोभित बर्तन धोने का काम करता है। दोनों आरोपी अक्सर उसके काम को लेकर उसे अपमानित करते थे। घटना वाले दिन दोनों आरोपियों ने पीड़ित का मजाक उड़ाया था। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपियों ने पीड़ित पर चाकू से कई वार किए और मौके से फरार हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### ताला काटकर दो जगहो पर लाखों की चोरी

मुरलीगंज बाजार में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा दो जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर ने एक खाली घर और एक दुकानदार के गोदाम को निशाना बनाया। घटना को लेकर पीड़ित गृहस्वामियों ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। मेसर्स एनके डिस्ट्रीब्यूटर्स के मालिक सूरज कुमार ने बताया कि रविवार की मध्य रात गोलबाजार वार्ड सात स्थित उनके गोदाम के शटर का तला काटकर एक लाख रुपए का अमूल कंपनी का सागर दूध की चोरी कर लिया। चोरों की गतिविधि सीसीटीवी में कैद हो गई है। वही गोलबाजार वार्ड सात निवासी राजीव पंसारी की पत्नी नीतू पंसारी ने बताया कि वे पिछले पांच दिनों से अपने बीमार पति का इलाज के लिए मधेपुरा में थी। इसी क्रम में रविवार की मध्य रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का तला तोड़कर गोदरेज से एक लाख 25 हजार नकदी के अलावे जेवरात की चोरी किया गया है।

# भारत को सोने की चिड़िया के जगह अब सोने का शेर कहा जाएगा : तारकेश्वर प्रसाद

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा : सिंहेश्वर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शांतिवन गली में प्रभु नारायण भगत के यहा श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने कहा मोदी जी का 400 पार के नारा पर देश के राष्ट्रीय चैनलों ने भी अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सातवें चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। इसके बाद एग्जिट पोल पर आए आंकड़े के अनुसार पूरे भारत में एनडीए गठबंधन का तीसरी बार सरकार अपार बहुमत से सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा वास्तव में इस चुनाव से हम सबों ने आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपना देश के सामने रखने का प्रयास किया। उसका एक व्यापक समर्थन भी देखने को मिला है। आजादी के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में लगातार जो सरकार रही है। उसने सिर्फ परिवारवाद, भ्रष्टाचारवाद को बढ़ावा दिया। इसलिए देश कहीं ठहरा हुआ सा नजर आ रहा था। और जिस पैमाने पर भारत की तरक्की होनी चाहिए थी। वह नहीं हो पा रही थी। जिसे यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी के दस वर्षों के कार्यकाल में गति देने का काम किया। उन्होंने कहा सबसे अच्छी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षों में देखने को मिली कि केंद्र सरकार की जितनी भी कल्याणकारी नीति और योजना है लोगों तक पहुंचा है। लोगों ने इसे महसूस भी किया है। इस चुनाव में इंडी गठबंधन के पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा भी स्पष्ट तौर पर नही था। इस बार का चुनाव में देश का प्रधानमंत्री कौन होगा इस पर लड़ा गया है। एनडीए गठबंधन के पास नरेंद्र मोदी जैसा विशाल व्यक्तित्व का चेहरा था। वही इंडी गठबंधन के पास कोई चेहरा ही नही था। उसमें जितने भी नेता है या तो वो जेल में है या बेल पर है। और स्वाभाविक तौर पर किसी में इतनी हिम्मत और ताकत नहीं है। जो नरेंद्र मोदी के सामने उम्मीदवार के रूप ठहर सके। राष्ट्रीय चैनलों का एग्जिट पोल ने यहां साबित कर दिया है। एनडीए चार सौ के पार सीट जीत रहा है।इस प्रचंड जीत के बाद पहले देश के विकास की रफ्तार और बढ़ेगी और भारत को सोने की चिड़िया के जगह अब सोने का शेर कहा जायेगा। और फिर विकसित भारत का निर्माण होगा। मौके पर थानाध्यक्ष विरेंद्र राम, व्यापार संघ के महासचिव अशोक भगत, पुर्व सरपंच राजीव कुमार बबलू, डॉ एलपी भगत, पवन कुमार भगत, सुभाष चंद्र भगत, व्याहुत संघ अध्यक्ष अशोक भगत, विनोद भगत, मनोज कुमार, भगत, प्रभु नारायण भगत, रौशन भगत, शिव शंकर प्रसाद भगत, राम कुमार भगत, सुभाष चंद्र घोष, घनश्याम शर्मा, सतीश प्रसाद भगत, हेमचंद्र प्रसाद भगत, सुरेंद्र सिंह, अनील भगत, आदि मौजूद थे।

# दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा के भरार्ही थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मोत्तर नहर पर रविवार शाम दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक की पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के मझौआ निवासी पवन कुमार (28) के रूप में हुई। उनके भाई सोनेलाल कुमार ने बताया कि उनके साढ़ू के घर पर भोज था। रविवार को पवन अपनी पत्नी को साढू के घर वसंतपुर पहुंचा कर वापस ससुराल लौट रहा था। रास्ते में ब्रह्मोतर नहर पर विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में उसका भाई गंभीर रूप से घायल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों फोन कर उन्हें इसकी जानकारी दी। उनलोगों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। भरार्ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने आगे की कार्रवाई की जाएगी। देर रात मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# उत्साह-विवाहित महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा, जानिए पूजा के नियम

## छह को अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के शिव मंदिर के पुजारी सह ज्योतिषचार्ज प्रभाकर पांडे से वट सावित्री पूजा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।वट सावित्री पूजा प्रतिवर्ष जेष्ठ माह के अमावस्या को मनाया जाता है। यही पूजा दक्षिण भारत में जेष्ठ पूर्णिमा को मनाया जाता है।इस वर्ष 6 जून को अमावस्या है। इस कारण ही पूजा 6 जून को होगी। इसको लेकर विवाहित महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वट सावित्री की पूजा के लिए के दिन महिला पहले स्नान आदि कर पूजा की थाल सजाकर वट की पूजा करते हैं।साथ ही पंडित को दान देते हैं। इस दिन महिलाएं अपने लिए वस्त्र और आभूषण तथा पति के लिए भी वस्त्र खरीदारी कर सकते हैं।वट सावित्री की पूजा करने के लिए पंडित प्रभाकर पांडे ने बताया की वट के मूल में पूजा करें तथा एक बरगद के पत्ते पर त्रिदेव की पूजा करें। एक पत्ते पर कुश सावित्री का पूजा करने के बाद वृक्ष की 11 बार परिक्रमा करनी चाहिए। ऐसा करने से पत्न ी को सौभाग्य के साथ वंश वृद्धि होती है। उस दिन पत्नी को चाहिए कि पति का पैर धोए, पंखा से हवा करें,मिठाई खिलानी चाहिए अथवा शरबत पिलानी चाहिए। पंडितों के अनुसार सावित्री अपने पति सत्यवान की मौत होने के बाद भी सावित्री ने अपने पति सत्यवान की जान यमराज से वापस लाई थी। कहा जाता है कि सावित्री ने अपने प्रतिवर्ष धर्म के कारण ही पति की प्राण वापस ला सकी थी।

नई नवेली दुल्हन नहीं करें वट सावित्री की पूजा

नयी नवेली दुल्हन नही करें सावित्री की पूजा। ज्योतिषाचार्ज प्रभाकर पांडे ने बताया कि इस वर्ष सुक्रांत है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सुक्रांत में किसी भी व्रत का प्रारंभ नहीं करनी चाहिए।इस वर्ष वैसी महिलाएं जिनका विवाह इसी वर्ष हुआ है। वह महिलाएं इस वर्ष वट सावित्री की पूजा नहीं। इन चीजों से करें पूजा-अर्चना- गंगाजल,अक्षत,रक्षा सूत्र,चना,फुल, सिंदूर,धूप आदि होना चाहिए व जल से वट वृक्ष को सींचकर उसके चारों ओर रक्षासूत्र व कच्चा सूत लपेट के पांच या सात बार प्रदक्षिणा करनी चाहिए। पूजा समाप्ति के बाद ब्राह्मणों को भोजन व दान दक्षिणा देने का विधान है। आज भी सावित्री के चरित्र से प्रभावित होकर पतिव्रत धर्म के पालन के लिए भारत की नारियां पूरी आस्था से इस व्रत को करती है।

# जमुई सहित पुरे देश मे 400 पार करेगी भाजपा गठबंधन:विकास सिंह

## पुरुषोत्तम नरेंद्र मोदी जी का नाम इतिहास मे दर्ज हो जायेगा



- देश की जनता मोदीजी के साथ,इंडी गठबंधन चारो खाने चित

प्रात : किरण, संवाददाता

सभी चैनलों के एग्जिट पोल आने के बाद यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नारे ह्लअबकी बार 400 पारह्व को देश के मतदाताओं ने संकल्प मानकर इतिहास रचने जा रही है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास प्रसाद सिंह ने बताई। आगे उन्होंने कहा कि मुझे इस आम चुनाव पार्टी कि ओर से कई लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, और निश्चित रूप से कह सकते हैं कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चुनाव लड़ रहे थे, लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं का रुझान और वोट सिर्फ और सिर्फ मोदी जी के सशक्त भारत, समृद्ध भारत के नाम पर एवीएम में बटन दबाया। चुनाव के इस महापर्व में 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपना मतदान किया। जिसमें से आधी आबादी ने बढ़-चढ़कर 33 करोड़ से अधिक मतदान किया जो अभी तक का एक अपने आप में रिकॉर्ड है।

जमुई सहित बिहार के लगभग सभी सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत होंगी! देश के महान मतदाताओं को बहुत बहुत आभार।

# साईकिल यात्रा एक विचार मंच द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

- पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए हो रहा आयोजन, 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुईः साईकिल यात्रा एक विचार मंच द्वारा आयोजित पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया गया।

साईकिल यात्रा एक विचार मंच जमुई के द्वारा 1 जून से 7 जून तक पर्यावरण संरक्षण सप्ताह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हर दिन कोई ना कोई प्रतियोगिता का आयोजन सदस्यो द्वारा विभिन्न संस्थानों में जाकर तथा ऑनलाइन भी किया जा रहा है।

विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अवगत कराते कहा कि इस प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का है ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित रख सकें। उनको पर्यावरण का महत्व बताना और उनको जागरूक करना है। इस अवसर पर साईकिल यात्रा एक विचार मंच जमुई के संस्थापक सदस्य विवेक कुमार ने बताया कि साईकिल यात्रा एक विचार मंच जमुई, बिहार और देश के पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के प्रति सजग है और बच्चों को जागरूक करना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्हे भी पर्यावरण संरक्षण में शामिल करके ही इस लड़ाई को जीता जा सकता है।

इस कार्यक्रम में ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर के संचालक श्री रोहित सर ने बताया कि हम सभी एक साथ इस समस्या से लड़ सकते हैं। अकेले का यह काम नहीं है। क्योंकि इससे फायदा सभी को है और नुकसान भी सभी को है। यह एक विकराल समस्या बनती जा रही है। इसके लिए जन जन को जागरूक होना होगा।

मंच के सक्रिय सदस्य ठाकुर डुगडुग सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सप्ताह में शामिल सभी बच्चों को दिल से आभार और वो अपने आस पास भी इस कार्य को कर सकते हैं।

सक्रिय सदस्य सचिराज पदमाकर ने बच्चों को पर्यावरण से जुड़े कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। जिससे की बच्चों में भी पर्यावरण को जानने समझने में रुचि जगे। और हमारा काम आसान हो ।

# ट्रेन की चपेट में आने से लखीसराय के एक युवक हुआ घायल, रेफर

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार की रात्रि में लखीसराय जाने के क्रम में एक युवक झाझा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान लक्खीसराय थानाक्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला के रहने वाले 39 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना देखकर डयूटी पर तैनात रेलपुलिस ने तुरंत आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार राहुल देवघर से रात्रि में किसी ट्रेन से झाझा रेलवे स्टेशन पहुंचा और दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए वह रेलवे लाइन पार कर रहा था कि तभी सामने से आ रही ईएमयु गाड़ी की चपेट में आ गया जिसमें उसका दाया पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने के बाद उसके परिजनों को सूचना दिया गया।

# सामुदायिक शौचालय, यात्री शेड और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के गिद्धौर बाजार में सामुदायिक शौचालय,यात्री शेड और पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगों को काफी फजीहत हो रही है। उक्त बाजारों में अस्थायी बस स्टैंड भी है।गिद्धौर बाजार राजमार्ग ठल 333 देवघर जाने वाली मुख्य सड़क पर अवस्थित है। इस स्थल पर मूलभूत आवश्यकता का घोर अभाव है। ऐसा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के अनदेखी के कारण है। आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय व यात्रीशेड का निर्माण और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाया है। जबकि सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा शौचालय निर्माण के लिए लोगों को जागरुक भी किया गया है। इस अभियान में लाखों रुपए पानी की तरह बहाया गया है। उस समय अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ आमलोग भी शौचालय निर्माण के लिए अमलीजामा पहनाने के लिए अग्रसर रहे। इसके लिए जागरूकता अभियान व रैली भी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इसका नतीजा रहा कि शहरी व ग्रामीण इलाकों में शौचालय निर्माण भी हुआ है।लेकिन गिद्धौर बाजार और रतनपुर चौक में शौचालय निर्माण के प्रति किसी भी लोग का संवेदना नहीं जग पायी है। जिसके कारण महिला हो या पुरुष आवश्यकता पड़ने पर बगल के खेत या नदी में जाना पड़ता है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रहा है। इस गर्मी में भी गिद्धौर बाजार के हृदय स्थली कहा जाने वाला चौक पर लोगों के प्यास बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं है। ना तो नल का जल है और ना ही चापाकल की व्यवस्था है। जिसके कारण लोगों को पानी का बोतल खरीद कर प्यास बुझाने पड़ता है। प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से गिद्धौर बाजार व रतनपुर चौक पे सामूहिक शौचालय, यात्रीशेड और पानी की व्यवस्था की मांग की है।

## मुख्य बाजार से एक नामजद अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते 12 अप्रैल को सोहजाना गांव के रहने वाले एक ई रिक्शा चालक अमित कुमार के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों से एक बदमाश को झाझा पुलिस ने झाझा मुख्य बाजार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सोनो थानाक्षेत्र के पेलवाजन गांव के रहने वाले सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि कांड संख्या 145/24 में नामजद आरोपी को झाझा मुख्य बाजार में होने की सूचना प्राप्त हुआ जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया।

# विज्ञान के छात्र अक्षत तिवारी एकलव्य कालेज के टॉपर बने, अनुराग दुसरे टॉपर

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा सत्र- 2021-24 के पार्ट- 3 के विज्ञान संकाय की परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया है। इसमें सरस्वती अर्जुन एकलव्य कॉलेज के छात्र अक्षत तिवारी जूलॉजी में 1042 अंक लाकर कॉलेज के टॉपर बने। उसने जीएस में 90 अंक प्राप्त किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य रामानंद प्रसाद ने बताया कि कॉलेज में दूसरे स्थान पर जूलॉजी के छात्र अनुराग कुमार रहे। इसने कुल 975 अंक प्राप्त किया। जबकि, तीसरे स्थान पर रहने वाली जूलॉजी की ही छात्रा कोमल कुमारी ने कुल 954 अंक प्राप्त किया। वहीं, अन्य विषयों की बात करें तो 1026 अंक लाकर बॉटनी की छात्रा अंशु भारती अपने विभाग की कॉलेज टॉपर बनी। राजन राज 995 अंक लाकर मैथ में, 965 अंक लाकर विशाल सहाय केमिस्ट्री में अपने विभाग की टॉपर बने। इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में आस्था सुल्तानिया कॉलेज की टॉपर बनी। द्वितीय स्थान पर 1000 अंक लाकर यश कुमार चौधरी तथा कुमारी पायल 994 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। छात्रों के इस प्रदर्शन पर कॉलेज के प्राचार्य रामानंद प्रसाद तथा कॉलेज के ही हर्ष कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिना तलाब की खुदाई किए पीआरएस ने निकाल लिये 6 लाख 10 हजार रुपए

## ऑनलाइन पेज पेमेंट डिटेल मनरेगा पोर्टल पर देखा जा सकता है



- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में मची है लूट
- दुलमपुर के रंजीता तालाब का जिणोर्धार कार्य में मची है लुट

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड के मौरा पंचायत में मनरेगा की क्रियान्वित योजनाओं में लूट की होड़ मची हुई है। इसमें प्रखंड के पदाधिकारी से लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधि,रोजगार सेवक की मिली भगत से किया जा बंदरवाट।

ताजा मामला मौरा पंचायत के दुलमपुर गांव रंजीता तालाब बिहार सरकार के वर्क रजिस्टर डिटेल 20626500 कार्य को देखकर लगाया जा सकता है कि तालाब के समीप बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। और यह योजना लगभग 9.50 रुपए का है।बिना तलाब की खुदाई किए पीआरएस ने निकाल लिये 6 लाख 10 हजार रुपए का निकासी भी कर लिया गया है, तलाब जस का तस बना हुआ है। पंचायत के रोजगार सेवक के द्वारा तलाव का कार्य मजदूर से पूर्ण नहीं करके एक दिन पुर्व रात्रि में जेसीबी से कार्य थोड़ा बहुत करा लिया है। जिससे पंचायत के मजदूरों की रोजी रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है।

यही वजह है कि क्रियान्वित योजनाओं में योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगाया जा रहा है। बोर्ड नहीं लगने पर प्राक्कलन में आसानी से चोरी की जा रही है। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी योजना के कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं।उस बोर्ड में योजना का नाम,योजना की प्रकलित राशि, संवेदक का नाम आदि का जिक्र अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड में 20 से अधिक गांव में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत योजनाएं हो रही है।

यहां पैन सफाई,तालाब खुदाई,वृक्षारोपण एवं मिट्टी भराई के कार्य के अलावे सहित सौ से अधिक योजनाओं का संचालन हो रहा है। बता दे कि कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगाए जाने से सरकारी राशि की लूट करने की आजादी है।

ऐसे में आम लोगों को योजना और प्राक्कलन की जानकारी नहीं मिल पाती है।पंचायत से लेकर प्रखंड तक के विभागीय कर्मी एवं पदाधिकारी की मेल से सरकारी राशि की लूट का जरिया बना लिया है।

ऐसे में ग्रामीण मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना मजदूरों को घर पर ही मनरेगा उपलब्ध कराने और चेहरे पर खुशहाली लाने के बजाय लूट,खसोट का जरिया बनकर रह गया।

यह योजना जनप्रतिनिधि,प्रखंड मनरेगा पीओ,प्राक्कलन पदाधिकारी सहित अन्य के लिए कामधेनु बनकर रह गया है।

# रेफरल अस्पताल में बीपी जांच नही होने से मरीजों ने काटा बवाल, अस्पताल प्रबंधक ने लोगों को करवाया शांत

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] सोमवार को रेफरल अस्पताल में बीपी जांच नही होने से मरीजों ने बबाल काटा। दरअसल अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचे मरीजों में कुछ मरीज को डॉक्टर ने बीपी जांच करवाने के लिए पुर्जा पर लिखा और जब ओपीडी कक्ष के बाहर मरीज बीपी जांच करवाने पहुंचे तो बीपी जांच करवाने के लिए बना काउंटर बंद पड़ा मिला जिसके बाद मरीजों ने अस्पताल में बबाल काटते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। मरीजों ने कहा कि जब अस्पताल में सुविधा ही उपलब्ध नही है तो फिर मरीज का समुचित इलाज कैसे हो पाएगा। अस्पताल में मरीजों के द्वारा किए गए बबाल पर तुरंत अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार मौके पर पहुंचे और हंगामा मचाते मरीजों को किसी तरह शांत करवाते हुए लोगों की समस्या सुनी और फिर मरीजों का बीपी जांच करवाया गया। इस संदर्भ में अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि बीपी जांच काउंटर पर एएनएम डॉली कुमारी को नियुक्त किया गया लेकिन अचानक सोमवार की उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण वह सूचना देते हुए अपने कार्य पर उपस्थित होने में असमर्थ बताई। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि जबतक वह डयूटी पर नही आ जाती है तबतक दूसरे एएनएम से मरीजों का बीपी जांच करवाया जाएगा ताकि मरीजों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो।

# ईएमटी की मांग 6 जून को पूरा नही हुआ तो 102 एंबुलेंस के चालक 7 जून से करेंगे हड़ताल

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अपनी कई मांगों को लेकर 7 जून से अस्पताल में चल रहे 102 की एंबुलेंस के चालक और ईएमटी हड़ताल पर जा सकते है। हड़ताल पर जाने से पूर्व एंबुलेंस चालक और ईएमटी इस संदर्भ में जमुई स्वास्थ्य विभाग के सीएस को पत्र देकर अवगत करवाया गया। मामले को लेकर 102 एंबुलेंस कर्मी संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि हमलोग जमुई जिला में 102 एंबुलेंस के चालक और ईएमटी मिलाकर 80 से भी ज्यादा कर्मी अपने कार्यो को इमानदारी पूर्वक करते आ रहे है। हमलोगों को वेतन भी बढ़ोतरी न किया जा रहा है न ही हमलोगों को सही रूप से वेतन ही मिल पा रहा है। अध्यक्ष ने आगे कहा कि हमलोगों ने सीएस से वेतन बढ़ोतरी, वेतन ससमय मिलने, पीएफ की राशि भुगतान करने, एक साल से काम करने के बाद भी ज्वाइनिंग लेटर नही देने, आईडी कार्ड नही देने के संदर्भ में ज्ञापन दिया है। अध्यक्ष ने बताया कि इससे पूर्व भी हमलोगों ने मांग किया था लेकिन सिर्फ मांगों को पूरा कर देने का आश्वासन ही दिया गया था। इस बार हमलोगों ने पुनः ज्ञापन सीएस को दिया जिसपर सीएस डॉक्टर कुमार महेंद्र प्रताप ने आश्वासन दिया कि फंड अभी नही है छह जून को फंड की राशि आती है चालक, ईएमटी को भुगतान कर दिया जाएगा।

# जन सुराज के पीके बूथ यूथ क्लब के खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का किया गया वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता



अलौली। जन सुराज के पीके बूथ यूथ क्लब का बैठक मेघौना खेल मैदान के मंच पर हुई। बैठक में प्रखंड के लगभग 58 क्लब के अध्यक्ष गण भाग लिए, जिसका नेतृत्व जन सुराज के जिला महासचिव किरण देव यादव ने किया। वहीं क्लब प्रखंड संयोजक अलौली के दीपांशु कुमार के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में क्लब के अध्यक्षों को खेल सामग्री कैरमबोर्ड , वॉलीबॉल एवं नेट आदि का वितरण जन सुराज के महासचिव किरण देव यादव के करकमलों द्वारा किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा कर युद्ध स्तर पर तेज करने एवं लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया। श्री यादव ने क्लब के अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर जी के निदेर्शालोक में खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाने हेतु खेल सामग्री जन सुराज की ओर से उपलब्ध कराई गई है। आगामी समय में अन्य खेल सामग्री भी उपलब्ध कराने की संभावना है। श्री यादव ने कहा कि खेल से युवाओं का मानसिक शारीरिक बौद्धिक विकास होती है एवं अनुशासित होते हैं। श्री यादव ने कहा कि जिले में जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी टूनामेंट का आयोजन 11 जून से किया जाएगा, जिसमें जिले भर का खिलाड़ी एथलीट भाग लेंगे, जिसका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 5 जून तक होना है। हेल्पलाइन नंबर 91 216 91 216 पर संपर्क करने तथा सदस्यता हेतु 97 216 97 216 पर मिस्ड कॉल करने हेतु इच्छुक युवा खिलाड़ी से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का अपील किया गया। श्री यादव ने कहा कि जल्द ही जन सहायता केंद्र खोलकर जन समस्याओं का समाधान हेतु सरजमीनी कार्य घर-घर जन सुराज अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर मेघौना के खेल मैदान में चहुंओर वृक्षारोपण किया जाएगा। 15 जून से बिहार पढ़ने को तैयार अभियान चलाया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि उक्त अभियान के तहत सही लोग सही सोच एवं सामूहिक प्रयास से व्यवस्था परिवर्तन करने हेतु सुंदर शिक्षित विकसित बेहतर वैकल्पिक बिहार बनाने का मजबूत पहल किया जा रहा है। बैठक में सैकड़ों युवा आमजनों ने मिस्ड कॉल कर एवं फॉर्मेट भरकर जन सुराज का सदस्यता ग्रहण किया।

**सम्पादकीय**

## हम अर्बन हीट आइलैंड के प्रभाव में

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई भागों में गर्मी कहर बरपाए हुए है। राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों के साथ ही उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में भी यही हाल है। कई राज्यों में स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा है। आगामी दिनों में भी गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से राहत के आसार नहीं हैं। देश में जगह-जगह लगातार गर्मी का रिकॉर्ड टूट रहा है। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच, दिल्ली-एनसीआर गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। महानगर दिल्ली में पानी की किल्लत इस कदर है कि पानी की राशनिंग करने तक की नौबत आ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली में पेयजल संकट का ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ते हुए चेताया है कि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में छोडा बंद कर दिया है। दिल्ली के नागरिकों को भी उन्होंने चेताया है कि गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पानी का इस्तेमाल न करें। गाड़ी धोने जैसे कामों में पानी का इस्तेमाल न हो। यदि पानी का इस्तेमाल गैर-जिम्मेदाराना तरीके से होता मिला तो चालान भी किए जा सकते हैं। भीषण जल आपूर्ति का सामना कर रहे इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति दिन में दो बार की बजाय एक बार करने की बात भी कही गई है। कई इलाकों से लोगों के गर्मी और लूट की चपेट में आकर बीमार पडे के मामले भी आने लगे हैं। लू की चपेट में आए लोगों को बुखार, सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी शिकायतें हैं। हीट स्ट्रोक के साथ ही डिहाइड्रेशन की गंभीर चुनौती भी दरपेश है। इससे बच्चों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी और लू का आलम यह है कि दिन ही नहीं देर शाम तक भी लू और गर्म हवाएं लोगों को हलकान किए रहती हैं। भीषण गर्मी और लू किसी एक साल तक सीमित मौसमी घटना नहीं है। दरअसल, बढ़ते शहरीकरण के चलते हरियाली की कमी और सीधी धूप के निशाने पर आने के कारण हम अर्बन हीट आइलैंडइ (यूएचआई) के प्रभाव में हैं, जिसके आने वाले समय में बढे की ही संभावना है, कम होने की नहीं। ऐसी अति मौसमी स्थितियों में रहना हमें सीख लेना होगा।

## कत्ल की रात के पहले और बाद

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे आने से पहले आज की रात कत्ल की रात है। कत्ल की रात हिन्दू नहीं मनाते लेकिन इस मुहावरे का सबसे ज्यादा इस्तेमाल हिन्दू ही करते हैं। दरअसल कत्ल की रात मोहर्रम की नौवीं तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के एक दिन पहले की रात होती है। यही वजह है कि दुनिया भर के मुसलमान इस रात को कत्ल की रात के नाम से याद करते हैं। लेकिन हर मुश्किल फैसले से पहले की रात को अब हिंदुस्तान में कत्ल की रात कहा जाता है। सबको मालूम होता है कि कल कत्ल होने वाला है ऐसे में शहादत देने वाले और कत्ल करने वाले के साथ ही दोनों पक्षों के लिए सुबह होने तक रात आँखों में ही कटती है। हिंदुस्तान में सियासत करने वाले नेताओं के लिए चुनाव के नतीजे आने से पहले की रात कत्ल की रात ही कही और मानी जाती है। अच्छी बात ये है कि भारत में भाजपा कत्ल की रात का जुमला शायद नहीं मानती, क्योंकि इस जुमले की जड़ में इस्लाम की एक कहानी है। और इस्लाम से भाजपा को न जाने क्यों नफरत है भाजपा को कत्ल करना तो आता है लेकिन शहादत देना नहीं आता। .भाजपा की मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में भी शायद शहादत देने का पाठ नहीं पढ़ाया जाता। यही वजह है कि आजादी से पहले और आजादी के बाद न संघ के पास देश पर मर मिटने वाले शहीदों की अपनी कोई सूची नहीं है। भारत की आजादी के 33 साल बाद जन्मी भाजपा केपास तो इस तरह की कोई सूची होने का सवाल ही नहीं उठता। भाजपा के अविनाशी और गैर-वायलॉजिकल नेता भी आजादी के बाद पैदा हुए

किस्सा कत्ल की रात का था। देश के गोदी मीडिया ने चुनावी नतीजे आने से पहले ही भाजपा के तीसरी बार सत्ता में लौटने का ऐलान कर दिया है। गोदी मीडिया ये सब न भी करता तो भी कत्ल की रात पर कोई असर नहीं पड़ता। भाजपा माने या न माने लेकिन कत्ल की रात तो दूसरे राजनीतिक दलों की तरह उसके लिए भी है। कत्ल की रात में आँखों से नींद उड़ जाती है। लोग सारी रात या तो भजन-कीर्तन करते हैं या माला जपते हैं। देश में आज भी सब कुछ पहले की तरह ही होगा सिवाय इसके कि कत्ल की रात से पहले देश को दूध पिलाने वाली सबसे बड़ी संस्था ने दूध के दाम दो रुपए किलो बढ़ा दिए और कत्ल की रात के बाद टोल टैक्स की दरें भी बढ़ी हुई देना पड़ेंगीं।

नयी सरकार हिन्दू-मुसलमान करने वालों की आये या मोहब्बत की दूकान खोलने वालों की, इससे कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि अभी भी ये देश असली और नकली हीरो की पहचान करने के लायक नहीं हुआ। आम चुनावों के साथ हुए सिक्किम विधानसभा के चुनाव में सिक्किम की जनता ने भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया को एक बार फिर चुनावी राजनीति में हार का स्वाद चखना पड़ा।, भूटिया बारफुंग सीट पर सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के रिक्शल दोरजी भूटिया से 4, 346 वोटों के अंतर से हार गए। सीधी सी बात ये है कि आज भी देश की अवाम की आँखों से शायद रतौंधी गयी नहीं है। कल 4 जून को जब ईवीएम मशीनें अपना मुंह खोलेंगी तो मुमकिन है कि तमाम भूटिया चुनाव हारें और तमाम जीतें भी। जनादेश चाहे जैसा आये हम सभी को बिना किसी शक-सुबह के शिरोधार्य करना पडेगा। जनादेश को शिरोधार्य करने के अलावा कोई दूसरा चारा होता ही नहीं है। हमारे यहां तो मशीनों का मुंह खुलने से पहले ही अन्तयार्मी नेताओं को पता चल जाता है कि वे या उनका दल कितनी सीटें जीत चुका है। केंद्रीय गृहमंत्री श्रीमान अमित शाह दूसरे-तीसरे चरण के मतदान के बाद से ही भाजपा कितनी सीटें जीत गयी है, इसका आंकड़ा जनता को बताने लगे थे, इस हिदायत के साथ की -किसी से कुछ कहना नहीं। जनादेश के बारे में नेता, मशीनें और मीडिया सब कुछ जानते हैं केवल जनादेश देने वाली जनता कुछ नहीं जानती। वो जान भी नहीं सकती और उसे जानना भी नहीं चाहिए, क्योंकि उसके हाथ में कुछ है ही नहीं। उसकी आँखों के सामने से जनादेश हड़प लिया जाता है। जनादेश कैसा होगा, ये हम भी नहीं जानते। मीडिया वालों ने जो संकेत दिए हैं उनसे ज्यादा भरोसा हमें पहले से बदनाम हो चुकी ईवीएम मशीनों के ऊपर हैं। ऊपर वाले ने जब जनता और देश कि किस्मत में फैसला करने का हक इन मशीनों को ही दे दिया है तो हमें इन्हीं पर भरोसा करना पडेगा। मुमकिन है कि मशीनें मतदान करने वाले मतदाता के फैसले के सामने नतमस्तक हो जाएँ और बेईमानी करने से मना कर दें। मुमकिन है कि ऐसा न भी हो। लेकिन जो होगा उसे हंसी-ख़ुशी कबूल करना ही अवाम की विवशता है। जनादेश कि समीक्षा नहीं होती। उसका पुनर्मूल्यांकन भी नहीं होता। इक्का-दुक्का सीटों के परिणामों को कोई चुनौती दे सकता है लेकिन समूचे जनादेश को चुनौती नहीं दी जा सकती। नहीं दी जाना चाहिये। फिर से अगले पांच साल का इन्तजार करना चाहिए। अदावत की राजनीति के मौजूदा युग में हमारी किसी से भी अदावत नहीं है। न नफरत फैलाने वालों से और न मोहब्बत की दुकानें चलाने वालों से, अर्थात ना काहू से दोस्ती, ना काहों से बैर। ये फामूर्ला मेरा नहीं है, बाबा कबीर दास का है। वे कहते रहे कि -

कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर,

ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर गरीब जनता खैर ही मना सकती है, इसके अलावा उसके पास कोई अधिकार, कोई अवसर बचा ही नहीं है।। उसे अपने मंगलसूत्र के लिए खैर मनाना पड़ती है, उसे आरक्षण के लिए खैर मानना पड़ती है, उसे मुजरा करने वालों पर भी नजर रखना पड़ती है, उसे देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने वालों से भी दो-चार होना पड़ता है। जनता कुल मिलाकर निरीह है। उसने किसके पक्ष में मतदान किया ये या तो वो खुद जानती है या उसका ईश्वर /अल्लाह। मशीने तो बेचारी कमांड पर चलतीं है। उन्हें दोष देने या उनकी निंदा करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। कल के बाद जो भी सत्ता के सिंहासन पर आएगा वो आपने मन की करेगा। जन, गण, मन से उसका क्या लेना-देना। जन, गण, मन को तो अधिनायक जय हे ही करना है। दस साल में जनता को इसका अभ्यास भी हो गया है। जनता पहले भी अधिनायक की जय बोल चुकी है, आगे भी बोले तो हैरानी कैसी ? ये देश गोया सनातनियों का देश है इसलिए यहां वो सब चलता है, जो नहीं चलना चाहिए। मुझे तो नतीजों से ज्यादा फिक्र उन 85 करोड़ मतदाताओं की है जो अगले पांच साल के लिए मुठ्ठी बाहर अनाज के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। मुझे चिंता ऊब जिसानों कि है जो सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ सत्याग्रह करते-करते सत्ता के बैरी बन चुके हैं। मुझे फिक्र उन नैजवानों कि है जो नक्सलियों कोई भाषा बोलते से लगते है। ऐसे लोग राहुल गांधी भी हो सकते हैं और उनके तमाम समर्थक भी।

# राजनेताओं को सदबुद्धि देना भगवान, ध्यान पर घमासान क्यूँ

18वें लोक सभा के साधारण चुनाव 24 के सातवें व अन्तिम चरण के सम्पन्न होने के बाद राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय राजनीतिक विषलेषज्ञों का ध्यान 4 जून को लोकसभा व 4 राज्यों केविधान सभा के चुनाव के परिणामों पर टिकी थी, लैकिन सातवें चरण के चुनाव प्रचार अभियान के समाप्त होते ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कन्या कुमारी स्थिति स्वामी विवेकानंद शिला पर 45 घंटे ध्यान पर बैठ गए। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने चुनाव आयोग में की शिकायत की है। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने मचाया बवाल है। कांग्रेस का कहना है कि ये चुनाव आचार संहिता का सीधा-उल्लंघन है। आप को पता होगा क कि जब चुनाव की घोषणा होती। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट जारी किया जाता है। जिनका सभी पार्टियों, नेताओं व उम्मीदवारों को पालन करना होता है। उन्हीं नियमों से एक नियम कहता है कि सभी दलों और उम्मीदवारों को पूरी ईमानदारी से उन सभी कार्यों को नहीं करना चाहिए जो कानून के मुताबिक भ्रष्ट आचरण या अपराध माने जाते हैं। जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना, किसी और के बदले मतदान करवाना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, मतदान खत्म होने से 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाना-ले जाना। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा126 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक करना, जुलूस निकालना और उसमें भाग लेना प्रतिबंधित है। इसके साथ ही सिनेमा और टेलीविजन या अन्य उपकरणों की मदद से जनता के सामने चुनाव संबंधी सामग्री प्रदर्शित भी नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही मतदान क्षेत्र में वोटिंग से पहले 48 घंटे की अवधि के दौरान जनता को आकर्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजन करके जनता तक चुनाव सामग्री पहुंचाना प्रतिबंधित है।





**विनोद ताकियावाला**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

वैश्विक राजनीतिक पटल पर एक बार फिर से भारत अपना नया इतिहास लिखने जा रहा है। यूँ तो भारत हमेशा ही सम्पूर्ण विश्व में अपनी पहचान व ज्ञान के केन्द्र बिन्दू में रहा है। इन दिनो पर्यावरण वे बदलते परिवेश व प्रजातंत्र के महापर्व-18वें लोक सभा व 4 रा राज्यों उड़िशा, आन्द्राप्रदेश अरुणाचल व सिक्कम में विधान सभा चुनाव की गर्मागर्म बहस हो रही है। 18वें लोक सभा के साधारण चुनाव 24 के सातवें व अन्तिम चरण के सम्पन्न होने के बाद राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय राजनीतिक विषलेषज्ञों का ध्यान 4 जून को लोकसभा व 4 राज्यों केविधान सभा के चुनाव के परिणामों पर टिकी थी, लैकिन सातवें चरण के चुनाव प्रचार अभियान के समाप्त होते ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कन्या कुमारी स्थिति स्वामी विवेकानंद शिला पर 45 घंटे ध्यान पर बैठ गए। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने चुनाव आयोग में की शिकायत की है। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने मचाया बवाल है। कांग्रेस का कहना है कि ये चुनाव आचार संहिता का सीधा-उल्लंघन है। आप को पता होगा क कि जब चुनाव की घोषणा होती। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट जारी किया जाता है। जिनका सभी पार्टियों, नेताओं व उम्मीदवारों को पालन करना होता है। उन्हीं नियमों से एक नियम कहता है कि सभी दलों और उम्मीदवारों को पूरी ईमानदारी से उन सभी कार्यों को नहीं करना चाहिए जो कानून के मुताबिक भ्रष्ट आचरण या अपराध माने जाते हैं। जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना, किसी और के बदले मतदान करवाना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, मतदान खत्म होने से 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाना-ले जाना। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा126 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक करना, जुलूस निकालना और उसमें भाग लेना प्रतिबंधित है। इसके साथ ही सिनेमा और टेलीविजन या अन्य उपकरणों की मदद से जनता के सामने चुनाव संबंधी सामग्री प्रदर्शित भी नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही मतदान क्षेत्र में वोटिंग से पहले 48 घंटे की अवधि के दौरान जनता को आकर्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजन करके जनता तक चुनाव सामग्री पहुंचाना प्रतिबंधित है। तब से अब तक चुनाव प्रचार करने का काफी तरीका बदल गया है। अब कई चरणों में चुनाव होते हैं और जिस क्षेत्र में वोटिंग होनी होती है वहां पर कुछ घंटे पहले चुनाव प्रचार खत्म हो जाता है लेकिन दूसरी जगहों पर चुनाव प्रचार चलता रहता है। यहां वोटिंग के दौरान भी रैलियों का प्रसारण होता रहता है। कन्याकुमारी में तो19 अप्रैल को ही चुनाव सम्पन्न हो गई है। ऐसे में पीएम मोदी कन्याकुमारी में ध्यान कर रहे हैं। ऐसे में अब पीएम मोदी ध्यान के दौरान जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951की धारा 126और आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। आप को याद दिलाना चाहूँगा कि मोदी ने 2019 में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से ठीक पहले केदारनाथ में इसी तरह का ध्यान किया था, उस समय भोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में मतदान होना था। तब लगभग सभी विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी और इसे छद्म प्रचार करार दिया था। हालांकि, चुनाव आयोग ने पीएम की ध्यान योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बस क्या सभी विपक्षी दलों को एक नया मुद्दा मिल गया। मोदी के ध्यान से सियासी मायने निकाले जाने लगे। राजनीतिज्ञों का कहना है कि राजनीति व सियासत हर समय अपने रंग-ढंग बदलती रहती है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह बात सटीक बैठती हुई दिखी रही है। सर्वविदित रहे कि 19 अप्रैल से चुनाव प्रराम्भ हो गई जो सात चरणों के साथचुनाव की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण मे समाप्त हो गई है। इस बार चुनावी भाषण व रेली के दौरान प्रत्येक चरणों में राजनेताओं के मुँह से भारतीय मतदाताओं को नए-नए शब्द सुनने को मिले। पहले चुनाव में जो लड़ाई जमीन पर लड़ी जाती है, जनता के मुद्दों पर लड़ी जाती है खास कर 2014 से वह लड़ाई अब मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुसलमान होते हुए स्वयं भू परमात्मा व उनके विशेष दूत तक पहुंच गई है। पार्टी व उनके अंध भक्ति के समर्थकों को मोदी मे परमात्मा व भगवान का विशेष दूत दिखता है। 18वें लोक सभा व कुछ राज्यों के विधान सभा सम्पन्न होने के वाद भी चुनाव के परिणाम से पहले तकरार... वाक्य युद्ध छिड़ गई है। अगर आप ने भाजपा के नेताओं व बयान वीरों के ब्यान सुने हो तो वे लोग खुल कर कह रहे थे कि मोदी स्वयं भगवान है। वह कोई अवतारी महापुरुष है। स्वयं भगवान ने उनको इस पर धरती पर कुछ विशेष कार्य करने के लिए भेजा है। मोदी जी देश की 140 करोड़ जनता की सेवा करने के लिए नर रूप नारायण अवतरित हुए हैं। भाजपाई नेताओं ने माना है कि पीएम मोदी एकदम भगवान की तरह हैं। वह एक अवतार हैं। खास कर अंध भक्तों का मानना है कि ह्यमोदी यह व्यक्ति नहीं है। वह एक देवीय शक्ति है। आजकल के विपक्षी दलों के नेता पीएम मोदी को समझ नहीं सकते हैं। उनकी सोच इन सब नेताओं से आगे है। जहां से वे सोचना शुरू करते हैं, सब नेताओं की सोच वहां तक खत्म हो चुकी होती है। यदि वो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो उसके लिए पोजिशनिंग कर रहे हो। क्योंकि ये लगभग माना जा रहा है कि वो एनडीए गंठबंधन निकाल लेंगे। अब राष्ट्रपति तो वो नहीं बनेंगे और राष्ट्रपिता की पद खाली नहीं है। तो ऐसे में राष्ट्रप्रभु या राष्ट्र परमात्मा की जगह खाली बचती है।

क्योंकि स्वंय कह भी चुके हैं कि भाई अपना क्या है, अपन तो फकीर है, किसी दिन उठेंगे झोला उठाएंगे और चल देंगे। वैसे भी इस देश में साधु-संतों और फकीरों को भगवान मानकर पूजा करने की एक पुरानी परंपरा है। देश में एक बहुत बड़ा वोट बैंक हिंदूओं का है, जो संतों और भगवान में बहुत विश्वास रखता है। जो राम मंदिर का श्रेय मोदी को देता है। वही दूसरी ओर विपक्षी राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल ममता आदि जैसे नेता उनकी इस बात का पूरा मखौल उड़ा रहे हैं। लैकिन इससे मोदी के वोटरों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उनके जो समर्थक है उन्हे तो पहले से ही अंघभक्त ब्राण्ड लगा हुआ है। भक्त तो अपने भगवान के ही होते हैं। वे पहले से मोदी को भगवान मान चुके है। जिनकी वजह से वे पिछले दो चुनाव में बड़े मतों के साथ जीते थे। वैसे भी मोदी मार्केटिंग अच्छी करते हैं। वे भोली भाली जनता को अपनी वाक्य पट्टता से मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाने महारत हासिल है। मोदी के ध्यान पर मची घमासन पर पक्ष - विपक्ष के मध्य छिड़ी बहस रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में मैने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ट व अनुभवी अधिवक्ता डा .० ए ० पी० सिंह के सम्पर्क कर कानुनी बारिकों को जानने की कोशिस की है। मेरी व डा० ए० पी सिंह के बीच बातचीत के दौरान बताया कि *देखिए खबरीलाल जी हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष देश है, हमारा संविधान अपने नागरिकों धर्म व पूजा की पद्धिति को अपनाने की स्वतंत्रता दी है। जहाँ तक पूजा पद्धिति अपनाने की बात हो वह आप की श्रद्धा व आस्था पर निंभर करता है कि अपने आराध्य व देवी देवता- भगवान को कैसे मानता है। जहाँ तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ध्यान का प्रशन है। तो मेरा मानना है कि हम व आप भारत जैसी पवित्र भुमि में पैदा हुए है। जिस घरती पर-राम कृष्ण, नानक, बुद्ध-महाबीर, कबीर आदि महान संतो ऋषि मुनियो ने जन्म ही नहीं लिया बल्कि ध्यान का मार्ग अपना कर अमर हुए बल्कि मानव जाति को जीवन जीने के गरु रहस्यो सें अवगत कराया है। ध्यान साधना तो हम सभी को प्रत्येक दिन करना चाहिए, साधना व ध्यान से नई ऊर्जा -नई स्पपूर्णा नई उंमग हमें मिलती है। मोदी जी 45 घंटे का ध्यान कर कोई गुनाह नही किया है।

# क्या नई मोदी सरकार का पहला टारगेट पीओके पर कब्जा होगा ?

इस चुनाव में कशमीर से कन्याकुमारी तक नरेंद्र मोदी के खिलाफ इंडी अलायंस का गला फाडकर चिल्लाना कोई करिश्मा नही कर सका। इंडी अलायंस औंधे मुंह धड़ाम हो गया है। पूरे चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी इंडी गठबंधन का निशाना रहे। इंडी अलायंस ने गला फाड़◪ फाड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाए। देश की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दे भी उठाए। किंतु जनता का रूझान कहता है कि उसने इन सब को नकार दिया। प्रधानमंत्री का अबकि बार चार सौ सीट का दावा भले ही पूरा न हो किंतु ये निश्चित है कि केंद्र में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है। इस बार सरकार के सामने भले की आंतरिक मुद्दा भ्रष्टाचार से निपटना हो किंतु इस बार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की भी परीक्षा होगी। अलग तरह की चुनौती उसके सामने होगी। इस चुनाव में भाजपा के नेताओं ने देश भक्ति को धार देने का प्रयास किया। प्रचार के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कशमीर को मुक्त कराने का मुद्दा बार◪ बार उभारा गया। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता हरियाणा के रोहतक में व्यापारियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि कि आने वाले दो–तीन साल में किसी भी क्षण पाक अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल हो सकता है।



**अशोक मधुप**
**लेखक शिक्षाविद है**




देश का मिजाज और एग्जिट पोल की तस्वीर बता रही है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भी नरेंद्र मोदी को फिर प्रचंड जनादेश मिल रहा है। तीसरी बार भी देश के प्रधानमंत्री के पद को नरेंद्र मोदी सुशोभित करेंगे। इस चुनाव में कश्मीर से कन्याकुमारी तक नरेंद्र मोदी के खिलाफ इंडी अलायंस का गला फाडकर चिल्लाना कोई करिश्मा नही कर सका। इंडी अलायंस औंधे मुंह धड़ाम हो गया है। पूरे चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी इंडी गठबंधन का निशाना रहे। इंडी अलायंस ने गला फाड़- फाड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाए। देश की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दे भी उठाए। किंतु जनता का रूझान कहता है कि उसने इन सब को नकार दिया। प्रधानमंत्री का अबकि बार चार सौ सीट का दावा भले ही पूरा न हो किंतु ये निश्चित है कि केंद्र में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है। इस बार सरकार के सामने भले की आंतरिक मुद्दा भ्रष्टाचार से निपटना हो किंतु इस बार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की भी परीक्षा होगी। अलग तरह की चुनौती उसके सामने होगी। इस चुनाव में भाजपा के नेताओं ने देश भक्ति को धार देने का प्रयास किया। प्रचार के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कशमीर को मुक्त कराने का मुद्दा बार- बार उभारा गया। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता हरियाणा के रोहतक में व्यापारियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि कि आने वाले दो-तीन साल में किसी भी क्षण पाक अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल हो सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक बयान में पीओके को लेकर भारत के दावे को दोहराया था। चार अप्रैल को मीडिया से बात करते हुए जयशंकर ने कहा था, हम कभी भी ये स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं है। सेरामपुर पश्चिम बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद अशांत कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है। लेकिन अब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले यहां आजादी के नारे लगते थे, अब वही नारे पीओके में लगते हैं। पहले यहां पत्थर फेंके जाते थे, अब पीओके में पत्थर फेंके जाते हैं। उन्होनें कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। योगी आदित्यनाथ तो सबसे आगे बढ़ गए। उन्होंने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज उसके लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मोदी जी को तीसरे कार्यकाल पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज पाकिस्तान के लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले छह महीने के अंदर ह्यपाक अधिकृत कश्मीरह्न भारत का हिस्सा होगा। अब तक भारत विदेशों में बैठे भारत के आंतकियों की मौत पर चुप्पी साधे था। अपने पर आरोप लगने पर भारत का कहना था कि इनमें उसका हाथ नही है, किंतु योगी आदित्यनाथ ने कहा, ब्रिटेन के एक बड़े समाचार पत्र ने लिखा कि पाकिस्तान के अंदर पिछले तीन वर्ष के अंदर जितने बड़े दुर्दांत आतंकवादी थे, वे एक-एक करके मारे गए। मारने वालों में भारत की एजेंसी का हाथ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, भई अब जो हमारे दुश्मन है, हम उसकी पूजा थोड़ी करेंगे। कोई हमारे लोगों को मारेगा तो हम उसको पूजेंगे नहीं भई, हम भी वो ही करेंगे जिसका वो हकदार है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हमें 400 सीट इसलिए चाहिए ताकि पीओके ले सकें। हिमंता बिस्वा सरमा ने दिल्ली में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस पूछती है कि 400 सीट क्यों चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का शासन था तब हमें बताया गया था कि एक तरह से कश्मीर भारत में भी है पाकिस्तान में भी है। हमारी संसद में कभी इसकी चर्चा नहीं होती थी कि जो कश्मीर पाकिस्तान के साथ है वह पाक अधिकृत कश्मीर है। वहां लोग भारत का तिरंगा हाथ में लेकर आंदोलन कर रहे है पाकिस्तान के खिलाफ। उन्होंने कहा कि यह शुरूआत है। मोदी जी को 400 सीट मिलेगी तो पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत का ही हो जाएगा और इसका आगाज हो चुका है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि जिस तरह से कश्मीर में शांति लौटी है और आर्थिक प्रगति हो रही है, पीओके के लोग खुद ये मांग करेंगे कि उन्हें भारत में विलय कर लिया जाए। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी कहा कि पीओके भारत का अंग था है और हमेशा रहेगा। भाजपा के सिपहसालार की पाक अधिकृत कश्मीर पर चुनाव प्रचार के दौरान कब्जे की बात करते रहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर चुप्पी साधे रखी। किंतु कांग्रेस के मणिशंकर अय्यर, और जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला के ये कहा कि भाजपायी पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की बात कर रहे हैं।

# अब तक रहा सफल 18वीं लोकसभा का चुनाव

संजय गोस्वामी

18वीं लोकसभा का चुनाव अब अंतिम दौर में (1जून24) पहुंच गया है अब सिर्फ परिणाम 4 जून को आना बाकी है लोकसभा चुनाव की बात करें तो पहले इसके अतित में चलते है 1787 से 1789 तक कांग्रेस द्वारा संविधान निर्माण और कार्यान्वयन के माध्यम से स्थापित संयुक्त राज्य अमेरिका का लोकतंत्र, दुनिया का पहला लोकतंत्र माना जाता है। भारत में प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए संघर्ष के बाद, 26 जनवरी 1950 को संविधान सभा द्वारा शासन की संसदीय प्रणाली की स्थापना की गई, जिससे भारत सरकार की प्रत्यक्ष प्रणाली बन गई। पहला आम चुनाव 1951 में हुआ, जिसमें सुकुमार सैन को भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। भारत के चुनाव आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर 1993 को सरकार के सभी स्तरों पर चुनावों की निगरानी के लिए त्रिस्तरीय आयोग के रूप में की गई थी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 भारत में चुनावी प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। भारत में मुख्य चुनावों के संबंध में चुनाव आयोग की सीटों के लिए संवैधानिक प्रावधान हैं। भारत के राष्ट्रपति ने मुख्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 की धारा 7 में इन प्रावधानों को विस्तृत किया है। भारत के संविधान, राज्य के प्रमुख, प्रधान मंत्री, विपक्ष के नेता, केंद्र शासित प्रदेश परिषद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की गई थी। भारत के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ छह साल के कार्यकाल के लिए मंत्रियों, केंद्रीय मंत्री और परिषद के सदस्यों की संख्या। संविधान के अनुसार, तख्तापलट केवल संसद द्वारा दो-तिहाई बहुमत से ही किया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त का अधिकतम कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होता है। उनका वेतन समेकित निधि द्वारा निर्धारित होता है, जिसे आपात स्थिति के दौरान समायोजित किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग इसमें संशोधन कर सकता है। आयोग राष्ट्रीय स्तर पर चुनावों में निष्पक्षता, स्वायत्तता और सुरक्षा के संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 में उल्लिखित है, लोकसभा, विधान सभा, विधान परिषद और राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनावों के लिए केंद्र आधारित निर्वाचन क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं। आयोग की चुनावी प्रथाएं संविधान के अनुरूप हैं। भारत की विधायिका भी चुनावों को महत्व देती है और मतदाताओं को सशक्त बनाकर नैतिक आचार संहिता को कायम रखती है। संहिता के प्रावधानों को मार्च 1971 में आम चुनावों के दौरान लागू किया गया था, जो प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान हुए थे। उस अवधि के दौरान चुनाव परिणामों में कांग्रेस पार्टी ने 352 सीटें जीतीं, जिसमें पहचान के रूप में राशन कार्ड का उपयोग करके मतदान किया गया था। उस समय मुख्य चुनाव आयुक्त जी। वी। थे। जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्य नानी भी कृष्ण मूर्ति शामिल थे। चुनाव आयुक्त टी। एन। के कार्यकाल के दौरान भी इसी आचार संहिता और मतदाता पहचान प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। सत्र और प्रधान मंत्री पी। वी। नरसिम्हा राव। कर सुधारों का मूल्यांकन और कार्यान्वयन किया गया, और 2006 में लिंगदोह रिपोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में चयन के लिए एक समान आचार संहिता पेश की। 2001 से 2004 तक चुनाव उनके द्वारा आयुक्त एवं लिंगदोह रिपोर्ट दिनांक 22 सितंबर 2006 सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य उच्च संस्थानों में चयन समान आचार संहिता कार्यान्वित किया गया सुप्रीम कोर्ट ने कोड लागू किया, जिसमें धारा 6:1 और 6:10:4 के तहत विशेषज्ञ रिपोर्ट का विस्तृत विवरण भी शामिल है। आधिकारिक वेबसाइट पर केवल भारत निर्वाचन आयोग का व्हाट्स न्यू डेटा अपलोड किया गया है। वर्तमान में, श्री राजीव कुमार जी मुख्य चुनाव आयुक्त और एक्टिव हेल्पलाइन - ई-व्यू - क् सी-विजिल ऐप केवाईसी, ईसीआई के रूप में कार्यरत हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मझौलिया प्रखंड मुख्यालय बना कचरे का अंबार

बेतिया(मोहन सिंह) ।मझौलिया प्रखंड के 29 पंचायत का प्रखंड मुख्यालय बाजार चौक एवं इसके आसपास कचरा का अंबार स्वच्छता मिशन अभियान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। इसको लेकर बाजार के व्यवसाईयों का एक बैठक चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के शिकारपुर निवासी युवा समाजसेवी अमरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। इस दौरान चर्चा किया गया कि मुख्य बाजार चौक एवं इसके आसपास सब्जी फल-मूल, ठेला के दुकानदारों द्वारा कचरा का अंबार लगा दिया जाता है ।सड़क के दोनों बगल सब्जी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती हैं। बड़ा वाहन आने पर जाम की समस्या इस कदर हो जाता है कि पैदल चलना भी दुर्लभ हो जाता है। कई बार आने जाने वाले लोगों से विवाद उत्पन्न हो जाती है जबकि प्रखंड के 29 पंचायत की आवाम जनता प्रखंड मुख्यालय अपने काम से आते हैं ।सभी लोग बाजार चौक की दुर्दशा को देखकर स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का घोर लापरवाही बता रहे हैं,वही प्रशासनिक अधिकारी इसी मार्ग से आते जाते हैं परंतु समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया जाता है। युवा समाजसेवी ने व्यवसाईयों की बातों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन से समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिय। इस मौके पर समाजसेवी मौलाना नूर आलाम, विनोद कुमार जायसवाल,संदीप पटेल, विनोद संघी,अनिल सिंह, संजय श्रीवास्तव उर्फ.तुलू,मनजीत श्रीवास्तव,कृष्ण शर्मा,अमित कुमार साह, अखिलेश कुमार, बृजेश कुशवाहा, रफीक अंसारी, सत्यनारायण प्रसाद चौरसिया, अजय साह, रामेश्वर प्रसाद, हिमाचल कुशवाहा,प्रफुल्ल चौरसिया समेत दर्जनों दुकानदार उपस्थित थे।

### भारत विकास परिषद, छपरा की सत्र 2024 - 26 की कार्यकारिणी गठित की गई

छपरा कार्यालय। सत्र 2024-26 के लिए भारत विकास परिषद की छपरा शाखा की कार्यकारिणी का गठन उत्तर कोसी बिहार प्रांत के क्षेत्रिय संयोजक सी ए के के चौधरी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया । अध्यक्ष शंकर नाथ पाठक, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा, सचिव कृष्ण मोहन प्रसाद और कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद जगाती चुने गए । संगठन सचिव के रूप में ईश्वर प्रसाद, सेवा के लिए डॉक्टर उमाशंकर विश्वकर्मा संस्कार के लिए प्रो डॉ विजय कुमार सिन्हा, महिला एवं बाल विकास के लिए श्रीमती शकुंतला देवी तथा प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी के लिए डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प को उत्तरदायित्व सोपा गया । वही भारत को जानो राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता गुरु-वंदन छात्र-अभिनंदन, स्वावलंबन, पर्यावरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए क्रमशः श्रीपति परमात्मा, हेमंत कुमार, प्रो सत्येंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्रा तथा डॉ. उमाशंकर विश्वकर्मा का नाम चयनित किया गया । इस अवसर पर प्रो. के के. द्विवेदी प्रो. डॉ. मृदुल कुमार शरण, ब्रजेन्दर कुमार सिन्हा, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, अरविंद कुमार वैश्य एवं परिषद के अन्य गण मान्य सदस्य उपस्थित थे । यह जानकारी भारत विकास परिषद के प्रेस प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने दी ।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना आज, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरा से भी होगी निगरानी: एएसपी

● सोशल मीडिया के अफवाहों से बचें, समाज में भाईचारा कायम करने में प्रशासन का सहयोग करें



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा : चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दिशा- निर्देश के आलोक में मतगणना को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है, जिला में शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए सारण प्रशासन प्रतिबद्ध है, जिले में धारा 144 लागू है, भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को सुबह 8:00 से मतगणना होगी, सीसीटीवी कैमरा के अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। इन सभी कार्यों में मीडिया की भूमिका सकारात्मक होना आवश्यक है ' उक्त बातें एएसपी हेडक्वार्टर राकेश कुमार ने सारण समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं ' मीडिया कर्मी को संबोधित करते हुए एएसपी ने कहा कि जिला में शांति व्यवस्था कायम करना सारण पुलिस प्रशासन की पहली प्राथमिकता है ' साइबर सेल की नजर सोशल मीडिया पर लगातार बनी है। समाज में माहौल बिगाड़ने व भड़काऊ पोस्ट करने पर उन्हें बख्शॉ नहीं जाएगा, बल्कि सुसंगत धाराओं के तहत उन पर कार्रवाई की जाएगी । मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पूरे जिला में विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध है। विधि व्यवस्था को भंग करने संबंधी कोई भी जानकारी मिले, इसे पुलिस प्रशासन को जरूर अवगत करावे, त्वरित कार्रवाई की जाएगी ' एएसपी राकेश कुमार ने कहा कि मीडिया की भूमिका समाज में हमेशा से सकारात्मक रही है, और मुझे पूरी उम्मीद है कि मीडिया कर्मी समाज में भाईचारा कायम करने में सहयोग जरुर करेंगे, ऐसी कोई भी खबरें प्रकाशित नहीं करेंगे जिससे समाज में आपसी-भाईचारा में खलल पैदा होगा । उन्होंने कहा कि गत 21 मई को भिखारी ठाकुर चौक पर हुई घटना के बाद कुछ सोशल मीडिया द्वारा लगातार जाति समुदाय के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थी, जिससे हिंसा को बढ़ावा मिल रहा था ' इसी कड़ी में एक और युवक को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर गिरफ्तार किया गया है ' गिरफ्तार युवक राजू रंजन यादव उर्फ राणा साहेब, ग्राम खवासपुर, थाना डोरीगंज के रूप में पहचान की गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए डीएसपी राज किशोर सिंह ने कहा कि मतगणना के अंदर थ्री लेयर सिक्योरिटी व्यवस्था की गई है, बाजार समिति के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी । उन्होंने कहा कि सेंसिटिव स्थान को पहचान की गई है, इसी आधार पर सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है । वहीं गर्मी को देखते हुए मेडिकल टीम को भी लगाया गया है ' जबकि मतगणना के दिन वाहनों के लिए रूट तय का किया जा चुका है । उन्होंने कहा कि समाज में हिंसा फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर है । डीएसपी राज किशोर सिंह ने आम लोगों से अपील किया कि आपत्तिजनक पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड ना करें, जरूरत पड़ने पर पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें । पुलिस प्रशासन आपके शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करेगी ' इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार तथा सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## एसपी ने एससी/एसटी, साईबर, पुलिस केंद्र,बगहा थाना व अंचल का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला के पुलिस कार्यालय समेत विभिन्न थानों का पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस केंद्र,पुलिस कार्यालय,एससी/एसटी व महिला थाना सहित साइबर, बगहा नगर थाना एवं बगहा अंचल थाना का औचक निरीक्षण किया गय ।जिसमें थाना परिसर का साफ-सफाई एवं संचिका का रख-रखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना अभिलेखों व संचिकाओं की गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित थानाध्यक्षों को दी साथ ही थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि कांडों के निष्पादन में पुलिस पदाधिकारियों की लपरवाही व शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वैसे पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है।

## दूसरे दिन भी किया गया निजी विद्यालयों का निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ) ।मझौलिया प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाफिजुर रहमान ने लगातार दूसरे दिन प्रखंड क्षेत्र के निजी विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए आरटीई के मापदंड को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार एवं जिला शिक्षा विभाग का सख्त निर्देश प्राप्त हुआ है कि विभागीय आदेश का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों को बंद कर दिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में विद्या भारती विद्यालय,सत्यनारायण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,मझौलिया सर्वोदय पब्लिक स्कूल बाल निकेतन विद्या मंदिर आदि निजी विद्यालयों का जांच किया गया है ।आरटीई के तहत ऑनलाइन ई संवर्धन पोर्टल एवं अधूरे कागजात की तीन दिनों के अंदर पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया है वही जिस विद्यालयों को क्यूआर कोड प्राप्त नहीं है उन्हें स्थानांतरण प्रमाण पत्र समेत सभी सुविधाओं से वंचित करने की दिशा में रिपोर्ट किया जाएगा। छात्रों के अभिभावकों ने की शिकायत स्थानीय अभिभावक द्वारा निजी विद्यालयों के आठवें वर्ग का स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर नवम वर्ग मैं नामांकन नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने आश्वासन दिया कि आरटीई के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है क्यूआर कोड एवं विभागीय मापदंड को पूरा करने वाले विद्यालय के छात्राओं का ही नामांकन करने की अनुमति दी जाएगी समस्या के समाधान में सकारात्मक कार्य किया जा रहा है अभिभावकों को परेशान होने की बात नहीं है किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान होता हैवैसे विभागीय आदेश अनुसार 30 जून तक नामांकन करने की डेट लाइन है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सेमिनार का होगा आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। विश्व पर्यावरण दिवस पर मंगलवार, 5 जून को जयप्रकाश विश्वविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। भूमि का पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा विषयक इस सेमिनार का अपने उद्बोधन के साथ जयप्रकाश विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ) परमेंद्र कुमार बाजपेई शुभारंभ करेंगे। सेमिनार के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना के अंतरिम निदेशक, डॉ गोपाल शर्मा होंगे जबकि मुख्य अतिथि सारण के डीएफओ होंगे।

विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास कोषांग, आइक्यूएसी, स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होनेवाले इस सेमिनार में पर्यावरण संरक्षण, सूखा, भूमि के निर्जलीकरण सहित पर्यावरण के विविध आयामों पर वक्तागण शोधपरक तथ्य रखेंगे।

सेमिनार के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई हैं जबकि कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार संरक्षक हैं। शोध एवं विकास कोषांग के निदेशक प्रो. रविंद्र सिंह, स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के प्रो. उदयशंकर ओझा तथा स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के प्रो. राणा विक्रम सिंह सेमिनार के संयोजक हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय शोध एवं विकास कोषांग के सहायक निदेशक डॉ रमण कुमार सिंह ने दी।

## सारण जिले में खेल एवं खिलाडियों के हित में टर्फ मैदान का हुआ निर्माण



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। सारण जिला में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट जोसेफ्स एकेडमी में अत्याधुनिक तकनीक से खेल मैदान तैयार किया गया है। जिसका उद्घाटन विद्यालय के निदेशक राम कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ. कल्पना क्षेत्री एवं खेल जगत के विभिन्न हस्तियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उक्त अवसर पर अतिथि के रूप में बिहार भारोत्तोलन संघ के महासचिव डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, ओलम्पिक संघ के सचिव सभापति बैठा, कबड्डी संघ के डॉ. हरेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, सचिव पंकज कश्यप, कुमार कौशलेन्द्र, सुशिल सिंह, विकाश सिंह, हेमंत सिंह, राजेश सिंह, वुशु संघ के सचिव विनय पंडित, शतरंज संघ के मनोज वर्मा, विक्की आनंद, मुकुंद योग संघ के सचिव यशपाल सिंह सहित जिले के लगभग सभी खेलों के प्रमुख हतियाँ उपलब्ध थे। सभी आगत अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक राम कुमार एवं प्राचार्या डॉ कल्पना क्षेत्री द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कल्पना क्षेत्री ने कहा की यह पहला अवसर है जब सारण जिले के किसी निजी विद्यालय में खेल एवं खिलाडियों के हित में टर्फ मैदान का निर्माण करवाया गया है, इसे लेकर खिलाडियों एवं खले प्रेमियों में काफी उत्साह है। खाली समय में मोबाईल की बुरी लत से बचाने एवं उनका सर्वांगीण विकाश हेतु उन्हें खेल से जोड़ना अति आवश्यक है। भारोत्तोलन संघ के महासचिव डॉ सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रिय स्तर के खेल का मैदान जिसे हमलोग टी वी एवं महानगरों में देखते थे आज सारण के बच्चों को सेंट जोसेफ्स एकेडेमी के द्वारा दिया गया, यह सिर्फ सारण ही नहीं बल्कि पुरे बिहार के लिए गौरव का पल है। उद्घाटन सत्र में विद्यालय के महिला खिलाडियों के बीच क्रकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कार्नेशन टीम की तरफ से आयुषी, श्रेया, अंकिता तथा आईरिस टीम के तरफ से अनुपमा गीतांजलि एवं अनिशा ने शानदार प्रदर्शन किया। वही बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में रॉयल किंग्स के तरफ से अमृतांशु, गौरव, जय, रोहित एवं नाईट राइडर्स की तरफ से वसीम, सन्नी, कृष्णा, फैज ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एलाइट वारियर्स ने ब्लैक ड्रैगन को 2-0 से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । निर्णायक की भूमिका ऋषिकेश, नेहा, रणधीर, रोहित, आलोक ने निभाई। मंच संचालन शैलेश सर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक राम कुमार सिंह ने किया।

## शौचालय का मलवा वीटीआर जंगल मे छोड़े जाने से पर्यावरण पर मंडरा रहा दूषित होने का संकट



● बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग कोतराहां के समीप छोड़ा गया टंकी का गंदा पानी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा ।बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य पथ वीटीआर क्षेत्र कोतराहा मोड़ के निकट शौचालय टंकी का गंदगी आए दिन छोड़ा जाता है ।जिससे मुख्य मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है ।शौचालय की गंदगी की तेज बदबू से लोगों एवं राहगीरों को सांसे रोक कर गुजरना पड़ता है साथ ही पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ता है या नहीं यह विचारणीय है ।लेकिन कही से भी किसी दृष्टिकोण से वीटीआर जंगल मे शौचालय की गंदगी को छोड़ा जाना उचित नहीं समझा जा सकता है ।समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने कहा कि वाल्मीकिनगर परिक्षेत्र का कूड़ा करकट व अन्य कचरे के लिए एक नियत डंपिंग एरिया होना चाहिए ।जहा शहर के द्वारा विसर्जित कचरे को रखा जा सके ।जिससे मानवीय जनजीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े।

## परसौना में ग्रामीणों के सहयोग से आलिया बाबा का मजार भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर

प्रात: किरण, संवाददाता



परसाः-परसा प्रखंड के परसौना स्थित ओलिया बाबा का मजार जहा हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन मन्नत मानने आते है और लोगो की मुरादे भी पूरी होती है । ओलिया बाबा का मजार भवन का निर्माण कार्य ग्रामीणों के सहयोग से तेजी पर है, जिससे ग्रामीणों में हर्ष है ।मोहम्मद नाशरूदीन,मुखिया सरिता देवी,अवधेश राय,मुखिया प्रतिनिधि अमित साह, समाजसेवी धर्मनाथ प्रसाद,मौलाना गुलाम रुस्तबा,कृष्णा राय २ जिम्मी राय,मो असलम,मो मंसूर आलम,लालबहादुर राय, मो आफताब हसन राजा मो सहाबुद्दीन अंसारी,पैक्स अध्यक्ष देवा राय, बीडीसी सूदन राय,जितेंद्र राय,आजाद कुमार,आदि ने बताया कि लगभग सौ वर्ष पूर्व से ही लोगो का यहां मन्नत मानने का सिलसिला है ।और दूर दूर से लोग यहां मन्नत मानने आते है और लोगो की मुरादे जब पूरी होती है तो लोग अक्सर बाबा के यहां चादरपोशी करने आते है। यह देख ग्रामीणों में एक बाबा के प्रति आश जगी और लोगो ने सोचा कि आखिर हमसब जिनके आशीर्वाद से आज आगे फल फूल रहे है ।उन्हें भी एक सही व सुरक्षित स्थान मिलना चाहिए । ग्रामीणों का कहना है कि इस मजार को और भी भव्य रूप दिया जाएगा जो इस इलाके का एक नामचीन स्थान कायम करेगा। ।तभी ग्रामीणों ने श्रमदान कर ओलिया बाबा मजार भवन के रूप में बनाने का संकल्प लिया और इसका आज कायाकल्प होता हुआ देख ग्रामीणों में खुशी देखी गई ।मजार पर रामनवमी के दिन रात में लगता है मेला रामनवमी के दिन रात में आलिया बाबा मजार पर प्रतिवर्ष चादरपोशी करने को लेकर लोगो की बड़ी भीड़ होती है । रामनवमी के दिन चादरपोशी की परंपरा को देख यहां एक हिंदू मुस्लिम एकता का भी परिचायक के रूप में दिखता है ।कारण की लोग दिन में रामनवमी की जुलूस निकालते है ।और रात में औलिया बाबा मजार पर चादरपोशी कर मन्नत मानने की लोगो का भीड़ दिखता है। इस दौरान ग्रामीणों के सहयोग से भव्य मेला का आयोजन भी किया जाता है ।

## रोटरी समाज सेवा का एक अच्छा प्लेटफार्म है:विपिन चचान



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के जोनल मीट में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चचान ने जोन 14 के आगामी सत्र के पदाधिकारी,अधिकारी, चेयरमेन, प्रेसीडेंट सेक्रेटरी,और ट्रेजर सहित नए सदस्यों को रोटरी के कार्यों और सबकी जिम्मेदारी को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि रोटरी समाज सेवा का एक बहुत ही बढ़िया प्लेटफार्म है और इसकी जानकारी आम जनों तक पहुंचाना रोटरी के सदस्यों की जिम्मेदारी है। सिर्फ काम करने से रोटरी सदस्यों की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती बल्कि उस कार्य के बारे आम जनता को अवगत कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नए सदस्य सभी तरह के कार्यक्रमों में शामिल होंगे तो उन्हें बेहतर जानकारी मिल सकेगी और वह पुराने सदस्यों के अनुभव का लाभ उठा सकेंगे। रोटरी जिला 3250 के जोनल 14 का सम्मेलन सारण के अमितांश होटल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चचान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने असिस्टेंट गवर्नर अमरेंद्र सिंह को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत करते हुए कहा कि कम समय में अमरेन्द्र सिंह ने रोटरी के कार्यक्रमों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वह नए सदस्यों के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि अमरेंद्र सिंह की तरह ही अन्य सदस्यों को भी ऊजावान होना चाहिए ताकि क्लब नए कीर्तिमान स्थापित कर सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरेंद्र सिंह ने कहा कि विपिन चाचान के छपरा आगमन से कार्यकताओं में नया उत्साह का संचार हुआ है । उन्होंने कहा कि नेतृत्व बेहतर हो तो सदस्य भी पूरी ऊर्जा के साथ काम करते हैं और इस बार बेहतरीन नेतृत्व क्लब को मिला है जिसका असर क्लब पर दिख रहा है। उन्होंने विपिन चाचान के आगमन पर क्लब के सदस्यों के तरफ से शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चचान , डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री अभिषेक अकेला,असिस्टेंट गवर्नर अमरेन्द्र सिंह ,डॉक्टर संजय कुमार सिंह , विकास कुमार राजीव कुमार सिंह राजेश गोल्ड प्रोफेसर डॉ मृदुल सरण ,डॉक्टर इंजीनियर अमरेश मिश्रा,हिमांशु किशोर, करूणा सिन्हा,पुनितेश्वर जी रंजीत आर्या सिंह,सहित छपरा, रोटरी क्लब गोपालगंज , रोटरी क्लब सिवान संकल्प के र सदस्य शमिल हुए और आगामी साल के कार्यकलाप पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन सुरेश प्रसाद सिंह ने किया ।

## एनएच 19 पर स्थापित पृथ्वीराज चौहान की जयंती पूर्व प्राचार्य शेष चौहान की अध्यक्षता में मनाई

प्रात: किरण, संवाददाता



रिविलगंज ।,दिल्ली के राज सिंहासन पर बैठने वाले हिन्दू राजवंश के अंतिम शासक सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जयंती सोमवार एनएच 19 पर स्थापित पृथ्वीराज चौहान द्वार इनई में श्रद्धापूर्वक पूर्व प्राचार्य शेष चौहान की अध्यक्षता में मनाया गया। सबसे पहले सभी अतिथियो द्वारा पृथ्वी राज चौहान के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सभी ने पुष्प अर्पित किया। पर गांव के गणमान्य व्यक्ति और वंश से जुड़े हुए तमाम लोगों ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया इस शुभ अवसर पर अपना विचार रखते हुए पूर्व प्राचार्य शेष चौहान ने कहा कि भारत माता के महान सपूत पृथ्वी चौहान के गाथा को हिन्दुओ के बीच जाकर रखने कि जरूरत है। ऐसे महान विभूतियों को नये जेनरेशन के बीच बताना चाहिये ताकि समाज मे हर जानकारी रहनी चाहिये। पृथ्वीराज चैहान का अजमेर के राजा सोमेश्वर चौहान के यहां एक पुत्र के रूप में हुआ था वह 11 वर्ष की उम्र में पिता के वीरगति प्राप्त होने के बाद राज सिंहासन संभाला जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने पृथ्वी राज चौहान के जयंती समारोह बोलते हुए कहा कि पृथ्वीराज चौहान जिस समय अपने साम्राज्य का विस्तार कर रहे थे उसी समय मोहम्मद गोरी ने हिंदुस्तान पर 1191 में आक्रमण किया उस तराइन के युद्ध में मोहम्मद गोरी बुरी तरह पराजित हुए जब मोहम्मद गोरी पराजित होकर वापस जाने लगा तो कुछ लोगों ने पुनः हमला करने का मशवरा दिया परंतु पृथ्वीराज चौहान ने युद्ध परंपरा का हवाला देते हुए ऐसा करने से साफ मना कर दिया। उसके बावजूद पृथ्वीराज चौहान ने 16 बार लगातार हमला किया और पराजित हुआ 17 वी बार जब मोहम्मद गोरी पृथ्वीराज चौहान को युद्ध में हरा दिया तो इन को बंदी बनाकर के कंधार ले गया ।वहां पर उनके साथ मोहम्मद गोरी ने काफी बुरा बर्ताव किया। यहां तक कि उनके दोनों आंख को गर्म सलाखों से भेद दिया गया। परंतु इसके बाद भी चौहान के साहस में कोई कमी नहीं आई। और अपने कवि मित्र चंद्रवरदाई की सहायता से मोहम्मद गोरी का वध कर दिया। उनके द्वारा जो इशारा शब्दों के द्वारा किया गया उसको आज भी जनमानस दोहराता है चार बास चौबीस गज।। अंगुल अष्ट प्रमाण ।। ता ऊपर सुल्तान है ।। मत चूको चौहान । विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता राणा यशवन्त ने कहा कि पृथ्वी राज चौहान की साम्राज्य में अगर जयचन्द जैसा लोग नही होते तो वे कभी नही हारते , आज भी समाज से जयचंद जैसे लोग के कारण ही हिन्दू का आगे बढ़ने में बाधित कर रहा है ऐसे जयचन्द को पहचानने की जरूरत है तभी हमारा उत्थान हो सकता है। पृथ्वी राज चौहान जैसा योद्धा इस भारत वंस में बहुत कम थे। इस भारत वंस में दो ही महापुरुष हुए जो शव्द वेदी वान चलाते थे या तो चक्रवर्ती राजा दशरथ एवं दूसरा पृथ्वी राज चौहान। पंचायत की मुखिया रीणा देवी ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान जैसा वीर योद्धा के बारे में जानने के बात पता चला कि इन महापुरुषों के कारण ही गुलामी के जंजीरो से भारत मुक्त हो पाया। प्रो शंकर सिंह ने कहा कि पृथ्वी राज चौहान कि सेना में घुड़सवार सेना का बहुत महत्त्व था लेकिन फिर भी उनके सेना में अन्य तरह के भी सेना की काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। समाजसेवी राजीव रंजन सिंह चौहान ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान की एक आदम कद प्रतिमा स्थापित की जाए इस प्रस्ताव का वहां उपस्थित जनमानस ने सर्वसम्मति से पारित करने का काम किया।

## इसुआपुर थाना में बाप की वर्दी पहनकर ड्यूटी करता है रोहित मांझी



प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । इसुआपुर थाना में बाप की वर्दी पहनकर ड्यूटी करता है रोहित मांझी। यह वाक्या स्थानीय थाना में कार्यरत निपनिया गांव के चौकीदार सुरेश मांझी के पुत्र रोहित मांझी का है। जो वर्षों से फर्जी तरीके से ड्यूटी करते आ रहा है। हद तो तब हो गई जब पिछले दिनों चुनावी कार्यक्रम के दौरान बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इसुआपुर थाना क्षेत्र के हाई स्कूल महुली चकहन आए थे। जहां हेलीपैड के भीतर सुरक्षा में इस फर्जी चौकीदार की ड्यूटी लगाई गई थी। अगर नेता प्रतिपक्ष की सुरक्षा में कोई चूक हो जाती तो इसका जबाब देह कौन होता। यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रही है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह भी बताया जा रहा है कि यह फर्जी चौकीदार पुलिस की वर्दी पर अपने नाम का ग्रामीण पुलिस का नेम प्लेट भी लगता है।

क्षेत्र में इसके द्वारा काफी दबंगई किए जाने की भी चर्चा है। आश्चर्य तो यह भी है कि इस फर्जी चौकीदार की ड्यूटी थाना के गोपनीय कार्यों, बंदियों को कोर्ट ले जाने जैसे कार्यों में भी लगा दिया जाता है । वहीं डीएसपी, एसपी कार्यालय से अति महत्वपूर्ण तथा गोपनीय डाक भी इसी अनऑथराइज्ड कथित चौकीदार के द्वारा लाने और भेजने का काम करवाया जाता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि ऐसा भी नहीं है कि चौकीदार सुरेश मांझी अस्वस्थ हैं या अधिक उम्र के लाचार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बालू लदे ओवर लोड़ तीन ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

नसरीगंज(रोहतास) नसरीगंज पुलिस ने ओवरलोडेड बालू लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त,ट्रैक्टर चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोन नदी से ओवरलोडेड बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल से ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त मामले में तीनों ट्रैक्टर के चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज किया गया है। जिसकी सूचना संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। जो जब्त तीनों ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### बाइक सवार चाट में गिर हुआ जख्मी

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा नान्हों मोड़ समीप ट्रैक्टर से बाइक साइड लेने पर बाइक चाट में पलट गया जिसमें बाइक सवार जख्मी हो गया ।बाइक सवार अमरथा गांव निवासी एसबीआई सीएसपी संचालक 45 वर्षीय शिवानंद मधुकर बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि सीएसपी संचालक शिवानंद मधुकर अमरथा गांव से बेलवाई बाजार में सीएसपी खोलने जा रहे थे ।तभी अमरथा व नान्हों गांव के मोड़ के पास लोहे का सरिया लदा ट्रैक्टर सामने से आ रहा था अपने बचाव में साइड लेने के उपरांत बाइक सहित चाट में पलट गया ।जख्मी हालत में ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए एक निजी अस्पताल डेहरी ऑन सोन ले जाया गया ,जहां इलाज जारी है ।डॉक्टरों के मुताबिक जख्मी सीएसपी संचालक की स्थिति बेहतर है।

### शराब धंधेबाज फरार,पुलिस ने किया शराब जब्त

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब किया बरामद, कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार , नामजद मामला दर्ज ।दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के मिल्की मनिहारी गांव में धड़ल्ले से शराब बिक्री की जा रही है ।मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार के निर्देशन में स्थानीय थाना के सअनि नंदकिशोर प्रसाद पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थल पहुंच छापेमारी शुरू कर दी ।छापेमारी के दौरान उक्त स्थल से पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर लिया । लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भाग निकला । थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना के सअनि श्री प्रसाद द्वारा मिल्की मनिहारी निवासी अजीत चौधरी नामक कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कराया गया है ।उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही मामले में संलिप्त फरार कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 15 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने देसी शराब के साथ एक कारोबारी को घर दबोचा । भानस ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के रूप्पी गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ उसी गांव के रहने वाले उमाशंकर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### उष्ण लहर (हीट वेव) को लेकर एडवाइजर जारी की: डीएम

अरवल ।जिले में उष्ण लहर (हीट वेव) को देखते हुए जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा एडवाइजरी जारी की गईहै।हीट वेव के दौरान ये सावधानियाँ बरतनी चाहिए। इस दौरान विशेष सावधानियाँ बरतकर हीट वेव (उष्ण लहर) के प्रकोप से बचा जा सकता है।हीट वेव के दौरान प्रभाव को कम करने और हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली गंभीर बीमारी या मृत्यु को रोकने के लिए आप निम्नलिखित उपाय कर सकते हैं। धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।पर्याप्त पानी पीयें ताकि शरीर पूरी तरह से हाईड्रेट रहे। हल्के रंग के ढीले व झरझरा सूती कपडे पहनें।

# अरुणाचल प्रदेश में एनसीपी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तीन विधायक की जीत

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अरुणाचल प्रदेश में तीन विधायक जीतने पर बिहार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता बिहार आशुतोष सिंह के नेतृत्व में कैंप कार्यालय सासाराम में आज बैठक कर खुशियां मनाई गई,अरुणाचल प्रदेश में हुए चुनाव में लोकसभा के साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का चुनाव भी किया गया।

जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के तीन विधायक जीते हैं इसको लेकर आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता आशुतोष सिंह के नेतृत्व में सासाराम कैंप कार्यालय में बैठक कर,मिठाइयां बाती गयी खुशी मनाते हुए मिठाइयां बांटी गई,इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य



प्रवक्ता आशुतोश सिंह ने कहा कि आज देश के कई राज्यों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की है महाराष्ट्र सहित देश के नागालैंड केरल झारखंड और अभी कल के रिजल्ट में अरुणाचल प्रदेश में भी तीन विधायक हमारे जीते हैं इसको लेकर बैठक कर खुशियां मनाई गई और मिठाइयां बांटी गई,इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता बिहार आशुतोष सिंह,रोहतास कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामबाबू,महिला जिला अध्यक्ष संगीता देवी,भूतपूर्व सेनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष परशुराम सिंह,युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विमलेश सिंह,सेवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष येनुल खान,किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय दुबे,जिला प्रधान महासचिव अनिल सिंह,बंटी पाठक,मनोज पाठक,सुषमा देवी,रबिन्दर शर्मा,रन्जु देवी,सतीश पासवान विनोद चौधरी विशेश्वर प्रसाद गुप्ता,इंदु देवी,लता सिंहा,संजय माली सहित अन्य लोग मिठाइयां बाट खुशियां मनाते कैंप कार्यालय सासाराम में मौजूद रहे।

## गरीब और असहाय की सहायता मेरी पहली प्राथमिकता : कन्हैया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शहर के चर्चित व्यवसाई एवं समाजसेवी कन्हैया प्रसाद को अक्सर गरीबों के बीच सहायता प्रदान करते हुए देखा जाता है। प्रातः किरण की टीम से एक खास मुलाकात में उन्होंने बताया की जरूरत के अभाव में कोई भी गरीब असहाय नहीं होना चाहिए, कोरोना काल से लेकर आज तक और आगे भी किसी भी विपत्ति के समय, मैं और मेरे सहायक हमेशा गरीबों की मदद के लिए तत्पर है । वही श्री प्रसाद के आवास पर जरूरतमंदों की कतारें लगी रहती है, वह सभी की फरियाद सुनकर उनकी समस्याओं का निवारण करते हैं। समाज में उनकी एक अच्छी छवि है और लोग उन्हें दयालु और सभी को सम्मान देने वाले व्यक्ति के रूप में जानते हैं। राजनीति में भी अपनी रसूख रखने वाले कन्हैया प्रसाद आरा शहर को एक विकसित शहर के रूप में देखना चाहते हैं उनका कहना है कि मौका मिला तो मैं अपने जिला भोजपुर को एक उच्च स्थान पर देखना चाहता हूं उन्होंने शहर वासियों से गर्मी में बचने की अपील भी की।

## पृथ्वीराज जयंती के दूसरे सत्र में वीर रस की कविताओं से गूंजा सभागार

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में पृथ्वीराज स्मृति ट्रस्ट के प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान की जयंती समारोह में आयोजित कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य-संध्या का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर सिंह एवं डॉ संजीव रंजन, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह एवं संयोजक जगदीश सिंह के आह्वान पर काव्य संध्या की अध्यक्षता ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह ने किया जबकि संचालन की भूमिका हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त सचिव नागेंद्र केसरी ने निभाई। काव्य संध्या में सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी,प्रख्यात कवि डॉ हेरम्ब मिश्र,राष्ट्रीय स्तर के गजलकार हिमांशु चक्रपाणि, हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध कवि विनय मामूली बुद्धि, जनार्दन मिश्र जलज, प्रेम शंकर सिंह प्रेमी, लव कुश प्रसाद सिंह ने शिरकत की। सम्मेलन



के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने काव्य-संध्या की शुरूआत सरस्वती वंदना से की साथ ही वीर रस से ओत-प्रोत मगही कविता- "पृथ्वीराज हथीन भारत मां के शान बबुआ" सुनाया तो धनंजय जयपुरी द्वारा आल्हा छंद में- "मस्तक ऊंचा चौड़ी काया अति बलशाली पृथ्वीराज, बचपन से ही करता था वह वीर बांकुरे जैसा काज" नामक प्रस्तुति सुनकर लोग हर्षित हो गए। डॉ हेरम्ब मिश्र ने "कोटि-कोटि नमन है पृथ्वीराज चौहान सुनाया" तो लोग भाव- विभोर हो गए। प्रेम शंकर प्रेमी ने राजा नारायण सिंह पर काव्य पाठ किया। हिमांशु चक्रपाणि ने-" मेरी कविता छंदों का श्रृंगार नहीं करती,मेरी कविता कविता का व्यापार नहीं करती" नामक रचना का पाठ किया। लवकुश प्रसाद सिंह ने- "पृथ्वीराज ने हराया मोहम्मद गौरी को" गाकर काव्य-पाठ किया तो नागेंद्र केसरी के-" अद्भुत सुनी कहानी मैंने" काव्य-पाठ पर लोगों ने खूब तालियां बजाई ।जनार्दन मिश्र जलज ने- मेरी चिलचिलाती धूप है लू का असर है, जाना है प्रियतम के संग मुश्किल सफर है सुनाया ।विनय मामूली बुद्धि के हास्य-व्यंग्य पर लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाए उन्होंने चंद्रवरदाई एवं पृथ्वीराज की दोस्ती पर काव्य पाठ किया। ट्रस्ट के द्वारा सभी कवियों को पुष्पहार, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कवियों ने काव्य संध्या के माध्यम से वीर रस की कविता पढ़कर यह बताने का प्रयास किया कि हमारी सनातन संस्कृति को कितनी गौरवशाली रही है ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, शिवपूजन सिंह इत्यादि की गरिमामई उपस्थिति रही।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के लंबे छुट्टी पर जाने से मरीजों को हो रही परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। हड्डी विशेष रोग डा. उदय प्रकाश के लंबी छुट्टी चले जाने के बाद काफी मरीज को देखने का सामना करना पड़ रहा है और इस कदर मरीज की संख्या बढ़ रही है कि डॉक्टर जो सुबह 8:00 बजे से शाम के 4:00 बजे तक मरीजों को 800 पुर्जो को लगभग देखा है। बताया जाता है की हड्डी विशेष रूप से चिकित्सक को दिखाने के लिए नवीनगर थाना क्षेत्र के परसिया गांव से नूरजहां खातून पहुंची। दूसरी और शहर के पठान टोली से दानिश खान वही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेला से सुरेंद्रनाथ मिश्रा, बारुण थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव से रियासत खान, नवीनगर प्रखंड गांव के बेडम्म गांव से पहुंचे प्रभा निशा, माली थाना क्षेत्र के बाद की रागनियां से गुड्डन कुमारी, बारुण थाना क्षेत्र के इग्लू सोनी कुमारी मैसेज थाना क्षेत्र के मुंशी गांव से नथनी गुप्ता सिमरा थाना क्षेत्र के कृष्णा चौधरी आदि लोगों ने कहा कि एक महीना से डॉक्टर नहीं रहने के कारण मरीजों का हाल बुरा



हो रहा है हम लोग प्रतिदिन रविवार सोमवार के दिन खाली हाथ लौट रहे हैं और इलाज नहीं हो पा रहा है वही 8:00 बजे से 4:00 शाम तक 800 मरीज की पूजा हल्दी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास कुमार सिंह ने स्वयं बैठकर देखा है। मनीष की भीड़ से चिकित्सका भी गर्मी से काफी भयभीत रहे हैं और चिकित्सक डा. विकास कुमार ने जिस तरीके से मरीजों की जो मोर्चा संभाली और सभी का इलाज बिल्कुल किया हुआ साहनी है सभी वही सिमरा गांव से आए कृष्णा चौधरी ने कहा कि जब-जब हम विकास कुमार पर आए हैं तब तक मुझे वह गरीबी हाल देखकर मुझे भी अपने तरफ से कुछ ना कुछ गरीब के वास्ते हमें आर्थिक रूप से भी मदद करते हैं और दवाइयां भी दिलवा देते हैं अभी भी इंसानियत चिकित्सक के बीच जिंदा है 800 के करीब मरीज देखे जाने के बाद चिकित्सा के ने राहत के साथ ली और कहा कि जो भी मरीज औरंगाबाद के आ रहे हैं दिखलाने के लिए तो मुझे काफी लोगों को मुझे उम्मीद रहती है मैं उसे उम्मीद पर खड़ा रहना चाहता हूं। ।लोग भी हमारे परिवार के सदस्य पर भरोसा करके और मुझे दिखलाने के लिए आए हैं और सौभाग्य की बात है कि मैं लोगों का सेवा करने से बाज नहीं आ रहे हैं मरीज का भी हम लोगों को सहयोग मिलता रहेगा तो हम लोग औरंगाबाद के सदर अस्पताल के विकास के मामले में काफी हद तक लोगों को सहयोग करने के लिए तैयार हैं सदर अस्पताल में हमेशा तट पर चिकित्सक रहते हैं और समाजसेवियों से भी डॉक्टर विकास ने अपील किया है कि आप सभी तमाम विधि की भी समाज से भी विभिन्न संगठन के लोग जो भी अस्पताल आते हैं तो वह अपने 2 मिनट का कीमती वक्त अपने खास मरीज होते हैं और बड़ी घटना होने पर अस्पताल पहुंचकर समस्या का निधन करने का भी प्रयास करें। उदय प्रकाश के छुट्टी रहने से सदर अस्पताल के हड्डी विशेष रोग मरीज के इलाज सही तरीके से नहीं हो पा रहा है मगर डॉक्टर दिखाओ जब से सदर अस्पताल में अपना टाइम दे रहे हैं और अपने टाइम से मुताबिक फिलहा एक बार भी सदर अस्पताल में रोल मार कर मरीजों का हाल-चाल ले लेने में इनका भी नाम सुर्खियों में आ रहा है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने ब्लड बैंकों द्वारा कालाबाजारी तो नहीं हो रहा है जांच होनी चाहिए

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा शहर के कई सरकारी एवं गैर-सरकारी अस्पतालों एवं ब्लड बैंकों में मरीजों को मिलने वाले सुविधाओं, ब्लड कि कमी एवं मरीजों को हो रहें दिक्कत एवं शोषण मामले को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सर्वेक्षण किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह द्वारा इस संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि खून के बदले रक्त लेने के बाद ही जब खून दिया जाता है तो खून का कृत्रिम संकट दिखला कर कहीं ब्लड बैंकों द्वारा कालाबाजारी तो नहीं हो रहा है,



इसकी जांच होनी चाहिए। मरीजों कि भारी भीड़ को देखते हुए जयप्रकाश नारायण अस्पताल, अनुग्रह नारायण अस्पताल में दवा वितरण काउंटर कि संख्या बढ़ाने, गंदगी एवं बदबू से निजात दिलाने,आकस्मिक वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए 24 घंटे डाक्टरों कि प्रतिनियुक्ति होने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण ही गरीब लोगों का प्राइवेट एवं झोलाछाप डॉक्टरों एवं नर्सिंग होम में ईलाज करवाने को मजबूर हो रहें हैं। और यहां उनको शोषण किया जा रहा है। नेताओ ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सुविधाओं का अभाव एवं गंदगी को अविलंब दूर करने,ओपीडी में मरीजों के लिए सुविधाओं को अच्छा करने, सरकारी अस्पतालों में तैनात डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने, आईसीयू में भर्ती मरीजों के परिजनों को बाहर से देखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं डाक्टरों के फीस में मनमाने ढंग से वृद्धि पर रोक लगाने, सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं जांच केन्द्र के फीस में एकरूपता लाने, फर्जी नर्सिंग होम, जांच केन्द्र,दवा दुकानों के लाइसेंस रद्द करने के साथ साथ ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज करने के मांग को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा आंदोलन चलाने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया है। जिसमें कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, सारिका वर्मा, सुनील कुमार बम्बई, पिंटू सिंह, बबलू सिंह, जिया वर्मा, महेश यादव, संजय कुमार, बबलू गुप्ता, विक्की वर्णवाल, बिंदु वाला सिन्हा, इंदू प्रजापति, पम्मी सिंह को शामिल किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल यादव, दीपक पाण्डेय , आकाश देवगिरी, प्रमोद चौधरी, गोपाल पटवा, नागेन्द्र सिंह,दुखन पटवा समेत कई लोग मौजूद थे।

## घर-घर गायत्री यज्ञ के निमित्त 170 लोगों ने दो पाली में यज्ञ संपन्न कराया

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के आह्वान पर सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार के नेतृत्व में घर-घर गायत्री यज्ञ कार्यक्रम के निमित दुर्गा मैदान में स्थापित यज्ञशाला में श्री राम युवा मंडल के कार्यकताओं द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के आयोजन में संतोष कुमार, नारायण कुमार, कौशल कुमार, दीपक कुमार, अग्रवाल दीपक, कुमार रवि, साकेत कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, प्रवीण अग्रवाल, विक्की अग्रवाल की सराहनीय भूमिका रही ।यज्ञ में स्थानीय महिलाओं ने भी विशेष भूमिका निभाते हुए यज्ञशाला में आयोजित हवन कुंड में भक्तिमय वातावरण के साथ हवन किया एवं विश्व शांति की स्थापना हेतु प्रार्थना की। श्री राम महिला मंडल के सदस्य के रूप में ममता देवी, किरण



देवी, रेखा देवी, अनीता देवी ,मालती देवी, राखी देवी, कुमारी आरती गुप्ता, तारावती देवी, पार्वती देवी ,रीमा कुमारी, प्रीति कुमारी ,देवंती देवी, शिवानी कुमारी, काजल कुमारी, अंशु कुमारी, अंजली कुमारी, मनसा देवी ,रामकली देवी,पुतुल देवी, प्रतिमा कुमारी, खुशी कुमारी, सुरभि कुमारी, पूजा कुमारी, इंदू देवी की सराहनीय भूमिका रही। इन लोगों ने संकल्प लिया कि घर-घर यज्ञ के साथ-साथ प्रत्येक रविवार को यज्ञशाला में नौ कुंडीय यज्ञ को हम लोग विशेष रूप से करेंगे साथ ही साथ अगले वर्ष 3 फरवरी को 11 जोड़ों के सामूहिक विवाह के संबंध में भी तैयारी करेंगे। आज के घर-घर यज्ञ कार्यक्रम के निमित 170 लोगों ने दो पालियों में यज्ञ को संपन्न कराया। श्रीराम प्रज्ञा मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता सत्यम कुमार रंजीत कुमार, राहुल कुमार, आनंदी कुमार, अभिषेक कुमार ने विशेष भूमिका निभाई।

## प्लास्टिक बैन के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दल का गठन : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन हेतु गठित राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई है । इस बैठक में राज्य स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के शत प्रतिशत अनुपालन पर बल दिया गया है।

इस बैठक में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा बताया गया कि पूरे राज्य में केवल गया नगर निगम के द्वारा ही शत प्रतिशत कचरे का प्रसंस्करण किया जाता है। गया नगर निगम के पास नैली



में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का संयंत्र स्थापित है जिसमें गीला कचरा से कंपोस्ट तैयार किया जाता है साथ ही साथ एमआरएफ में सूखे कचरे का प्रसंस्करण किया जाता है। नगर आयुक्त द्वारा बतलाया गया कि नगर निगम के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु सीएनजी चलित वाहन का उपयोग किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण हेतु हॉटस्पॉट को भी चिन्हित किया गया है जहां प्रत्येक दिन वॉटर स्प्रिंकलर से छिड़काव किया जाता है साथ ही साथ धूल कण से बचाव हेतु फुटपाथ का निर्माण भी कराया जा रहा है। गया नगर निगम के द्वारा खुले में बालू गिट्टी आदि रखने पर पर 5000 जुमार्ना का प्रावधान किया गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दल का गठन किया गया है जो 5 जून के बाद लगातार छापेमारी का कार्य करेगी साथ ही साथ गया नगर क्षेत्र में चलाए जा रहे अवैध खटाल को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। गठित टीम के द्वारा यंत्र तंत्र कचरा फेंकने वालों एवं बिना ढके भवन निर्माण करने वालों पर भी दंड शुल्क अधिरोपित किया जाएगा।

## कमांडेंट अवार्ड समारोह का आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।पहाड़पुर गांव के पास स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी ओटीए परिसर में कमांडेंट अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया है. ।इस समारोह में वैसे कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया है ।जिन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह मिन्हास द्वारा कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के मेडल से पुरस्कृत किया गया है ।इस मौके पर उन्होंने



अपने संबोधन में यहां से पासआउट होने वाले ऑफिसर्स को शुभकामनाएं दी हैं ।मालूम हो कि इस बार यहां पासिंग आउट परेड 8 जून को है ।पूर्व संध्या पर मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बहादुर जवानों द्वारा एक -से- बढ़कर एक रोमांचक करतब प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार गया ओटीए से 118 कैडेट्स पास आउट हो रहे है ।ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह मिन्हास ने कहा कि 8 जून को पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें 118 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट होंगे ।इसके बाद ये विशेष ट्रेनिंग के बाद सैन्य अधिकारी बनेंगे। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं. उन्होंने कहा कि 18 जुलाई वर्ष 2011 में गया ओटीए की स्थापना हुई थी। तब से गया ओटीए लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। देश के प्रशिक्षण देने वाले उत्तम संस्थानों में गया ओटीए की गिनती की जा रही है ।यहां कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है ।जिसके बाद वे सैन्य अधिकारी बनकर देश की सेवा करते हैं। आगे कहा कि विगत 1 अप्रैल से शॉर्ट सर्विस कमीशन की शुरूआत की गई है ।जिसके तहत मेल और फीमेल दोनों कैडेट्स को प्रशिक्षण देने की नई व्यवस्था शुरू की गई है ।यह एक निश्चित रूप से गया ओटीए के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## दिनारा प्रखंड क्षेत्र में लगेंगे बिजली स्मार्ट प्रीपेड मीटर, तैयारियां पूरी

दिनारा (रोहतास) विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा के कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड दिनारा के सभी उपभोक्ताओं के परिसर में मंगलवार से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगेंगे। वैसे उपभोक्ता जो मीटर लगाने का विरोध करेंगे उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिहार इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड में प्रावधान है कि उपभोक्ता द्वारा यदि बिजली के काम में बाधा पहुंचायी जाती है तो उनका बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है। बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। बिजली कंपनी को नए मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं से सहमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जो कंपनी अपने अनुसार हर घर में स्मार्ट मीटर लगा सकती है।

## सुहागिन व्रती ने पति की लंबी उम्र के लिए किया वट वृक्ष पूजन

बिक्रमगंज (रोहतास) हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 6 जून को वट सावित्री व्रत रखा जायेगा । इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने जीवनसाथी की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं । इस वर्ष वट सावित्री व्रत के दिन रोहिणी नक्षत्र और धृति योग बन रहा है । इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष, देवी सावित्री और सत्यवान की पूजा करती हैं । जब इस संदर्भ में ज्योतिषाचार्य दिनेश पांडेय, ज्योतिषाचार्य जनार्दन पाठक,आचार्य हरिशरण दुबे,आचार्य अक्षयवर पांडेय से जानकारी ली गई तो सभी ने बताया कि इस वर्ष पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 05 जून को संध्या काल 07 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 06 जून को संध्या 06 बजकर 07 मिनट पर खत्म होगी । सभी ने बताया कि शास्त्र के अनुसार उदयातिथि के दिन ही कोई भी व्रत करने की मान्यता दी गई है ।

उसी आधार पर वट सावित्री व्रत 6 जून दिन गुरुवार को रखा जाएगा। सभी ने कहा कि वट सावित्री व्रत वाले दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:02 बजे से 4:42 तक है। वहीं शुभ मुहूर्त या अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:52 बजे से 12:48 बजे दोपहर तक है। व्रत वाले दिन धृति योग प्रातःकाल से लेकर रात 10 बजकर 09 मिनट तक है। उसके बाद शूल योग प्रारंभ होगा। वहीं रोहिणी नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर रात 08:16 बजे शाम तक है, उसके बाद से मृगशिरा नक्षत्र रहेगा। उनलोगों ने बताया कि देवी सावित्री और सत्यवान की मूर्ति या तस्वीर, वट सावित्री व्रत कथा और पूजा विधि की पुस्तक, रक्षा सूत्र, कच्चा सूत, बरगद का फल, बांस का बना पंखा, कुमकुम, सिंदूर, फल, फूल, रोली, चंदन, अक्षत, दीपक, गंध, इत्र, धूप, सुहाग सामग्री, सवा मीटर कपड़ा, बताशा, पान, सुपारी, पूड़ी, गुड़, भींगा चना, मूंगफली, घर पर बनाए पकवान, पाली का कलश, मखाना, नारियल, मिठाई खास तौर से रखे । साथ ही साथ उस मास में होने वाले ऋतुफल को अवश्य रखें ।

## मतगणना स्थल पर समय पर सभी कर्मी मतगणना केंद्र पर योगदान देंगे : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना तिथि 4 जूनको निर्धारित है। गया संसदीय क्षेत्र लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गया कॉलेज में मतगणना केंद्र बनाया गया है। मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम टाउन स्कूल के हॉल में आयोजित किया गया है। मतगणना कर्मियों, पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए डॉ त्यागराजन एसएम जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी गया ने कहा कि मतगणना में समय का बहुत महत्व होता है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 4 जून को 8:00 बजे सुबह से मतगणना शुरू होगी और इसके लिए सभी कर्मियों को सुबह 5:30 मतगणना केंद्र पर योगदान करना है। सभी लोगों को मतगणना केंद्र में विधिवत जांच करके प्रवेश करना है। जिनमें गणना अभिकर्ता, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, सूक्ष्म प्रेक्षक, एमटीएस,मजदूर, मजदूर का सुपरवाइजर, एआरो सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। इसलिए समय पर सभी कर्मी मतगणना केंद्र पर योगदान देंगे। मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं सूक्ष्म प्रेक्षक विधानसभा वार अपना योगदान देंगे, किस टेबल पर उन्हें ड्यूटी मिलेगी, यह उसी दिन रेंडमाइजेशन के द्वारा तय किया जाएगा। वज्र गृह का स्ट्रांग रूम प्रेक्षक गण, अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता, निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में निर्देशित



प्रक्रियाओं का पालन करते हुए खोला जाएगा। स्ट्रॉन्ग रूम से पर्यवेक्षक की निगरानी में टेबुलवार आवंटित मजदूर अपने- अपने टेबल के लिए सीयू प्रपत्र 17- सी पार्ट वन के साथ दाहिने हाथ से लेकर जाएंगे और मतगणना कक्ष में अपने आवंटित टेबल पर रखेंगे ।सभी 06 विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाया गया है। अलग-अलग विधानसभा के लिए लगाए गए अलग अलग मजदूर एवं पर्यवेक्षक का ड्रेस भी अलग-अलग होगा ताकि मिक्स होने की संभावना नहीं रहे। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक और एक सूक्ष्म प्रेक्षक रहेंगे। मतगणना कर्मी सीयू का रिजल्ट बटन दबाकर इसमें पड़े मतों की संख्या का मिलान प्रपत्र 17- सी पार्ट वन से करेंगे और इसे गणना अभिकर्ता को भी दिखाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार का डिजिटल उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है, इसलिए डिजिटल घड़ी, मोबाइल फोन बंद अवस्था में भी वहां रखने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना का परिणाम सभी एआरओ द्वारा अपने बोर्ड पर भी डिस्प्ले किया जाएगा। मतगणना का परिणाम राउंड वाइज आरओ द्वारा अंतिम रुप से जारी की जाएगी। इसके पूर्व अपर समाहर्ता राजस्व ने मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर राउंड की मतगणना के बाद शुद्धता की जांच हेतु रैंडमली 2 टेबल की पुनः गणना कर मिलान की जाएगी । लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 एवं निर्वाचन संचालन अधिनियम 1961 की धारा 54 के तहत मतगणना के पूर्व सभी मतगणना कर्मियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। मतगणना के दौरान गोपनीयता भंग करने की स्थिति में 3 महीने का जेल या आर्थिक दंड दोनों से दंडित करने का प्रावधान है। इसलिए मतगणना कर्मी एक बार मतगणना केंद्र में प्रवेश करने के पश्चात मतगणना समाप्त होने के बाद ही मतगणना केंद्र से बाहर निकलेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जून, 2024





# सोनू सूद के निर्देशन में काम करेंगे नसीरुद्दीन

अभिनेता सोनू सूद की आगामी फिल्म 'फतेह' में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो चुकी है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ बीटीएस तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'नसीर सर का स्वागत है, किसी ऐसे व्यक्ति का निर्देशन करना जिसका मैं पूरी जिंदगी प्रशंसक रहा हूं, मेरे लिए बहुत खास था। आपको 'फतेह' पर गर्व होगा।'

## बतौर निर्देशक भी कमान संभाले हैं सोनू

बता दें कि फिल्म में सोनू सूद अभिनय तो कर ही रहे हैं, साथ-साथ वह निर्देशन का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। ऐसे में सोनू सूद की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है। वहीं, नसीरुद्दीन शाह का सोनू सूद की फिल्म में अभिनय करना उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। नसीरुद्दीन बॉलीवुड के मंझे हुए कलाकारों में से एक हैं।

## पहली बार जैकलीन के साथ आएंगे नजर

सोनू सूद की इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस बतौर अभिनेत्री नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब अभिनेत्री सोनू सूद के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है। फिल्म में सोनू सूद काफी खतरनाक अवतार में दिख रहे हैं।

## कैसा होगा नसीरुद्दीन का किरदार?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनू सूद ने इससे पहले नसीरुद्दीन के फिल्म में जुड़ने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वह इस फिल्म में अभूतपूर्व भूमिका में नजर आएंगे। सोनू सूद ने इससे पहले कहा था कि यह एक एक्शन फिल्म है, जो हॉलीवुड फिल्म के एक्शन के बराबर होगी। हालांकि, फिल्म के रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं हुई है।





# अक्षय कुमार पर बकाया मेरी जीती हुई रकम, अगली बार मिलेंगे तो वसूली जरूर करूंगी

**यशराज फिल्म्स की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' से अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री वाणी कपूर की नई फिल्म का नाम 'बदतमीज गिल' है। इसके अलावा उन्होंने अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'खेल खेल में' और अजय देवगन के साथ फिल्म 'रेड 2' की शूटिंग भी करीब करीब पूरी कर ली है।**

**'शुद्ध देसी रोमांस' के किरदार तारा से लेकर 'बदतमीज गिल' तक आते आते बतौर अभिनेत्री अब कितना विश्वास आ चुका है अपने ऊपर?**

खूब सारा काम करके खूब सारा आत्मविश्वास तो आता ही, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन, आत्मविश्वास से ज्यादा जरूरी है, उस किरदार को करने के लिए आस्था होना। बीते 10 साल में मैंने ज्यादा फिल्में की नहीं हैं और मुझे तो लगता है कि जैसे मेरी शुरुआत अब हो रही है। मैं अब भी शूटिंग पर पहुंचती हूं तो नर्वस हो जाती हूं। उस मकाम पर भी अभी नहीं पहुंची हूं जहां मुझे लगे कि मैं कुछ भी कर सकती हूं।

**'बदतमीज गिल' के अलावा आपने हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'खेल खेल में' भी पूरी की है। 'बेलबॉटम' के बाद अक्षय कुमार के साथ आपकी ये दूसरी फिल्म है..**

अक्षय के साथ काम करना एक अलग ही आनंद है। वह खुद भी बहुत खुशमिजाज इंसान हैं। शूटिंग नहीं भी हो रही हो तब भी सबके साथ रहना ही पसंद करते हैं। खूब हंसी मजाक करते हैं। मौका मिलता था तो हम लूडो पर बाजी लगाकर खेलते थे। 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक की हमारी बाजी होती थी और अगर बाजी अक्षय जीत गए तो फिर तो आपको उनको पैसे देने ही पड़ेंगे। लेकिन, अक्षय मुझसे हारे हैं और मेरे पैसे भी उन पर बकाया है। वह शायद भूल गए हों, लेकिन अगली बार मिलेंगे तो मैं वसूली जरूर करूंगी। अगर अजय देवगन की बात करें तो वह काम में डूबे रहने वाले कलाकार हैं। फिल्म 'रेड 2' की पटकथा बहुत ही कमाल की है।

**आपकी तो दूसरी फिल्म ही साउथ सिनेमा की फिल्म थी। इन दिनों ऐसी भारतीय फिल्में खूब बन रही हैं जिनमें सभी भाषाओं के कलाकारों के होते हैं, आपका इस बारे में क्या कहना है?**

मैं भी मानती हूं कि हम भारतीय सिनेमा हैं और सारी भाषाओं के कलाकारों को साथ काम करना ही चाहिए। इसे पैन इंडिया जैसा नाम न देकर भारतीय सिनेमा ही कहना बेहतर होगा। इन दिनों मलयालम सिनेमा में बहुत अच्छी अच्छी फिल्में बन रही हैं। उनकी कहानियों को और भी विस्तार मिले। मुझे मौका मिले तो मैं भी ऐसी फिल्मों में काम करना चाहूंगी। मैं हमेशा से बौद्धिक सिनेमा करना चाहती रही हूं। साउथ में मुझे साई पल्लवी की काम बहुत पसंद है। अल्लू अर्जुन बहुत ही मनोरंजक अभिनेता हैं।

**साई पल्लवी का आपने जिक्र किया और उनकी रणबीर कपूर के साथ बन रही फिल्म 'रामायण' की इन दिनों बहुत चर्चा है। रणबीर के साथ आपने फिल्म 'शमशेरा' की थी। कितना जाना आपने रणबीर को, इस शूटिंग के दौरान?**

वह अभिनेता जितने कमाल के हैं, इंसान उससे भी कमाल के हैं। बहुत ह्नही विनम्र, बहुत ही जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं। एक सुपरस्टार होने का कोई फितूर नहीं पालते हैं। कभी ये नहीं कहते कि उन्हें किसी खास तरह की तवज्जो दी जाए। प्रकृति के करीब रहना उन्हें बहुत पसंद है। हम नुब्रा वैली में शूटिंग कर रहे थे तो साथ में दूर तक पैदल घूमने चले जाते थे। कहीं जाना हो तो उनकी कोई जिद नहीं होती थी कि नहीं, मुझे यही गाड़ी चाहिए। मजाकिया भी वह बहुत हैं और दूसरों की टांग खींचने में उन्हें खूब मजा आता है।



# टीवी में होता है अपमान मुझे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा

अपने अतरंगी फैशन सेंस अपनी बेबाक पर्सनालिटी के लिए मशहूर उर्फी जावेद ने एक बार फिर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उर्फी ने बताया है कि टीवी शो के सेट पर एक्टर्स के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने खुलासा किया कि कैसे अपने करियर के शुरुआती दिनों में एक शो के दौरान उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था, क्योंकि शो के ईपी ने उनकी शिफ्ट का समय बदलने से इनकार कर दिया था। आइए जानते हैं उर्फी ने और क्या कहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब पूछा गया कि टेलीविजन कलाकार बॉलीवुड में आने के बाद खुद को टेलीविजन से जोड़ने से क्यों मना कर देते हैं, जबकि टेलीविजन ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। इस पर उर्फी ने कहा कि यह टेलीविजन नहीं है, जो अभिनेता को पहचान देता है बल्कि यह उनकी कड़ी मेहनत है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि कैसे एक टेलीविजन सेट पर वह बीमार पड़ गई और आखिरकार उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। अभिनेत्री ने कहा, ऐसा नहीं है टीवी ही सब कुछ देता है, यह एक अभिनेता की कड़ी मेहनत भी है। टीवी में काम करना आसान नहीं है, इसमें बहुत अपमान भी शामिल है। कुछ प्रोडक्शन हाउस आपके साथ बहुत बुरा व्यवहार करते हैं। मैं टीवी का महिमामंडन नहीं करना चाहती, टीवी ने ही सब कुछ दिया है, लेकिन कोई भगवान थोड़ी है टीवी। अभिनेत्री मे अपना अनुभव साझा करते हुए आगे बताया कि चूंकि मैं नई थी, इसलिए मैं बहुत डर गई। मैं 7.30 बजे सेट पर पहुंच जाता और वे 3.30 बजे मेरा सीन शुरू कर देते, मैं सचमुच बहुत बीमार थी। अंत में, मुझे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

# बजरंगी भाईजान की मुन्नी से दर्शकों के दिलों में उतरीं हर्षाली

हर्षाली मल्होत्रा बॉलीवुड की मशहूर चाइल्ड आर्टिस्ट में से एक हैं। उन्हें पहली बार फिल्म बजरंगी भाईजान में मुन्नी के किरदार में देखा गया था। इस फिल्म से वह रातोंरात स्टार बन गई थीं। हर्षाली का जन्म 3 जून 2008 को मुंबई में हुआ था उन्होंने टेलीविजन में भी काम किया है, जिसमें कबूल है और सावधान इंडिया जैसा मार्मिक शो भी शामिल है। वैसे तो हर्षाली दिल्ली से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन बेटी के एक्टिंग में डेब्यू करने के बाद उनके माता-पिता मुंबई में ही शिफ्ट हो गए। हर्षाली टेलीविजन पर कुबूल है और लौट आओ तृषा में भी नजर आ चुकी हैं।



# मंगेतर के साथ वेकेशन का मजा ले रही अदिति राव हैदरी

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी साउथ सिनेमा के साथ बॉलीवुड में भी खासी लोकप्रिय हैं। अदिति को संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी - द डायमंड बाजार' में एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। हर ओर उनकी अदाकारी के चर्चे हैं। सीरीज में उनका गजगामिनी वॉक तो इतना हिट हुआ कि यह सोशल मीडिया पर छा गया और लोग इससे प्रेरित हो इंस्टा रील बना रहे हैं। अदिति फिलहाल अपनी निजी जिंदगी के चलते भी लाइमलाइट में हैं। वह अपने मंगेतर और अभिनेता सिद्धार्थ के साथ टस्कनी में वेकेशन का लुत्फ उठा रही हैं। अदिति ने वहां से कुछ फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वह सिद्धार्थ के साथ रोमांटिक पोज देती दिख रही हैं। एक फोटो में कपल किसी पहाड़ी लोकेशन पर सेल्फी ले रहा है। हर फोटो में दोनों की जोरदार कैमेस्ट्री है। फैंस इन पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। अदिति ने कैप्शन में लिखा, आभारीज्सटस्कन सूर्य के नीचे। उल्लेखनीय है कि अदिति और सिद्धार्थ लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उनकी पहली मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के सेट पर हुई थी। अदिति के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो वह अब विजय सेतुपति के साथ 'गांधी टॉक्स' और कजरी बब्बर की अंग्रेजी फिल्म 'शेरनी' में नजर आएंगी।



# पंचायत 3 की रिंकी को बदलना पड़ा था अपना असली नाम

पंचायत 3 का तीसरा सीजन रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस सीरीज में रिंकी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री खूब चर्चा बटोर रही हैं, इस किरदार को संविका ने अदा किया हैं। हालांकि, यह उनका असली नाम नहीं हैं, असली नाम पूजा सिंह हैं, जिसे बदलने का किस्सा काफी रोचक है। संविका ने ड़िजिटल कमेंट्री को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि पूजा नाम की कई सारी लड़कियां हैं, स्कूल में किसी एक पूजा बुलाते थे तो कई सारी पूजा पलटकर देखती थी। उन्होंने कहा कि पंचायत के पहले सीजन में काम करने के बाद इंटरनेट पर विकिपीडिया समेत कई पेज पर भी पूजा नाम की एक दूसरी अभिनेत्री को टैग किया जा रहा था। अभिनेत्री ने इस झंझट से मुक्ति पाने के लिए अपना एक स्टेज नेम रखने का फैसला लिया और गूगल और घरवालों की मदद से संविका नाम रख लिया।





# 10 जून से फ्लोर पर आएगी रजनीकांत की कुली

दक्षिण भारतीय दिग्गज अभिनेता रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेट्टैयान' 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस दौरान इसकी टक्कर जूनियर एनटीआर की 'देवरा' से रहेगी। इस फिल्म का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है। बता दें कि 'वेट्टैयान' के बाद, रजनीकांत मास एक्शन ड्रामा 'कुली' में अभिनय कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया था। टीजर देखने के बाद रजनीकांत के प्रशंसकों की बेसब्री और बढ़ गई। अब अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की तारीख का खुलासा किया है। आइए जानते हैं रजनीकांत की इस फिल्म की शूटिंग कब से शुरू हो रही है। फिल्मकार लोकेश कनगराज रजनीकांत की फिल्म 'कुली' का निर्देशन कर रहे हैं। रजनी और लोकेश के एक साथ काम करने से फिल्म की लोकप्रियता दर्शकों के बीच और बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत ने अब खुलासा किया है कि फिल्म 10 जून से फ्लोर पर आएगी। वहीं, लोकेश अपनी फिल्मों की शूटिंग जल्द खत्म करने के लिए जाने जाते हैं।

## क्या कुली को संभाल पाएंगे लोकेश?

इससे पहले निर्देशक लोकेश कनगराज ने 'लियो' का निर्देशन किया था। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, क्योंकि कुछ लोगों का कहना था कि उन्होंने फिल्म को बनाने में जल्दबाजी कर दी थी। ऐसे में लोकेश की 'कुली' को लेकर जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। अब देखना ये है कि दिग्गज कलाकार रजनीकांत की इस फिल्म के निर्देशक कैसे संभालते हैं? कुछ दिनों पहले फिल्म के टाइटल टीजर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था।

## चार भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत की इस फिल्म को चार भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह रजनीकांत की 171वीं फिल्म है। इसे मिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का प्रोडक्शन 'सन पिक्चर्स' के बैनर तले हो रहा है।

# बढ़ते वजन के कारण स्वरा को नहीं मिल रहा काम!

स्वरा भास्कर अपनी निजी जिंदगी के अलावा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ कनेक्ट भी। हाल ही में, स्वरा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इन तस्वीरों स्वरा का वजन काफी बढ़ा हुआ नजर आया था। स्वरा ने कहा कि हम कैसे भी हो हमें अपने शरीर के बदलावों को स्वीकार करना चाहिए। अभिनेत्री ने आगे कहा कि काम मिले या न मिले, खुद को आगे रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है।



सेंसेक्स
76468.78 पर बंद
निफ्टी
23263.90 पर बंद




सोना
72,651
चांदी
82,438

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रूकॉलर के एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन के पार पहुँची




**बेंगलुरु , एजेंसी।** पूरी दुनिया में अनजान नंबरों से आने वाले कॉल को वेरीफाई करने और अनचाहे संचार को रोकने के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज बड़े गर्व के साथ अपने मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या के 400 मिलियन तक पहुँचने की घोषणा की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रूकॉलर का दायरा बड़ी तेज़ी से बढ़ रहा है और इस साल 31 मार्च से अब तक इसके यूजर्स की संख्या में 10.1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इसके बारे में बात करते हुए ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन ममेदी, कहते हैं, हमारे मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन तक पहुँच गई है और यकीनन यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। लेकिन हम इस बात को भी अच्छी तरह समझते हैं कि, ट्रूकॉलर जैसे समाधान अब पहले से कहीं ज़्यादा आवश्यक हो गए हैं। बदकिस्मती से आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायों के लिए भी अनचाहे संचार, स्पैम और धोखाधड़ी की समस्या बढ़ रही है। नई-नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ धोखेबाज़ों के लिए लोगों को झांसा देकर पैसे कमाने के बढ़ते अवसर की वजह से यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इसलिए हमने अपने ऐप को लगातार विकसित करना और नए फंक्शंस को शामिल करना जारी रखा है, ताकि हम अपने यूजर्स को फ़ोन कॉल या स्स्र्स से पहले, उसके दौरान और उसके बाद सुरक्षा प्रदान कर सकें। साल 2024 की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ट्रूकॉलर उनके मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या औसतन 383.4 मिलियन दर्ज की गई थी, जबकि तिमाही के अंत में मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 389.9 मिलियन हो गई थी।

### डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 3 जून को रिलीज हो रहे गुनाह का ट्रेलर हुआ लॉन्च

**मुंबई।** डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपनी आगामी सीरीज गुनाह के एक दिलचस्प टीज़र के बाद अब इसका ट्रेलर लॉन्च किया है। रोमांचक ड्रामा और मिस्ट्री के साथ पुरुष दर्शकों पर केंद्रित इस सीरीज़ में अभिमन्यु की कहानी दिखाई गई है, जिसका किरदार गश्मीर महाजनी निभा रहे हैं। इस सीरीज़ में वो विश्वासघात का बदला लेने के सफर पर निकले हैं। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित, गुनाह में सुरभि ज्योति और ज़ैन इबाद खान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज़ 3 जून 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप निशुल्क देखी जा सकेगी और सोमवार से शुक्रवार तक रोज इसके नए एपिसोड आएंगे। अनिल सीनियर के निर्देशन में बनी और शो-रनर अनिरुद्ध पाठक के साथ गुनाह में प्रतिशोध और अपनी जान बचाए रखने की कहानी है, जिसमें हर कदम एक मास्टरस्ट्रोक है और हर गलती की कीमत चुकानी पड़ती है। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मौटिक टोलिया ने कहा, गुनाह में प्यार और कड़ी मेहनत की कहानी है। हमें यह कहानी पेश करने के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ सहयोग करने की खुशी है।

# अमेरिका-इंग्लैंड नहीं सिंगापुर से भारत में आया सबसे ज्यादा विदेशी निवेश

**विदेशी निवेश के प्रवाह में 3 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है**

### जापान और नीदरलैंड से भी विदेशी निवेश बढ़ा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 से सिंगापुर, भारत के लिए ऐसे निवेश का सबसे बड़ा स्रोत रहा था। 2017-18 में भारत ने मॉरीशस से सबसे ज्यादा एफडीआई आकर्षित किया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत-मॉरीशस कर संधि में संशोधन के बाद सिंगापुर, भारत में निवेश के लिए पसंदीदा क्षेत्र के रूप में उभरा है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि दुनिया के प्रमुख वित्तीय केंद्रों में से एक के रूप में सिंगापुर उन वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करता है जो एशिया में निवेश करना चाहते हैं। मजूमदार ने कहा, ''हाल ही में रीट विनियम 2014 में संशोधन जैसी भारत की पहल ने सिंगापुर स्थित निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। यही कारण है कि भारत को सिंगापुर से ऊंचा एफडीआई मिल सकता है।'' उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि 2024-25 के उत्तरार्ध में भारत में एफडीआई में तेजी आएगी।

#### विकासशील देशों में लगा रहे पैसा

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार संजीव मल्होत्रा ने कहा कि सिंगापुर और मॉरीशस ऐसे क्षेत्र हैं जिनका उपयोग वैश्विक निवेशक भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अपना पैसा लगाने के लिए करते हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''हालांकि, ऐसे कई भू-आर्थिक और राजनीतिक कारक हैं जिनकी वजह से सिंगापुर ने हाल के दिनों में अधिक महत्व हासिल की है, लेकिन भारत के लिए एफडीआई में उसके सबसे ऊपर रहने का कारण कर है।'' उन्होंने कहा कि सिंगापुर में बहुत प्रतिस्पर्धी घरेलू कर व्यवस्था है और उसका नियामकीय ढांचा काफी दक्ष है।

### लगातार दूसरे महीने मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ रही धीमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, ''विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई।

## भाजपा जीती तो हर हफ्ते आएगा 2 अरब डॉलर तक का एफपीआई निवेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली तो भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश फिर से आ सकता है। नोमूरा के विश्लेषकों का अनुमान है कि जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की तारीख (28 जून) तक उनका साप्ताहिक निवेश डेट मार्केट में 1 से 2 अरब डॉलर रह सकता है। दूसरी ओर, अगर भाजपा 2024 का चुनाव जीतने में नाकाम रहती है तो नोमूरा को कुछ हफ्तों में 30 अरब डॉलर से ज्यादा के विदेशी निवेश की निकासी की आशंका है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक के भारी हस्तक्षेप की दरकार होगी। नोमूरा के नाथन श्रीबालासुंदरम ने हालिया नोट में कहा कि अप्रैल में बिकवाली के बाद आरबीआई ने हाल में अपने विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा बहाल किया है। हालांकि यह आवक अभी कम है। यह निवेश पूंजी खाते के निवेश का करीब से अनुसरण करता है। इक्विटी और बॉन्ड में एफपीआई का निवेश इसमें इजाफा कर रहा है। हमें लगता है कि यह पूरी तरह चुनाव नतीजों की झलक देता है। भाजपा की जीत की स्थिति में हमें डॉलर वापस आने की उम्मीद है और चुनाव से इंडेक्स में शामिल किए जाने की तारीख तक हर सप्ताह करीब 1 से 2 अरब डॉलर निवेश आने का अनुमान है। नोमूरा के अनुसार आगामी हफ्तों में अंतरबैंक नकदी बढ़ाने के लिए आरबीआई विदेशी विनिमय में हस्तक्षेप कर सकता है। उसका कहना है कि यह मोटे तौर पर चुनाव नतीजों से संचालित होगा। नोमूरा ने कहा कि पिछले हफ्तों में एफपीआई ने छोटे आकार में सरकार के बॉन्ड में खरीद बहाल की है।

## एआई पायलट्स की जगह नहीं ले सकता, दावा- नई तकनीक से तरीकों में ही बदलाव है संभव




**दुबई , एजेंसी।** वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में तेजी से अपना पैर फैला रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर एयरलाइंस ने बताया कि भविष्य में यह पायलटों की जगह नहीं लेगा, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में तेजी से बदलाव ला रहे हैं। एयर फ्रांस-केएलएम में डेटा विज्ञान और एआई के प्रमुख जूली पोजी ने विमानन क्षेत्र के लिए डेटा और एआई को एक शानदार लीवर बताया।

संयुक्त अरब अमीरात में एक वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सोमवार को एयरलाइंस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में आगामी एआई परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विमानन कंपनियां लंबे समय से ही कम लाख मार्जिन की आदी है, लकिन एआई के जरिए इसके उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है।

अमेरिका स्थित फर्म बेन एंड कंपनी में एयरलाइन उद्योग के प्रमुख सलाहकार जेफ्री वेस्टन ने कहा, एआई वास्तव में सही लोगों तक सही जानकारी जल्द से जल्द पहुंचाने में मददगार है। जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए 40 से अधिक परियोजनाओं के साथ एयर फ्रांस-केएलएम ऐसा कर रहा है। फ्रेंच-डच कंपनी की योजनाओं में एक ऐसा टूल है जो ग्राहकों को 85 अलग-अलग भाषाओं में जवाब देता है। इसे एयर फ्रांस एजेंटों के टैबलेट पर इंस्टॉल किया जाएगा और 2025 तक पेरिस चार्ल्स डे गॉल एयरपोर्ट पर लागू कर दिया जाएगा।

#### एयरपोर्ट पर कई एआई पहल की शुरुआत

एयरपोर्ट के संचालक, ग्रुप एडीपी ने स्टार्टअप के सहयोग से कई एआई पहल शुरू की हैं, जिसमें एलोब्रेन भी शामिल है। इसे एयरपोर्ट पर फोन कॉल का जवाब देने के लिए आवाज की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस पहल से अनुत्तरित फोन कॉल की संख्या में गिरावट देखने को मिली। अनुत्तरित फोन कॉल की संख्या अब 50 फीसदी से घटकर 10 फीसदी तक हो चुकी है।

## एग्जिट पोल में मोदी रिटर्न से पावर कंपनियों के शेयर बने रॉकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में आई आज बंपर तेजी में सबसे अधिक दम पावर और एनर्जी कंपनियों के शेयर दिखा रहे हैं। लॉर्ज कैप सेगमेंट में सबसे ऊपर अडानी पावर है। आज इसमें करीब 16 फीसद की उड़ान है। अडानी पावर अब 874.90 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में दूसरी पावर कंपनियों में एक नाम है, पावर फाइनेंस कार्पोरेशन का। इस स्टॉक में भी 11.59 फीसद की तेजी है। यह स्टॉक आज 598.25 रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद अडानी पोर्ट्स और आईआरबी इंफ्रा को छोड़ दे तो फिर पावर ग्रिड का नंबर है। पावर ग्रिड आज सेंसेक्स का सिकंदर साबित हुआ है। यह स्टॉक आज 10.37 फीसद की उछाल के साथ 341.75 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में अडानी एनर्जी सॉल्यूशन भी है, जिसमें करीब 9 फीसद की उछाल है। वहीं एनटीपीसी है, जिसमें 8.57 फीसद की तेजी है। दरअसल मोदी सरकार की अनुकूल सरकारी नीतियां कई कंपनियों में विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

## अरबपति नेल्सन पेल्ट्ज ने डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची

**एक अरब डॉलर के मुनाफे के साथ हुआ सौदा**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति निवेशक और एक्टिविस्ट नेल्सन पेल्ट्ज ने बुधवार को डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। पेल्ट्ज़ और उनके हेज फंड, ट्रायन फंड मैनेजमेंट ने मीडिया और मनोरंजन समूह के खिलाफ लंबे समय से चल रही अपनी प्रॉक्सी वॉर में हार के करीब दो महीने बाद यह बिकवाली की। रिपोर्ट्स के अनुसार पेल्ट्स ने अपनी पूरी हिस्सेदारी करीब 1 अरब डॉलर के मुनाफे में बेची है। पेल्ट्ज़ ने अपने सभी डिज्नी स्टॉक को लगभग 120 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर बेच दिया। पेल्ट्ज के हेज फंड ट्रायन फंड मैनेजमेंट के पास करीब 3.5 अरब डॉलर के डिज्नी के शेयर थे। एक परिचित के मुताबिक इस सौदे के जरिए पेल्ट्स को करीब एक अरब डॉलर का मुनाफा हुआ। कंपनी के शेयर करीब 100 डॉलर प्रति शेयर के भाव कारोबार कर रहे हैं। डिज्नी के शेयर इस साल अब तक लगभग 11 प्रतिशत तक चढ़े हैं। पेल्ट्ज़ के ट्रायन पार्टनर्स ने अप्रैल की शुरुआत में डिज्नी में एक प्रॉक्सी लड़ाई हारने के हफ्तों बाद यह बिकवाली की है। पेल्ट्ज खुद को और डिज्नी के पूर्व वित्त प्रमुख जे रासुलो को कंपनी के बोर्ड में चुनने की मांग कर रहे थे।

## जोमैटो ने ग्राहकों से कहा भरी दोपहरी की लू में आर्डर करने से बचें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी से तप रहा है। दिल्ली एनसीआर ही नहीं, देश के कई इलाकों में भयंकर लू चल रही है। ऐसे में फूड डिलीवरी प्लेटफार्म जोमैटो ने ट्विटर या एक्स प्लेटफार्म पर एक पोस्ट किया कि भरी दोपहरी में आर्डर करने से बचें। कंपनी का आशय शायद अपने डिलीवरी पार्टनर को लू से बचाने का था। लेकिन ग्राहकों ने कहा कि अपनी सर्विस को सस्पेंड क्यों नहीं कर देते। जोमैटो ने रविवार, दो जून को दोपहर 1.41 बजे एक ट्वीट किया। इसमें लिखा गया था कि जब तक बहुत जरूरी नहीं हो ।

## ईपीएफओ ने शुरू की नई सुविधा, पीएफ क्लेम करते ही खाते में आ जाएगा पैसा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने सदस्यों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ ने ऑनलाइन पीएफ क्लेम के लिए पासबुक या चेक की कॉपी को अपलोड करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। ऐसा होने से क्लेम को सेटल में तेजी आएगी और पीएफ का पैसा जल्द बैंक खाते में आ जाएगा।

ईपीएफओ के नए सर्कुलर के मुताबिक, क्लेम को निपटाने के लिए नई प्रक्रिया अपनाई गई है। इसके तहत जिन ऑनलाइन क्लेम में बैंक केवाईसी को बैंक की ओर ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया गया है और नियोक्ता की ओर से अन्य सत्यापन दस्तावजों पर डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर किए गए होंगे, वहां चेक या सत्यापित बैंक पासबुक की कॉपी अपलोड करना अब आवश्यक नहीं होगा। अभी ज्यादातर मामलों में ऐसा न करने पर दावों को खारिज कर दिया जाता है। खास बात है कि दावा निपटाने की प्रक्रिया के दौरान ईपीएफओ अधिकारी को वेबसाइट के रंग से यह पता चल जाएगा कि इस मामले में चेक या बैंक पासबुक का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है या नहीं है। इसके लिए पहले से ऑनलाइन सत्यापित खातों की पहचान करने के लिए इन्हें हरे रंग से कोड किया जाएगा, जिससे अधिकारी दावे का निपटान जल्दी से कर सकें। यदि खाता सत्यापित नहीं है तो लाल रंग का कोड होगा। ऐसे मामलों में चेक या पासबुक की कॉपी मांगी जा सकती है।

#### इन मामलों में मिलेगी छूट

यह छूट केवल उन मामलों में मिलेगी, जहां ईपीएफओ सदस्य के दूसरे सत्यापन दस्तावेज पूरे होंगे। इनमें संबंधित बैंक या एनपीसीआई द्वारा बैंक केवाईसी का ऑनलाइन सत्यापतन, डीएससी का उपयोग करके नियोक्ता द्वारा बैंक केवाईसी का सत्यापन और यूएडीएआई द्वारा सत्यापित आधार संख्या आदि शामिल हैं।

#### सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भेजी सूचना

ईपीएफओ ने इस बाबत अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को सूचित कर दिया है। ईपीएफओ ने ईमेल के जरिए सर्कुलर भेजा है। ऐसे मामलों में दावे से जुड़े पीडीएफ फाइल में एक संदेश दिखाई देगा। इसमें लिखा होगा कि बैंक ने केवाईसी को ऑनलाइन सत्यापित किया है और नियोक्ता ने डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। ऐसे दावों की जांच करने वाले अधिकारियों के लिए रंग द्वारा कोडिंग करने की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। तब तक उन्हें मैनुअल तरीके से फाइल जांचनी होगी।

## ठीक से नहीं चल रहा है जेरोधा, यूजर्स मालिक पर जमकर बरसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दूसरे सबसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जेरोधा के ग्राहकों को आज सुबह दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टेक्निकल समस्याओं की वजह से प्रभावित ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर जाकर जेरोधो को आड़े हाथ लिया। बता दें, आज शेयर बाजार रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। एक्जिट पोल में मोदी सरकार की वापसी के मिल रहे संकेतों के बाद आज तेजी देखने को मिली है।

#### सोशल मीडिया पर बरसे यूजर्स

सोशल मीडिया पर एक यूजर्स ने लिखा, मेरी समझ कहती है कि सोमवार को जिरोधा पर विश्वास ना करें। वीकेंड के बाद ये समस्याएं काफी सामान्य हो गई हैं। एक अन्य यूजर्स ने लिखा, बड़े दिन जेरोधा में समस्या सामान्य बात है। आज भी जेरोधा अच्छे से नहीं चल रहा है। सोचिए कल क्या होगा। पॉडकास्ट करवा लो इनसे बस....

एक और अन्य यूजर्स ने लिखा है, निफ्टी आज ओपनिंग में 700 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर सकता है। सबसे बड़ी चिंता ये है कि आज जेरोधा काम करेगा या नहीं

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार की जीत के अनुमान के बीच घरेलू बाजारों सेंसेक्स के सोमवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने से निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत उछलकर 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।



शेयरों में भारी तेजी के बाद बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार के दौरान 12,48,952.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,24,61,833.82 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई 'एग्जिट पोल' में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अनुमान लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को आएंगे।

नामीबिया वर्सेस ओमान

# 39 साल के डेविड विसी ने नामीबिया को सुपर ओवर में दिलाई जीत

## ओमान को हराकर जीत से की शुरुआत

**बारबाडोस, एजेंसी।** नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसी ने ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप-बी मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और टीम को सुपर ओवर में जीत दिलाई। ओमान ने 109 रन बनाए थे, लेकिन नामीबिया की टीम 20 ओवर बाद छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी और मैच टाई रहा। इसके बाद मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये किया गया जहां डेविड विसी ने कप्तान गेरहार्ड एरासमस के साथ मिलकर तूफानी बल्लेबाजी की और जीत दर्ज की। 39 साल के विसी ने सुपर ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे नामीबिया ने ओमान के सामने जीत के लिए 22 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद विसी गेंदबाजी भी करने आए और उन पर लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने की जिम्मेदारी थी जिसे उन्होंने बखूबी निभाया और नामीबिया की जीत से शुरुआत कराई।

**दोनों टीमों के बीच मुकाबला टाई रहा** – इससे पहले, नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। विसी ने पहले कप्तान एरासमस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। नामीबिया के लिए सुपर ओवर में विसी ने 13 रन बनाए, जबकि एरासमस ने आठ रनों का योगदान दिया। इसके बाद इस लक्ष्य का बचाव करने के लिए भी कप्तान ने विसी पर भरोसा जताया। विसी ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। इस तरह नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में 11 रन से जीत दर्ज की।




**2012 के बाद पहली बार हुआ सुपर ओवर** – टी20 विश्व कप में 2012 के बाद पहली बार हुआ जब किसी मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये निकला। यह इस वैश्विक टूर्नामेंट में चौथा मौका था जब कोई मैच टाई रहा, लेकिन सिर्फ तीन बार ही सुपर ओवर से मैच का नतीजा निकाला गया है। नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबले से पहले 2012 में कैंडी में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच खेला गया मैच का नतीजा भी सुपर ओवर के जरिये निकला था जिसमें श्रीलंका ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा 2012 में ही वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच मैच का फैसला भी सुपर ओवर के जरिये हुआ, तब वेस्टइंडीज ने वो मुकाबला अपने नाम किया था।

**नामीबिया की धीमी बल्लेबाजी** – कम लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज माइकल वान लिंगेन का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद निकोलास डेविन भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, जैन फ्रीलिंक ने सधी हुई बल्लेबाजी की, लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे जिससे नामीबिया की बल्लेबाजी धीमी पड़ गई। इसका खामियाजा अंत में टीम को उठाना पड़ा। फ्रीलिंक के आउट होने के बाद नीमीबिया पर दबाव बढ़ा। फ्रीलिंक 45 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक से चूक गए।

### रुबेन ट्रंपेलमैन का शानदार प्रदर्शन

इससे पहले, नामीबिया ने टॉस जीतकर ओमान को बल्लेबाजी का न्योता दिया। तेज गेंदबाज रुबेन ट्रंपेलमैन ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर ओमान को दोहरे झटके दिए और टीम की पारी लड़खड़ा दी। ट्रंपेलमैन भले ही हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, लेकिन उनकी गेंदबाजी के दम पर ही ओमान बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सका। ओमान के लिए खालीद कइल ने 34 रन और जीशान मसूद ने 22 रन बनाए जिसके दम पर टीम किसी तरह 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। ओमान की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

### अंतिम ओवर का रोमांच

नामीबिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए पांच रनों की जरूरत थी और उसके छह विकेट शेष थे। ओमान के लिए मेहरार खान गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली ही गेंद पर फ्रीलिंक को आउट किया जो सेट बल्लेबाज थे। इसके बाद जेन ग्रीन अगली गेंद पर रन नहीं ले सके और तीसरी गेंद पर मेहरार ने ग्रीन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। चौथी गेंद पर मलान क्रुगर ने एक रन लिया और स्ट्राइक डेविड विसी को दी। पांचवीं गेंद पर विसी ने दो रन लिए। अब टीम को जीत के लिए एक गेंद पर दो रन चाहिए थे। विसी गेंद मिस कर गए और गेंद विकेटकीपर के पास गई। विसी एक रन लेने के लिए दौड़े और विकेटकीपर से रन आउट मिस हो गया। इस तरह 20 ओवर की समाप्ति के बाद दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर रहा।



वेस्टइंडीज वर्सेस पीएनजी

## विश्व कप में वेस्टइंडीज की पहली जीत, पीएनजी को पांच विकेट से हराया, सेसे बाऊ की मेहनत पर फिरा पानी

**गयाना, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में पापुआ न्यू गिनी के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज सेसे बाऊ बन गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे इस खिलाड़ी ने 43 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और एक छक्का निकला। टी20 विश्व कप 2024 के तहत ग्रुप सी का पहला और दिन का दूसरा मुकाबला वेस्टइंडीज और पीएनजी के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएनजी ने सेसे बाऊ की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 136 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 137 रन बनाए। रोवमैन पॉवेल की टीम ने यह मुकाबला छह गेंदों के शेष रहते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया।

**रॉस्टन-रसल ने अंतिम ओवरों में पलटा मैच** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत झटके के साथ हुई। एली नाओ ने जॉनसन कार्ल्स को अपना शिकार बनाया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा निकोलस पूरन ने संभाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी निभाई। जॉन करिको ने विकेटकीपर बल्लेबाज पूरन को नौवें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। वह एक चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, किंग 34 रन बनाकर डगआउट को लौट गए।

टी-20 वर्ल्डकप

## आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले भारत के शीर्ष खिलाड़ियों पर भड़के पठान, दिया चौंकाने वाला बयान



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एकमात्र अभ्यास मैच में भारत ने आठ गेंदबाजों को आजमाया, जिनमें छह को सफलता मिली जबकि कुलदीप और जडेजा को कोई विकेट नहीं मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी भारतीय टीम इतने ही गेंदबाज आजमा सकती है। टी20 विश्व कप 2024 का आगाज हो चुका है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इस मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारतीय टीम के शीर्ष खिलाड़ियों पर गुस्सा जाहिर किया है। पठान ने कहा कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव का गेंदबाजी ना करना टीम को कमजोर बना रहा है। टी20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए भारतीय स्क्वॉड में अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने चार स्पिनर (शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल) और चार तेज गेंदबाजों (हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज) को टीम में शामिल किया है। इनमें शिवम, जडेजा, अक्षर और हार्दिक पार्ट टाइम गेंदबाज हैं। ऐसे में भारत के पास दो फुल टाइम स्पिनर और तीन फुल टाइम पेसर हैं।

**अभ्यास मैच में भारत ने आजमाए आठ गेंदबाज** – हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एकमात्र अभ्यास मैच में भारत ने आठ गेंदबाजों को आजमाया, जिनमें छह को सफलता मिली जबकि कुलदीप और जडेजा को कोई विकेट नहीं मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी भारतीय टीम इतने ही गेंदबाज आजमा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि कई मौकों पर यशस्वी जायसवाल भी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसी विषय में बात करते हुए पठान ने कहा, जरूरत पड़ने पर जायवाल भारत के लिए एक दो ओवर गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इससे टीम को फायदा होगा।

### इरफान ने दिया यह सुझाव

पूर्व ऑलराउंडर ने सुझाव देते हुए कहा, चयनित की गई टीम में दो संयोजन हो सकते हैं। पहला आप बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने के लिए अक्षर पटेल सहित छह गेंदबाजों के साथ खेल सकते हैं। दूसरे संयोजन के तहत आप 4 मुख्य गेंदबाजों के साथ खेल सकते हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या गेंदबाजी करेंगे।

### रोहित, विराट और सूर्या पर पठान ने कसा तंज

पठान ने आगे कहा, अगर हार्दिक 3,4 ओवर डालने में कामयाब रहते हैं तो यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। हमारे टीम के मुख्य बल्लेबाज जैसे रोहित, विराट या सूर्यकुमार यादव गेंदबाजी नहीं करते हैं। जो हमें कुछ हद तक कमजोर बना देता है। इन तीनों खिलाड़ियों में से अगर कोई एक खिलाड़ी भी गेंदबाजी करता तो इससे टीम को काफी फायदा होता।

टी-20 वर्ल्डकप

## भारतीय टीम में नहीं चुने जाने पर छलका रियान पराग का दर्द, कह डाली बड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलने वाले रियान का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में काफी अच्छा रहा था। 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2024 सीजन में 573 रन बनाए थे और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट करीब 150 का रहा था। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग का चयन टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं हुआ था। अब इसका रियान इसका दर्द छुपा नहीं पा रहे हैं और उन्होंने वैश्विक टूर्नामेंट को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। रियान से जब पूछा गया कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली शीर्ष चार टीमें कौन सी होंगी तो उन्होंने कहा कि वह इस टूर्नामेंट को देखने के इच्छुक नहीं है। रियान ने कहा कि वह उस वक्त शीर्ष चार टीम के बारे में सोचेंगे जब वह खुद इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे।



आईसीसी टी20 विश्व कप की शुरुआत अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो चुकी है। रियान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे वह शुरुआत में बता रहे हैं कि उनकी पहली पसंद भारत होगा, लेकिन बाद में उन्होंने इस बारे में बात करने से मना कर दिया कि कौन सी टीमें शीर्ष चार में पहुंचेंगी।

**मैं विश्व कप नहीं देख रहा** – पराग ने एक इंटरव्यू में कहा, शीर्ष चार टीमों की बात करना पक्षपातपूर्ण होगा, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं विश्व कप देखना भी नहीं चाहता। मैं बस अंत में देखूंगा कि कौन जीता और खुश रहूंगा। जब मैं विश्व कप खेलूंगा उस वक्त में शीर्ष चार टीमों के बारे में विचार करूंगा। हाल ही में रियान ने दावा किया था कि वह एक दिन जरूर भारतीय टीम के लिए खेलेंगे। रियान ने कहा था, एक समय आपको मुझे लेना ही होगा, यह मेरा भरोसा है कि मैं भारत के लिए खेलूंगा। यह कब होगा मुझे इसकी परवाह नहीं है।

**आईपीएल में शानदार रहा था रियान का प्रदर्शन** – आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलने वाले रियान का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में काफी अच्छा रहा था। 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2024 सीजन में 573 रन बनाए थे और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट करीब 150 का रहा था।

## मिनर्वा के 6 फुटबॉलर वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

**चंडीगढ, एजेंसी।** भारत आगामी विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत और कतर से भिड़ने के लिए तैयार है, जिसका पहला क्वालीफायर 6 जून को कोलकाता में होगा। मिनर्वा एकेडमी के 6 सॉकर स्टार्स को भी टीम में शामिल किया गया है और वे देश को सम्मान दिलाने के लिए एक बार फिर से तैयार हैं। डिफेंडर अनवर अली और नरेंद्र गहलोत, मिडफील्डर जेकसन सिंह और अनिरुद्ध थापा, और फॉरवर्ड मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह सभी मैदान पर राष्ट्रीय टीम के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। टीम इंडिया के लिए उतरने को वे तैयार हैं। अनवर अली मिनर्वा के टॉप प्लेयर्स में से एक हैं और नेशनल टीम में वे अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते रहे हैं। सेंटर बैक ने हाल ही में आईएसएल लीग शील्ड हासिल की और मैदान पर उनकी उपस्थिति कठिन विरोधियों के खिलाफ रक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण होगी। नरेंद्र गेहलोत भी उनके साथ गोच बचाने के लिए पिच पर मौजूद रहेंगे। वे एक मजबूत डिफेंडर हैं और पहले भी कई बार वे ये जिम्मेदारी निभा चुके हैं। मिडफील्ड एरिया में जैक्सन सिंह अपनी रक्षात्मक क्षमता और आक्रामक क्षमता के साथ टीम को मजबूती देंगे। जैक्सन को फीफा विश्व कप मैच में भारत के पहले गोल स्कोरर होने का गौरव प्राप्त है और चोट से उनकी वापसी से टीम के मिडफील्ड विकल्प मजबूत होंगे। उनके साथ गतिशील और रचनात्मक मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा भी होंगे। वे नेशनल टीम के मिडफील्ड एरिया में नियमित रूप से अच्छा कर रहे हैं।



संक्षिप्त समाचार

### पीएसजी का साथ छोड़ जल्द नये क्लब में शामिल होंगे किलियन एम्बाप्पे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई साल तक पीएसजी के लिए खेलने के बाद फ्रांस के युवा फुटबॉल सुपरस्टार एमबाप्पे ने एक नए क्लब से जुड़ने की योजना का खुलासा किया था। हालांकि, तब उन्होंने अपने नए क्लब का नाम नहीं बताया था। अब खबरें आ रही हैं कि वह रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे। पिछले डेढ़ साल से ही यह साफ था कि किलियन एम्बाप्पे स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे लेकिन इस पर न तो क्लब ने और न ही युवा फुटबॉलर ने कभी खुलकर बात की। जानकारी के अनुसार, रियल मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा जल्द की जाने वाली है। स्पेनिश आउटलेट मार्का की एक रिपोर्ट के अनुसार, किलियन एम्बाप्पे के जुड़ने की घोषणा सोमवार या हद से हद मंगलवार तक की जाएगी। क्लब ने फ्रांसीसी खिलाड़ी के आगमन की घोषणा करने के लिए अपने अभियान की समाप्ति का इंतजार किया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमबाप्पे जुलाई में सैंटियागो बर्नब्यू में रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें देरी का कारण यह है कि एमबाप्पे वर्तमान में अपनी नेशनल टीम के प्रशिक्षण शिविर में आगामी यूरो के लिए तैयारी कर रहे हैं। फ्रांस 15 जून से शुरू होने वाली एक महीने की प्रतियोगिता के लिए जर्मनी की यात्रा करने से पहले दो फ्रेंडली मैचों में लक्ज़मबर्ग और कनाडा के खिलाफ खेलेगा। 2018 का विश्व चैंपियन रहा फ्रांस टूर्नामेंट के फेवरेट्स में से एक है। उसे ग्रुप चरणों में एक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि वह पोलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया के साथ ग्रुप डी में है। दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉल क्लब में से एक रियल मैड्रिड ने 1 जून को यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वीं बार यह टाइटल जीता और इसके एक दिन बाद ही किलियन एमबाप्पे के इस क्लब में शामिल होने की खबर पर आखिरी मुहर लग गई।

### कमिंस का लगेज चोरी, मैक्सवेल और स्टार्क की फ्लाइट लेट

- बड़ी मुश्किल से बारबाडोस पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच की तैयारियों में जुटी है, लेकिन टीम के कई प्रमुख खिलाड़ियों को बारबाडोस में टीम से जुड़ने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस सफर में कमिंस का सामान ही चोरी हो गया। वहीं, स्टार्क और मैक्सवेल भी जैसे-तैसे बारबाडोस पहुंचे। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को इस सफर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कमिंस की बारबाडोस तक की यात्रा पूरे दो दिनों में पूरी हुई। एश्टन एगर ने मीडिया से कहा, 卐कई खिलाड़ी आईपीएल में भारत में लंबे समय तक रहे हैं, उनमें से कुछ ने तो 48 घंटे घर पर भी बिताए हैं, इसलिए ऐसा ब्रेक खिलाड़ी को थोड़ी राहत और ताजगी देता है। इस बीच, स्टार्क और मैक्सवेल को फ्लाइट में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें लॉस एंजिल्स और मियामी में रात भर रुकना पड़ा। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उनका क्रिकेट किट अभ्यास मैच के लिए त्रिनिदाद नहीं पहुंचा। यही वजह थी कि वो वेस्टइंडीज के खिलाफ वॉर्म-अप मैच नहीं खेल पाए। हालांकि, टीम इन तमाम मुश्किलों के बाद भी अपने विश्व कप लक्ष्यों से पीछे नहीं हटी है। इन तमाम चुनौतियों के अगले दिन, एश्टन एगर और अन्य चार खिलाड़ियों ने सेंट फिलिप के दक्षिण पूर्वी पेरिस में स्थित विंडवार्ड क्रिकेट क्लब में एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 6 जून को ओमान के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन, बारबाडोस में शुरू करेगा। इसके बाद उनका अगला मैच 9 जून को इंग्लैंड के साथ होगा। ऑस्ट्रेलिया के पास दोनों अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों की कमी थी और उनकी 15 सदस्यीय टीम में से केवल 9 खिलाड़ी ही उपलब्ध थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी-उमा भारती



**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर बड़ा दावा किया है। उमा भारती का अनुमान है कि भाजपा एग्जिट पोल की भविष्यवाणी से कहीं अधिक सीटें जीतने जा रही है। हिमालय में लंबे प्रवास से लौटीं उमा भारती ने कहा है कि भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। गौरतलब है कि इस बार भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। उन्होंने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और उन्हें मसीहाई करिश्मे वाला प्रधानमंत्री बताया। उमा भारती ने काउंटिंग से एक दिन पहले सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा की प्रचंड जीत का भरोसा जताया। उमा भारती का कहना है कि हिमालय पर देशभर से आने वाले लोगों की मुलाकात के बाद उन्हें यह अनुमान हुआ है। उन्होंने लिखा, परसों एग्जिट पोल आया, उनके जो भी अनुमान हैं किंतु मेरा अनुमान साढ़े चार सौ से कम नहीं हो सकता। मैं अभी लगभग ढाई महीने हिमालय के प्रवास पर रही हूं। वहां विभिन्न राज्यों के तीर्थ यात्री और साधु संत मिले, वह मोदी जी के अलावा दूसरा नाम लेते ही नहीं थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और कन्याकुमारी में उनके तप को लेकर कहा कि इसे कोई अलौकिक व्यक्ति ही कर सकता है। उमा ने कहा कि मोदी जी ने कन्याकुमारी में जिस तरह से तप किया, यह एक अलौकिक व्यक्ति ही कर सकता है। आजादी के बाद भगवान की दया से भारत को एक मसीहाई करिश्मे वाला प्रधानमंत्री मिल ही गया। उन्होंने आगे कहा, जिस तरह से मोदी जी ने बनारस में भावुकता के साथ गंगा जी की तुलना अपनी मां से की उससे मुझे भरोसा हो गया कि अविरल-निर्मल गंगा का मेरा सपना साकार रूप धारण करेगा। पूर्व सीएम ने कहा, नदी जोड़ो योजना का मॉडल लिंक केन-बेतवा का मेरा सपना भी साकार होगा, इसीलिए मैं अपने प्रधानमंत्री जी पर विश्वास एवं अपने सपने साकार होने की उम्मीद से आनंदित एवं निश्चिंत हूं।

### आंधी-तूफान ने मचाया कहर, 100 से ज्यादा पेड़ गिरे, रायगढ़ में 20 घंटे से बिजली बंद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार देर शाम आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर बिजली के पोल के टूटने और पेड़ों की डालियों के बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई। इससे पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। आंधी तूफान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुई है। शनिवार देर शाम रायगढ़ जिले में आए आंधी तूफान ने बिजली विभाग के प्री मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। शाम सात बजे से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का बुरा हाल है। घरों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। पिछले 20 घंटे से बिजली के अभाव के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग कल रात से ही सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। सीएसईबी के एसई मनीष तनेजा ने बताया कि आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई। करीब 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों पर गिर गए हैं, जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर में छह फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है। अभी करीब 70 लोगों की टीम बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है। चक्रधर नगर, पॉलीटेक्निक के सामने, टीवी टावर रोड पर अधिक संख्या में पेड़ गिरे हैं।

# दिल्ली में गर्मी से हाहाकार, अस्पताल में बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या, चार लोगों ने तोड़ा दम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक की वजह से बेहोशी की हालत में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। पिछले कुछ दिनों में गर्मी की वजह से चार बड़े अस्पतालों में 26 लोग इसकी वजह से भर्ती हुए हैं। वहीं, चार लोगों की इलाज के दौरान अब तक मौत हो चुकी है। सभी लू लगने के कारण हीट स्ट्रोक के शिकार हुए थे।

गर्मी की वजह से शनिवार को लोकनायक अस्पताल में 31 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि भजनपुरा के रहने वाले व्यक्ति की शनिवार रात को तीन बजे जान चली गई। इस व्यक्ति को शुक्रवार रात को उनके अस्पताल में लाया गया था। इस दौरान वह बेहोशी की स्थिति में था। वह शराब बहुत पीता था और तेज धूप में चलते हुए अचानक गिर गया था। इसके बाद उसे अस्पताल



की इमरजेंसी में लाया गया। मरीज की हालत को देखते हुए उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया, लेकिन कुछ समय बाद उसकी जान चली गई। लोकनायक में अभी तक चार मरीजों को हीट स्ट्रोक की वजह से भर्ती किया गया था। इनमें से दो को छुट्टी मिल चुकी है, एक की मौत हो गई और एक अभी भी भर्ती है। इससे पहले सफदरजंग अस्पताल में मालवीय नगर के रहने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति की हीट स्ट्रोक की वजह से मौत हो गई। उसके शरीर का तापमान बहुत अधिक था और वह बेहोशी की हालत में था। वह पहले से ही मधुमेह से पीड़ित था। अस्पताल में शुक्रवार को भी एक व्यक्ति की जान चली गई थी। अभी तक यहां हीट स्ट्रोक की वजह से दो लोगों की जान जा चुकी है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी एक व्यक्ति की गर्मी के कारण मौत हो गई थी।

दिल्ली के सफदरजंग संस्थान में अभी तक हीट स्ट्रोक की वजह से 14 लोगों को भर्ती किया गया था। इनमें दो की मौत हो गई और पांच अन्य का इलाज चल रहा है और सात को छुट्टी दी जा चुकी है। लोकनायक अस्पताल में भी हीट स्ट्रोक की वजह से अभी तक चार मरीज भर्ती किया जा चुके हैं। वहीं, राम मनोहर लोहिया में भी पांच मरीजों को हीट स्ट्रोक की वजह से भर्ती किया जा चुका है। इनमें एक की मौत हो गई थी। उधर, दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में हीट स्ट्रोक की वजह से तीन लोगों को भर्ती किया जा चुका है।

## सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ीं, पानीपत कोर्ट ने जारी किया नोटिस, दो जुलाई को पेशी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। उसके पाकिस्तान निवासी पति गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने पानीपत जिला कोर्ट में केस दायर किया है। इसमें सीमा हैदर, रबुपुरा के थाना प्रभारी के साथ यू-ट्यूब, फेसबुक, गुगल, इंस्टाग्राम को भी पार्टी बनाया है। कोर्ट ने सभी को नोटिस जारी किया है। सभी को दो जुलाई को पेश होना होगा। जानकारी के मुताबिक, सीमा हैदर ने गुलाम हैदर को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की है। वकील मोमिन मलिक ने गुलाम हैदर की मांग पर फैमिली कोर्ट में शादी को चुनौती दी थी, जिसमें गुलाम हैदर के कागजों के आधार पर सीमा हैदर को जमानत मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा हैदर ने अपने वकील के माध्यम उनको बदनाम करने की कोशिश की वकील मोमिन मलिक ने इस मामले में जिला कोर्ट में क्रिमिनल केस दायर किया है, जिसमें सोशल मीडिया पर उनकी छवि को खराब करने का आरोप लगाया है।

## एग्जिट पोल से ज्यादा मिलेंगी सीटें, नतीजों से पहले रामदास आठवले की भविष्यवाणी

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से ज्यादा लोकसभा सीट मिलेंगी। आठवले ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। 'एग्जिट पोल' में शनिवार को अनुमान लगाया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे तथा भाजपा-नीत राजग को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने की उम्मीद है। 'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' ने अपने सर्वेक्षण में राजग को 361-401 सीट मिलने की संभावना जताई है। उसका अनुमान है कि 'इंडिया' गठबंधन को 131-166 सीट से संतोष करना पड़ेगा।

'एबीपी-सी वोटर' ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए 353-383 सीट और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के लिए 152-182 सीट का अनुमान लगाया है। 'टुडेज़ चाणक्य' ने 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा और उसके गठबंधन के लिए कहीं अधिक सीट मिलने की भविष्यवाणी की है। इसने भाजपा को 335 सीट और राजग को 400 सीट दी हैं। इसने विपक्षी गठबंधन को 107 सीट दी हैं ।

## आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती को मुंडवा लेना चाहिए अपना सिर-अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती पर रविवार को निशाना साधा। विज ने कहा कि भारती को अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए, क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वह एग्जिट पोल पर न्यूज एजेंसी बातचीत कर रहे थे। अनिल विज ने कहा, एग्जिट पोल से ऐसे रुझान मिल रहे हैं कि बीजेपी की सरकार बनने वाली है। एग्जिट पोल के आंकड़ों में अभी भी अंतर है, हम तो 400 के पार जाने वाले हैं। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में हम सभी 10 सीटें जीतने जा रहे हैं।

अनिल विज ने इस दौरान आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, सोमनाथ भारती को अब अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दरअसल, आप लीडर ने शनिवार को कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे।

# गाजियाबाद के होटल में चल रहा था सेक्स बाजार, पुलिस ने 4 को दबोचा, छुड़ाई गईं महिलाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
शक्तिखंड चार स्थित एक एक होटल में देह व्यापार की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार युवकों को आपत्तिजनक वस्तुओं के साथ गिरफ्तार करते हुए तीन महिलाओं को मुक्त कराया गया। महिलाओं से डरा-धमकाकर होटल संचालक देह व्यापार करा रहा था। कार्रवाई के दौरान होटल मालिक छत के रास्ते फरार हो गया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि डायल 112 हेल्पलाइन के जरिए सूचना मिली कि शक्तिखंड चार स्थित होटल क्यूबी इन में महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है।

मामला संज्ञान में आते ही एसीपी इंदिरापुरम के नेतृव में पुलिस टीम ने शनिवार रात छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस टीम ने लक्ष्य निवासी अशोक नगर दिल्ली, अविनाश निवासी गौतमबुद्धनगर, राहुल कुमार निवासी विवेक विहार दिल्ली व गौरव यादव निवासी



शिवपुरी विजयनगर को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपी कमरों में महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में मिले। कुछ ऐसी ही चीजें भी मिली हैं, जिन्हें जब्त किया गया है। होटल संचालक आनंद कुमार छत के रास्ते फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि होटल में नौकरी की तलाश में आने वाली महिलाओं को होटल संचालक अपनी बातों में उलझाने और बहला-फुसलाकर उनकी कुछ आपत्तिजनक वीडियो बना लेता था। फिर इन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए उन्हें देह व्यापार के धंधे में लगा देता था। उक्त महिलाओं को ग्राहकों से वसूले गए पैसों में से 15-20 फीसदी हिस्सा ही दिया जाता था।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह होटल कुछ दिन पहले ही खोला गया था। आबादी के बीच छोटे से मकान में चल रहे इस होटल को लेकर स्थानीय लोगों ने शुरुआत में विरोध किया था, लेकिन संचालक नहीं माना। लोगों का कहना है कि यहां दिन भर युवक-युवती आते-जाते रहते थे, जिससे माहौल खराब हो रहा था। इससे लोग काफी परेशान थे। इस बारे में सोशल मीडिया पर भी लोगों ने शिकायत की थी। एसीपी का कहना है कि मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# भूकंप के झटकों से दहल उठा जापान का इशिकावा क्षेत्र, ट्रेन सेवाएं निलंबित

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान का उत्तर मध्य क्षेत्र इशिकावा सोमवार को फिर भूकंप के झटकों से दहल उठा, हालांकि इस प्राकृतिक आपदा से मामूली नुकसान की खबर है। जापान का यह क्षेत्र एक जनवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से हुई तबाही से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 4.8 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया और फिर अगले दो घंटे में कम तीव्रता वाले भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी के मुताबिक, फिलहाल सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

अग्निशमन और आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, वाजिमा शहर में एक जनवरी को आए भूकंप से क्षतिग्रस्त हुए दो मकान आज आए भूकंप की वजह से ढह गये लेकिन अब तक किसी के घायल होने या फिर अन्य प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। एजेंसी के भूकंप विज्ञान एवं सुनामी विभाग के अधिकारी सतोषी हरादा ने बताया कि सोमवार को आया भूकंप एक जनवरी को आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के बाद का झटका हो सकता है। भूकंप के झटके भले ही हल्के रहे लेकिन हरादा ने क्षेत्र की जनता से सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने विशेषतौर पर उन लोगों से सावधानी बरतने को कहा है जो पहले आए भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुई इमारतों के निकट रह रहे हैं।

वेस्ट जापान रेलवे कंपनी के मुताबिक, शिंकानसेन सुपर-एक्सप्रेस ट्रेन और अन्य ट्रेन सेवाओं को सुरक्षा जांच के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया, लेकिन उनमें से अधिकतर को फिर से शुरू कर दिया गया। परमाणु विनियमन



प्राधिकरण ने बताया कि क्षेत्र के निकट दो परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। प्राधिकरण के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप में स्थित शिका संयंत्र को मामूली क्षति हुई है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि भूकंप से दो रिएक्टरों के शीतलन कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ा। वहीं होकुरिकु बिजली कंपनी ने बताया कि कहीं पर भी बिजली नहीं काटी गयी।

## जेलेंस्की का आरोप, चीन और रूस पैदा कर रहे वैश्विक शांति सम्मेलन में रुकावट

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर चीन की मदद से वैश्विक शांति सम्मेलन में रुकावट पैदा करने का आरोप लगाया है। जेलेंस्की एशिया के अलग-अलग देशों में क्षेत्रीय नेताओं को इस शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए निकले हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रपति सोमवार को फिलीपीन में थे। यह सम्मेलन यूक्रेन में चल रहे युद्ध की स्थिति पर स्विटजरलैंड द्वारा आयोजित किया जा रहा है ताकि दुनिया भर के नेताओं का ध्यान शांति की तरफ खींचा जा सके। जेलेंस्की रविवार देर रात कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में 'शंगरी-ला डिफेंस फोरम' में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी।



मुलाकात नहीं हो पाने के कारण उन्होंने व्यक्तिगत रूप से फिलीपीन जाकर मर्कोस को न्योता देने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। फिलीपीन और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी। इस सम्मेलन में अमेरिका और चीन समेत दुनियाभर के शीर्ष रक्षा और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। यह सम्मेलन गाजा और यूक्रेन में युद्ध के बीच और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका तथा चीन में प्रभुत्व की प्रतिद्वंद्विता एवं बढ़ते तनाव के बीच आयोजित किया गया था। जेलेंस्की ने रविवार को सिंगापुर में एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि चीन अन्य देशों और उनके नेताओं पर स्विट्जरलैंड में आयोजित शांति सम्मेलन में शामिल नहीं होने के लिए दबाव बना रहा है। इसका उद्देश्य रूस की दबे-छुपे तरीके से मदद करना है ताकि यूद्ध के स्तर पर यूक्रेन को कमजोर किया जा सके।

# श्रीलंका में भारी बारिश से 15 मौते, पांच हजार परिवार और 19000 लोग बेघर

**कोलंबो, एजेंसी।**
श्रीलंका में भारी बारिश का दौर जारी है। श्रीलंका में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में करीब 15 लोगों की मौत हो गई। बारिश के कारण पांच हजार से अधिक परिवार और 19 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि राजधानी कोलंबो सहित सात जिलों में लोगों की मौतें हुई हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के कारण अचानक कई शहरों में बाढ़ आ गई। साथ ही वहां, कई पेड़ उखड़ गए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। यहां कई क्षेत्रों में बिजली भी गिरी और भूस्खलन हुआ। बारिश के कारण 25 प्रशासनिक जिलों में से 20 जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। 4000 से अधिक घरों को आंशिक क्षति हुई है। जबकि 28 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं।

श्रीलंकाई सेना ने बचाव अभियान के लिए नावों से लैस सात टीमों को तैनात किया है। वायुसेना ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल



आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए तीन हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। आगे और बारिश और बाढ़ की आशंका के चलते शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को पूरे देश के सभी स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। एहतियात के तौर पर बिजली और ऊर्जा मंत्रालय ने कई इलाकों में बिजली आपूर्ति रोक दी है। नेशनल बिल्डिंग रिसर्च सेंटर ने चार जिलों में भूस्खलन के लिए रेड नोटिस जारी किए हैं।

## शख्स ने सोने का हार लूटने के लिए छह साल की बच्ची का गला घोंटा, तलाश में पुलिस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक शख्स ने डकैती के दौरान एक छह साल की बच्ची का गला घोंट दिया था। अब पुलिस आरोपी शख्स की तलाश कर रही है। उसने संदिग्ध की तस्वीरें साझा की हैं। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध ने 29 मई को क्राउन हाइट्स में ईस्टर्न पार्कवे और राल्फ एवेन्यू के पास स्थित अपार्टमेंट में एक 14 साल की बच्ची और उसकी छोटी बहन से लूटपाट की। 14 साल की बच्ची ने बताया कि संदिग्ध ने स्कूल से घर तक उनका पीछा किया। बाद में बिल्डिंग के मुख्य गेट से उनका पीछा किया और लॉबी में उन्हें घेर लिया। बच्ची ने बताया, मैं अपनी छह साल की बहन को स्कूल से घर ला रही थी। तभी एक शख्स पीछे आता हुआ दिखाई दिया। थोड़ी देर बाद शख्स ने मुझसे हार मांगा। जब हमने मना कर दिया, तो उसने मेरा गला दबा दिया और मेरी छोटी बहन नेजब यह देखा तो वह डर गई और चिल्लाने लगी। मेरे पास समय नहीं था। मैं कुछ नहीं कर सकी। मैंने केवल अपनी बहन को देखा और वह चिल्ला रही थी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने एक हाथ से छोटी बच्ची का गला घोंट दिया और दूसरे हाथ से उसका हार खींच लिया। उसने बड़ी लड़की के गहने भी छीन लिए और फिर मौके से फरार हो गया। बच्ची से छिना गया हार उसकी मां ने जन्मदिन पर उपहार में दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129